रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 31.7 | 24.9 |
| जमशेदपुर | 34.1 | 24.0 |
| डालटनगंज | 32.5 | 24.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

www.lagatar.in | रांची, गुरुवार 10 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल पक्ष 08, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 182 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

झारखंड की जनता को भाजपा के पांच बड़े वचन

## पंचप्रण

**21 लाख**
**झारखंडवासियों को**
पक्का घर, मुफ्त बालू,
जल कनेक्शन

**₹2000**
प्रति माह
स्नातक/ स्नातकोत्तर
युवाओं को
**प्रोत्साहन राशि**

घर साकार 5

युवा साथी 1

लक्ष्मी जोहार 4

सुनिश्चित रोजगार 2
नियुक्ति APPOINTED पत्र

3
गोगो दीदी योजना

**₹500**
में गैस सिलेंडर
साल में
**2 सिलेंडर**
मुफ्त

**2.87 लाख**
सरकारी
रिक्त पदों पर भर्ती;
**5 लाख**
स्वरोजगार सृजन;
जॉब कैलेंडर जारी;
समय पर
नियुक्ति पत्र
हस्तांतरण

**₹2100** हर महीने
**₹25000+** हर साल
सभी महिलाओं को



रोटी बेटी माटी की पुकार
झारखंड में आ रही भाजपा सरकार

भारतीय जनता पार्टी-झारखंड प्रदेश

## झारखंड विधानसभा: झामुमो अकेले ही चुनावी जंग में कूदा, कल्पना संग सीएम हेमंत सोरेन ने झोंकी पूरी ताकत

# कांग्रेस कर रही खानापूर्ति, कहीं ले न डूबे झामुमो को

**संजय सिंह।रांची**

झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा दशहरा बाद कभी हो सकती है. विस चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ इंडी गंठबंधन सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन पत्नी संग लगा रहे हैं जोर.जनहित में सरकार के स्तर पर एक से बढ़ कर योजनाओं की शुरुआत कर लोगों के बीच लगातार पकड़ मजबूत कर रहे हैं. गठबंधन में शामिल वाम दल अपने प्रभाव क्षेत्र में लगातार तैयारी में जुटे हैं और अभियान भी चला रहे हैं. वहीं दूसरी ओर सहयोगी कांग्रेस और राजद की वैसी कोई तैयारी नजर नहीं आती है. ऐसा लगता ही नहीं कि कांग्रेस चुनावी मोड आयी है. पार्टी के नेता राष्ट्रीय पार्टी का हवाला देते हुए ज्यादा से ज्यादा सीटें हथियाने के चक्कर में हैं और पार्टी के दूसरे नेता व कार्यकर्ता पार्टी का सिंबबल हथियान के लिए गेटिंग-सेटिंग में लगे हैं. चुनावी अभियान के नाम संवाद कार्यक्रम तो हुआ, प्रमंडल स्तर पर प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने लोगों से संवाद किया, लेकिन इसमें उतना जोश-खरोश नहीं दिखा, जैसा प्रत्याशी चयन के मकसद से दिल्ली से आयी टीम के सामने नेता-कार्यकर्ताओं की धमाचौकड़ी मची थी.

**टिकट के लिए दिल्ली से कश्मीर तक भागाभागी :** कांग्रेस के जितने नेता टिकट के लिए दावेदारी कर रहे हैं और रांची से दिल्ली होते हुए कश्मीर तक दौड़-भाग कर रहे हैं, उतने नेता यहां फील्ड में किसी तरह की तैयारी करते नहीं दिख रहे हैं. वैसे टिकट के जितने भी दावेदार मिलते हैं, सभी यही कहते हैं फील्ड में उन्होंने ढेरे काम किया है, जनता भी जानती पहचानती है. सभी खुद को जनता से करीब बताते हैं, ऐसे में उन्हें फील्ड में अभी वैसी तैयारी की जरूरत नहीं नजर आती है. वैसे पहले गठबंधन में सीट शेयरिंग पर तो चर्चा हो जाए, कौन-कौन सी सीट पार्टी के खाते में आती है, उसके बाद ही जोर लगाया जाएगा. इंडी गठबंधन सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर झामुमो माइलेज ले रहा है, लेकिन कांग्रेस इसमें भी फिसड्डी साबित हो रही है. कांग्रेस न तो सरकार द्वारा किये कार्यों का श्रेय ही ले पा रही है और दमदार ढंग से चुनाव प्रचार में उतर पा रही है. वहीं दूसरी ओर झारखंड की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा तो लगातार सरकार पर निशाना साध ही रही है, लेकिन झामुमो भी निशाने पर है, लेकिन उससे भी ज्यादा भाजपा के निशाने पर कांग्रेस ही है. भाजपा तो यहां तक आरोप लगा रही है कि कांग्रेस के कारण ही झामुमो बरबाद हो गया है, लेकिन कांग्रेस के बयानवीर सिर्फ विज्ञप्ति जारी कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री समक्ष लेते हैं.

**एक से बढ़कर एक पात्र, बतौलेबाजी में आगे-आगे :** कांग्रेस में सक्रिय कई नेता सिर्फ बतौलेबाजी में ही ज्यादा समय बिता देते हैं. कांग्रेस के बयानवीर को कब किस मुद्दे पर क्या बोलना है, यह भी नहीं पता होता. एक दो प्नवक्ता मुंजनी-शांति जी तो हैं, लेकिन ई दोनों लोग विज्ञप्ति या बयान जारी तो करते हैं, लेकिन लगता ही नहीं कि अपने वरीय ननेताओं से किसी मुद्दे पर बातचीत की हो या चर्चा कर बयान जारी किया हो. ये दोनों महोदय झारखंड के लोकल मुद्दों पर कम नेशनल इश्यु पर ज्यादा बकवास बयानबाजी करते हैं. झारखंड स्तर के मुद्दों पर कुछ बोल ही नहीं पाते. लेकिन ठीक इसके विपरीत झारखंड के प्रमुख विपक्षी दल के प्रवक्ता व नेता लगातार सरकार, कांग्रेस पर हमले करते रहते हैं, लेकिन बचाव में कांग्रेस के प्रवक्ता न तो कुछ बोल ही नहीं पाते और न कुछ स्पष्ट ही कर पाते है. उधर झामुमो या कांग्रेस के नेता या प्रवक्ता जैसे ही विपक्षी भाजपा पर राष्ट्रीय या झारकंड स्तर पर कोई आरोप लगाते हैं, तो विपक्षी भाजपा का मीडिया सेल और इसके प्रवक्ता तत्काल उसका जवाब देकर न सिर्फ काउंटर करते हैं, बल्कि कांग्रेस को कठघरे में खड़ा कर देते. हाल ही में कांग्रेस के ऑब्जर्बर झारखंड के अलग-अलग इलाकों का दौरा कर टिकट के दावेदारों से मिल रहे थे, लेकिन कांग्रेस के प्रवक्ता इसके बारी में सटीक जानकारी भी नहीं दे पा रहे थे. पूछने पर कहते थे- हम का करें, देखिए न वहां का एगो नेता का नंबर देते हैं, उसी से बात कर लीजिए न भैया. हमलोगों को यहां कोई कुछों फीडबैक नहीं देता है. वहीं एक प्रवक्ता तो साथे-साथे गूम रहे थे, लेकिन पार्टी की गतिविधयों को प्रचार प्रसाद कर माइलेज लेने में तनिक भी दिलचस्पी न थी. ऐसा लता था महोदय ऑब्जर्बर लोगों के साथ पिकनिक मानने निकले हो.

**प्रभारी मीर का प्रचार करने और बधाई देने पहुंच गये :** कांग्रेस में टिकट की दौड़ में शामिल नेताओं की तो अजब-गजब दास्तान है. झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर कश्मीर के डोरू से चुनावी अखाड़े में थे. कश्मीर के कांग्रेस नेता उनके लिए प्रचार में जुटे ही थे, लेकिन झारखंड से लगभग दो दर्जन टिकट के आकांक्षी नेता उनकी नजरों में आने के लिए उनके क्षेत्र में बिन बुलाये मेहमान की तरह प्रचार करने के बहाने कश्मीर में की ठंड वादियों की सैर करने पहुंच गये थे. खैर मीर साहेब करीब 27 हजार वोटों से जीत गये, तो जो टिकट की प्रत्याशी में उनके प्रचार में गये थे, वैसे सारे नेता कॉलर उठा के घूम रहे हैं. दावा है- झारखंड के नेताओं की मेहनत ने रंग लाया. अब यहां तक तो ठीक था, लेकिन मीर साहेब की जो जीत की बधाई के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित कई नेता उनके पास कश्मीर पहुंच गये. ऐसे नेता झारखंड में चुनाव को लेकर जोर लगाने के बजाय प्रभारी के ईर्द-गिर्द ही मंडरा रहे हैं, जबकि विपक्षी भाजपा दिल्ली से लेकर झारखंड तक कांग्रेस पर ताबड़तोड़ हमले कर रही है.

**ये देखिए...मीर को बधाई देने कश्मीर पहुंचे कमलेश व अन्य नेता**



**अजब कांग्रेस की गजब दास्तान**

### फील्ड में जमीन ही तैयार नहीं, टिकट के लिए हांफ रहे हैं...

एक-एक सीट से दर्जन-दो दर्जन नेताओं की दावेदारी सामने आयी. नेता मोटी-मोटी फाइल लिए ऑब्जर्बर के सामने प्रस्तुत होते रहे, दावा ठोंकते रहे, खुद को सबसे बेहतर बताते रहे. टिकट के दावेदारों में ऐसे कई चेहरे सामने आये, जिन्हें खुद ही उनकी पार्टी के ही दूसरे नेता-कार्यकर्ता पहचानते तक नहीं. वैसे कई ऐसे नेता भी दिखे, जो हैं तो काफी पुराने, लेकिन कांग्रेसी साथियों के लुर-लक्षण के कारण पार्टी की गतिविधियों से खुद को किनारे कर लिया है. कभी कभार किसी कार्यक्रम में दिख गए, तो बहुत है. उनको इस बात का मलाल है कि न पार्टी पहले जैसी रही और न पहले की तरह नेता-कार्यकर्ता. पार्टी में तो नेताओं का एक तबका ऐसा भी है, जो अपनी पार्टी के ही बाहर से आये नेताओं को मुर्गा बना कर काटने के चक्कर में लगा रहता है. ऐसे नेताओं को जमघट श्रद्धानंद रोड स्थित पार्टी के दफ्तर में दिख जाता है. यहां सालो भर बरामदा समिति आबादी रहती है. बतौलेबाजी, अपनी पार्टी के बड़े नेताओं की छीछालेदर तक करते रहते हैं. किसी को भी भ्रष्ट की उपाधि सेंकेंड भर में दे देते हैं.

**जिसे अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित किया था, उसे ही सौंपी जिम्मेवारी**



### दो-दो मुख्य प्रवक्ता रहते हैं स्विच ऑफ

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने दो नेताओं संजय पांडेय और लालकिशोर नाथ शाहदेव को मुख्य प्रवक्ता की जिम्मेवारी सौंपी है. अब देखिए दोनों मुख्य प्रवक्ता का हाल. संजय पांडेय जी के मोाइल पर रिंग करते रहिए, उठाएंगे ही नहीं. शाहदेव साहब तो राजा साहब ही हैं, उनका मोबाइल स्विच ऑफ. एक आदरणीय राकेश सिन्हा जी भी हैं. इनका मोबाइल भी स्विच ऑफ मिला. बाद में वाट्स ऐप कॉल पर बात हो सकी. संतीश पाल मुंजनी और सोनल शांति रूटीन की विज्ञप्ति जारी कर देते हैं. इनका पार्टी के नेताओं से कोई तालमेल हीं नहीं. ऐसे चल रहा कांग्रेस का मीडिया सेल.

हाल ही में कांग्रेस ने दो मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किए हैं. संजय पांडेय जी ने युवा कांग्रेस से राजनीति शुरू की. प्रदेश युवा कांग्रेस में जिम्मेवारी संभाली, रांची नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे, लेकिन उसके बाद काफी दिनों तक सक्रिय राजनीति से दूर रहे. यानि सुसुप्तावस्था में चले गये थे. लेकिन गेटिंग-सेटिंग में माहिर पांडेय अचानक अवतरित हुए और सीधे मुख्य प्रवक्ता बना दिए गए गए. उधर दूसरे मुख्य प्रवक्ता लालकिशोर नाथ शाहदेव हैं. ये उसी तीन मुड़िया कमेटी के सदस्य रहे हैं, जिन्होंने तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के खिलाफ मोर्चा खोला था. इन्हें वर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अगुवाई वाली अनुसासन समिति ने शो-कॉज जारी किया था, लेकिन इन्होंने न जवाब दिया था और न अनुशासन समिति के समक्ष अपना पक्ष ही रखने गये थे. बाद में तीन मुड़िया फेमिली के दो अन्य सदस्यों आलोक दुबे व डॉ राजेश गुप्ता छोटू के साथ इन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया गया था. जिन्हें अनुशासन तोड़ने के आरोप में निलंबित किया गया था, अचानक मीर कृपा से उनका निलंबन वापस हुआ और शाहदेव मुख्य प्रवक्ता नियुक्त कर दिए गए. दुबे हटिया से टिकट की भी दावेदारी कर रहे हैं, जबकि राजेश गुप्ता छोटू रांची से चुनाव लड़ना चाहते हैं. शाहदेव भी हटिया से दावा ठोके हैं, लेकिन अईसेही. सीरियस नहीं हैं.

---

# जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा: हाईकोर्ट पहुंची जनहित याचिका, परीक्षा रद्द करने की मांग

**विनित आभा उपाध्याय ।रांची**

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा 21 और 22 सितंबर, 2024 को आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता (सीजीएल) परीक्षा को लेकर गंभीर आरोप लग रहे हैं. परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली होने के आरोप में एक जनहित याचिका झारखंड उच्च न्यायालय में दायर की गई है. याचिकाकर्ता प्रकाश कुमार ने आरोप लगाया है कि परीक्षा में व्यापक धांधली हुई है और उनके पास इस बात के ठोस प्रमाण हैं. याचिका में परीक्षा को पूरी तरह से रद्द करने, सीबीआई जांच शुरू करने या फिर उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की एक समिति द्वारा मामले की जांच करने की मांग की गई है. याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में तर्क दिया है कि परीक्षा में धांधली के व्यापक प्रमाण मौजूद हैं, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठते हैं.

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएसी) द्वारा आयोजित यह महत्वपूर्ण परीक्षा राज्य के 823 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी. इसमें झारखंड और आसपास के राज्यों के लगभग तीन लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे. परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए सरकार ने दो दिनों तक राज्य में इंटरनेट सेवाएं भी बंद रखी थीं.

हालांकि, परीक्षा के बाद से ही व्यापक धांधली के आरोप लग रहे हैं. विपक्षी राजनीतिक दलों और छात्र संगठनों ने लगातार परीक्षा में धांधली होने की शिकायत की है. इससे जुड़े कई छात्र संगठनों ने जेएसएससी कार्यालय का घेराव किया था. इसके बाद, कुछ छात्रों के खिलाफ थाने में नामजद प्राथमिकी भी दर्ज की गई है.

**याचिका में उठाए गए मुख्य बिंदु**

- धांधली के आरोपः याचिका में धांधली के आरोप लगाए गए हैं.
- रद्द करने की मांगः याचिका में परीक्षा को पूर्ण रूप से रद्द करने की मांग की गई है.
- निष्पक्षता पर सवालः याचिका में परीक्षा की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं.

# झारखंड के आजमीन-ए-हज को 21 तक जमा करनी है अग्रिम राशि

**संवाददाता।रांची**

झारखंड राज्य से हज 2025 में जाने वाले आजमीनों को 21 अक्टूबर तक हज यात्रा की अग्रिम हज राशि 1.30,300 लाख रुपये जमा करना है. राशि जमा करने के लिये हज कमेटी ऑफ इंडिया का पे-स्लिप एवं बैंक रिफरेंस नंबर का इस्तेमाल करना अनिवार्या है. यह राशि हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई के खाते में जमा करना होगा. झारखंड से वर्ष 2025 में जाने वाले आजमीन ए हज से कहा गया है कि राशि जमा करने के बाद हज संबंधित दस्तावेज भी जमा करें. हज कमेटी कार्यपालक पदाधिकारी आफताब अहमद ने कहा कि हज से संबंधित दस्तावेद झारखंड राज्य हज समिति के कार्यालय में जमा किये जायेंगे. 23 अक्टूबर की संध्या 4 बजे तक दस्तावेज जमा करने हैं. आजमीन ए हज को समय का ख्याल करते हुए अपने हज संबंधित दस्तावेजों को जमा कर देना है. ताकि आगे की कार्यवाई समय के अनुसार पूरी की जा सके.

**आजमीन-ए-हज को दस्तावेज में ये देना है**

हज आवेदन पत्र, गंभीर घोषणा व वचनबद्धता, जमा भुगता पर्ची, ऑनलाईन रसीद की एक प्रति, मेडिकल स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, वेबसाइट हज कमेटी उपलब्धता प्ररूप के अनुसार पासपोर्ट की सत्यापित प्रति देना है.

## तमाड़िया जाति के हैं, नौकरी पाने के लिए दिया था मुंडा जाति का प्रमाण पत्र

# जेपीएससी सेकेंड बैच के अफसर को गलत जाति प्रमाण पत्र देना पड़ा महंगा, हो गए बर्खास्त

**प्रमुख संवाददाता।रांची**

जेपीएससी सेकेंड बैच के अफसर कानू राम नाग को गलत जाति प्रमाण पत्र देना महंगा पड़ गया है. गलत जाति प्रमाण पत्र देकर नौकरी पाने के मामले में राज्य सरकार ने कानू राम नाग को बर्खास्त कर दिया है. कार्मिक ने इसका आदेश भी जारी कर दिया है. नाग ने सेकेंड जेपीएससी में मुंडा जाति का प्रमाण पत्र देकर नौकरी हासिल की थी. जबकि वे तमाड़िया जाति से हैं. तमाड़िया अत्यंत पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में आता है.

**जाति छानबीन समिति के रिपोर्ट के कारण हुए थे निलंबन मुक्त :** जाति छानबीन समिति का प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया था कि तमाड़िया को मुंडा उपजाति के रूप में होने का प्रमाण है. इस कारण कानू राम नाग तमाड़िया जाति का सदस्य होने के नाते मुंडा जनजाति की अर्हता रखते हैं. इस आधार पर कानू राम नाग को निलंबन मुक्त भी किया गया.

**इसके बाद फिर हुई समीक्षा :** इसके बाद सरकार ने फिर से इसकी समीक्षा की. विभागीय समीक्षा में पाया गया कि मुंडा की अनेक उपजातियों में से संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश-1950 के तहत मुंडा एवं महली क्रमांक-24 एवं 22 पर अनुसूचित जनजाति के रूप में घोषित है. वर्ष 2003 में मुंडा के बाद पातर को सम्मिलित किया गया है. मुंडा की अन्य उपजातियों, जो सूची में सूचीबद्ध नहीं है, वह संविधान के अनुसार अनुसूचित जनजाति नहीं है. वहीं यह भी स्पष्ट किया गया कि सेकेंड जेपीएससी परीक्षा के अधिसूचना प्रकाशन एवं राज्य सरकार में नाग के योगदान तिथि तक तमाड़िया जाति अनुचित जनजाति के सूची में शामिल नहीं है. उनके द्वारा फर्जी तरीके से इसे मुंडा जाति के उपजाति बता कर अनुचित जनजाति का प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया है. कानू राम नाग पलामू में उप निर्वाचन पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित थे. कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया है.

## मुख्य सचिव, ईडी, सीबीआइ सहित सभी जांच एजेंसियों को लिखा पत्र

# चंद्रप्रकाश चौधरी ने पथ विभाग पर लगाया 106.69 करोड़ के टेंडर घोटाला का आरोप

**प्रमुख संवाददाता।रांची**

गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पथ निर्माण विभाग में 106.69 करोड़ के टेंडर घोटाले का आरोप लगाया है. उन्होंने टेंडर में बरती गई अनियमतता की कॉपी भी उपलब्ध कराई है. इस मामले को उन्होंने मुख्य सचिव, ईडी, सीबीआई सहित सभी जांच एजेंसियों को पत्र लिखा है. मुख्य सचिव सहित जांच एजेंसियों को लिखे पत्र में कहा है कि वर्तमान में राज्य सरकार के पथ निर्माण विभाग के द्वारा आमंत्रित व आबंटित निविदाओं में अनियमितता बरती जा रही है. इससे सरकार को वित्तीय क्षति हो रही है. विभाग के पदाधिकारियों द्वारा कई निविदाओं में बीओक्यू राशि से ज़्यादा राशि पर कुछ विशेष प्रतिभागी निवेदाकारों को लाभ पहुंचाने के लिए निविदा कार्यों का निस्तारण व आवंटन किया जा रहा है. जिन निविदाकारों के पक्ष में निविदा कार्यों का आवंटन किया गया है उनमे से अधिकतर निविदाकार की न्यूनतम निविदा राशि उस निविदा कार्य के बीओक्यू राशि से अधिक है.

**निविदा की भावनाओं के खिलाफ़ हुआ काम :** कई निविदाकार जो पथ निर्माण विभाग के तहत समुचित श्रेणी में निर्बंधित है तथा निविदा आमंत्रण व एसबीडी द्वारा निर्धारित सभी शर्तों व अहर्ताओं को पूर्ण करते है और बीडिंग की प्रक्रिया में शामिल भी हुई हैं, जिनका न्यूनतम निविदित राशि आमंत्रित निविदा के बीओक्यू राशि से भी कम है, उनके पक्ष में निविदा का निस्तारण नहीं किया जा रहा है. इन निविदाकारों की निविदाओं को जान बूझ कर नॉन रेस्पोंसिव घोषित कर एवं बिना उनका पक्ष सुने निरस्त कर दिया जा रहा है.

**इन कंपनियों को बीओक्यू की राशि से अधिक का मिला काम**

- राजवीर कंस्ट्रक्शन प्रालि. को गोड्डा में 74 करोड़ 81 लाख का काम मिला
- जय माता दी कंस्ट्रक्शन को 30 करोड़ 90 लाख का काम मिला है
- गंगा कंस्ट्रक्शन को 134 करोड़ में काम आवंटित किया गया है
- एडी इंफ्रा को 29 करोड़ 48 लाख में काम आवंटन किया गया है
- राजवीर कंस्ट्रक्शन को दुमका में मिला 89 करोड़ 99 लाख में काम दिया गया है
- मिनी कंस्ट्रक्शन को 50 करोड़ 31 लाख में काम आवंटित किया गया है.
- ड्राइपल को जमशेदपुर में 252 करोड़ में काम आवंटित किया गया है.
- एसआरई एंड एएसएसओ को रांची में 105 करोड़ का काम आवंटित किया गया है
- स्वर्णिम कंस्ट्रक्शन को रामगढ़ में 17 करोड़ का काम आवंटित किया गया है
- पूजा हमिंग वर्ड डीसी नाम की कंपनी को लातेहार में 67 करोड़ का काम मिला है
- चित्रा कंस्ट्रक्शन को विभाग ने 15 करोड़ का काम दिया है
- एसआरई एंड एएसएसओ को रांची में 169 करोड़ का काम आवंटित किया गया है
- भारत वाणिज्य ईस्टर्न प्रा.लि. को 267 करोड़ का काम आवंटित किया गया है
- मोहनलाल जैन को दुमका में मिला 43 करोड़ का काम आवंटित किया गया है.
- वेलजी रतन सोरथिया इन्फ्रा प्रा. लि. को साहिबगंज में 41 करोड़ का काम आवंटित किया गया है
- एसआरएमवी कंस्ट्रक्शन को लोहरदगा में मिला है 68 करोड़ का काम आवंटित किया गया है.

## रक्षा राज्यमंत्री के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार की मुहर


# ईएसआईसी रांची में खोलेगा मेडिकल कॉलेज

**प्रमुख संवाददाता. रांची**

ईएसआईसी रांची में मेडिकल कॉलेज खोलेगा. इसकी घोषणा बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय श्रम एवं नियोजन मंत्री मनसुख भाई मंडवीय ने की. बताते चलें कि संजय सेठ ने रक्षा राज्य मंत्री बनने के तुरंत बाद नई दिल्ली में इस मामले पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडवीय से मुलाकात की थी. इस मुलाकात के क्रम में रक्षा राज्य मंत्री ने उन्हें बताया था कि रांची में ईएसआईसी का एक अस्पताल है, जिसे बड़ा रूप दिए जाने की आवश्यकता है.

रक्षा राज्य मंत्री ने केंद्रीय मंत्री को मेडिकल कॉलेज खोलने से संबंधित प्रस्ताव पर भी विचार करने का आग्रह किया था. इसी आलोक में केंद्रीय मंत्री ने नई दिल्ली में ईएसआईसी के 194वें बैठक में कई घोषणा की है. जिसमें रांची में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा भी शामिल है.

**संजय सेठ ने पीएम के प्रति आभार जताया**



इस घोषणा के बाद केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है. सेठ ने कहा कि मोदी है तो सब कुछ मुमकिन है. मैंने आज से 3 महीने पहले केंद्रीय मंत्री मनसुख भाई मांडवीया को यह सुझाव दिया और अब उसका परिणाम ही सामने आ गया है. रांची में एक और मेडिकल कॉलेज खोलने से जहां मेडिकल के विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई आसान हो सकेगी. उन्हें कई अत्याधुनिक सुविधा और प्रशिक्षण मिल सकेगा, वहीं इस क्षेत्र की आबादी को बेहतर स्वास्थ्य संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे.

## जांच करना सीआईडी और झारखंड पुलिस के बस की बात नहीं

# ऊर्जा उत्पादन निगम की फर्जी निकासी की जांच करे ईडीः बाबूलाल

- 500 करोड़ से अधिक का हुआ है घोटाला

**प्रमुख संवाददाता।रांची**

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि ऊर्जा उत्पादन निगम में हुए फर्जी निकासी की जांच ईडी से कराई जानी चाहिए. उन्होंने ईडी से आग्रह किया है कि इस मामले को हाथ में लेकर तुरंत जांच शुरू करे. झारखंड ऊर्जा उत्पाद निगम लिमिटेड के खाते से 109 करोड़ रुपए की फर्जी निकासी सोची समझी साजिश और गंभीर आर्थिक अपराध है.

**सुनियोजित तरीके से दिया गया भ्रष्टाचार को अंजाम :** बाबूलाल ने कहा है कि बैंक कर्मियों और अधिकारियों के साथ मिल कर भ्रष्टाचारियों ने बड़े पैमाने पर बिजली विभाग में सुनियोजित तरीके से भ्रष्टाचार को अंजाम दिया है. यह झारखंड में कोई नया मामला नहीं है, इससे पहले भी मिड-डे मील योजना में ठीक इसी तरह का घोटाला सामने आ चुका है. उन्होंने ट्वीट में आगे लिखा है कि अनौपचारिक रूप से अधिकारियों से हुई बातचीत से यह पता चल रहा है कि क़रीब 500 करोड़ रुपए से अधिक की सरकारी संपत्ति का गबन किये जाने की संभावना है, जो राज्य सरकार की भ्रष्ट नीतियों और लचर प्रशासन का परिणाम है.



**बैंक अधिकारी, कर्मचारी और दूसरे राज्य के लोगों की भी सांठगांठ :** बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि पूरी घटना को क्रमबद्ध तरीके से देखें तो यह बात स्पष्ट होती है कि झारखंड के दूसरे विभागों में भी इस तरह की घोटाले हुए होंगे जो सामने आने बाकी हैं. इसमें बैंक अधिकारी, कर्मचारी तथा दूसरे राज्य के लोग भी मिले हुए हैं. इसलिए इसकी जांच सीआईडी या झारखंड पुलिस के बस की बात नहीं है. सीएम से कहा है कि विभाग के मंत्री होने के नाते अपनी जिम्मेदारियों से भाग नहीं सकते. इस मामले की तुरंत सीबीआइ से जांच नहीं कराई गई, तो यह स्पष्ट होगा कि सरकार खुद इस घोटाले को दबाने और दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है. बिना विलंब किए इस मामले की जांच सीबीआई को हस्तांतरित करें, ताकि घोटाले और घोटालेबाजों के साथ इस षड्यंत्र में शामिल लोगों का खुलासा हो सके. यह भी साफ़ पता चल रहा है कि ये मनी लॉंड्रिंग का भी मामला है.

**सीआइडी जांच कराने का नाटक कर रही सरकार :** कुछ अधिकारियों पर केस दर्ज करा के राज्य सरकार मामले को सीआईडी जांच करने का नाटक कर रही है. हेमंत सरकार में सीआईडी जांच की विश्वसनीयता हमेशा शक- सवालों के घेरे में रही है. सीआईडी जांच करा के सरकार क्या बड़ी मछलियों को बचाने का प्रयास कर रही है. अरबों रुपए की धोखाधड़ी एवं इसके तार दूसरे राज्यों से जुड़े होने के उद्भेदन के लिए राज्य सरकार अविलंब उक्त मामले की जांच सीबीआई को सौंपे.

### झामुमो कार्यकर्ता फर्जी छात्र बन सीजीएल परिणाम जारी करने की कर रहे मांग

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झामुमो पर आरोप लगाया है. कहा है कि जेएमएम के कार्यकर्ता फर्जी छात्र बन कर जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा का परिणाम जारी करने की मांग कर रहे हैं. उन्होंने ट्वीट में लिखा है कि लगभग सात लाख अभ्यर्थियों ने जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा दी है. उनमें से हर कोई यही चाहता है कि पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच हो. जिन छात्रों ने परीक्षा दी है, वे चाहते हैं कि परीक्षा रद्द हो. जिन्होंने कभी जेएसएससी का फॉर्म तक नहीं भरा और कभी परीक्षा नहीं दी, वे चाहते हैं कि इसका रिजल्ट घोषित हो! झामुमो कार्यकर्ता 7 लाख छात्रों को बदनाम करने का षडयंत्र कर रहे हैं. झारखंड के युवा इस साजिश का करारा जवाब देंगे.

# पुलिस ने दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा के लिए कर्मियों की छुट्टियां रद्द कीं

**संवाददाता ।रांची**

झारखंड में दुर्गा पूजा पर्व को ध्यान में रखते हुए राज्य भर के सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टियां आठ अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक रद्द कर दी हैं. यह निर्णय राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता के निर्देश पर लिया गया है. तीन अक्टूबर से शुरू हुए शारदीय नवरात्रि के दौरान, राज्य भर में बड़े पैमाने पर दुर्गा पूजा पंडाल लगते हैं और भारी संख्या में श्रद्धालु पूजा पंडाल देखने घरों से निकलते हैं. बढ़ती भीड़ और पूजा के दौरान होने वाली गतिविधियों को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने यह कदम उठाया है. इस कदम का उद्देश्य पूजा के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखना है, और किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकना है.


**अवकाश की विशेष व्यवस्था :** हालांकि, सभी कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं, लेकिन आपातकालीन परिस्थितियों के लिए एक विशेष व्यवस्था भी की गई है. इमरजेंसी स्थितियों से निपटने के लिए पुलिस कर्मियों को तैयार रखा जाएगा. इसमें पुलिस मुख्यालय और जिला स्तर पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शामिल किया गया है. विशेष परिस्थितियों में संबंधित एसपी, डीआईजी और आईजी छुट्टियां स्वीकृत कर सकते हैं. इससे यह सुनिश्चित होगा कि आपातकालीन प्रतिक्रिया तत्पर रहे.

झारखंड पुलिस दुर्गा पूजा के दौरान राज्य की सुरक्षा और शांति व्यवस्था को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश कर रही है. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी और विभिन्न गतिविधियों के कारण होने वाली संभावित चुनौतियों के मद्देनजर, यह कदम उठाया गया है.



# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in रांची, गुरुवार 10 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल पक्ष 08, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 182 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## नवरात्र आठवां दिन

### मां महागौरी की उपासना

**श्वेते वृषे समारूढा श्वेताम्बरधरा शुचिः। महागौरी शुभं दद्यान्महादेव-प्रमोद दा॥**

शंख सदृश पूर्णतः गौर वर्णवाली माता महागौरी श्वेत वृषभ पर आरूढ़ हैं, इन्हें वृषारूढा कहा गया. इनके आभूषण और वस्त्र श्वेत हैं. इन्हें श्वेतांबरा भी कहा गया. इनकी चार भुजाएं हैं, जिनमें अभय मुद्रा, त्रिशूल, डमरू और वर मुद्रा धारण करती हैं. शिव के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की. इससे इनका शरीर काला पड़ गया, परन्तु शिव ने इनके शरीर को गंगा जल से धोकर कान्तिमय बना दिया. इनका रूप गौरांग हो गया. इसीलिए महागौरी कहलाईं. नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा का विधान है. नवरात्र के आठवें दिन भगवती दुर्गा के आठवें विग्रह के रूप में महागौरी की उपासना का विधान है. जगदंबा महागौरी अमोघ फलदायिनी हैं और इनकी पूजा से भक्तों के तमाम कल्मष धुल जाते हैं. पूर्वसंचित पाप भी नष्ट हो जाते हैं. महागौरी का पूजन-अर्चन, उपासना-आराधना कल्याणकारी है. इनकी कृपा से अलौकिक सिद्धियां भी प्राप्त होती हैं.- **डॉ. विनय कुमार पाण्डेय**

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 70,300 |
| चांदी (किलो) | 91,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### तीन वैज्ञानिकों को रसायन का नोबेल

**जेनेवा।** 2024 के रसायन विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार विजेताओं का ऐलान कर दिया गया है. रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को घोषणा की कि डेविड बेकर, डेमिस हसाबिस और जॉन एम. जम्पर को यह सम्मान दिया जाएगा. इन लोगों को प्रोटीन विज्ञान में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए इस अवॉर्ड से नवाजा गया है. अमेरिका के वाशिंगटन विश्वविद्यालय के डेविड बेकर को कम्प्यूटेशनल प्रोटीन डिजाइन के लिए, जबकि लंदन, यूके स्थित गूगल डीपमाइंड के डेमिस हसाबिस और जॉन एम. जम्पर को प्रोटीन संरचना भविष्यवाणी के लिए पुरस्कार दिया गया है.

#### दिल्ली सीएम आवास सील, आतिशी बाहर

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास को सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग ने सील कर दिया है. अवैध इस्तेमाल के आरोप में सीएम हाउस को सील किया गया है. इसके बाद मुख्यमंत्री आतिशी के कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि देश के इतिहास में पहली बार सीएम आवास खाली कराया गया है. साथ ही उन्होंने उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है.

## दुर्गापूजा की खुशी पर भारी पड़ी महंगाई : रिजर्व बैंक ने नहीं किया रेपो रेट में कोई बदलाव

# दाल-आटे में लगी आग, होम लोन ईएमआई में कमी नहीं

**एजेंसियां। मुंबई**

दुर्गापूजा-दिवाली जैसे त्योहारों की खुशी पर महंगाई की मार भारी पड़ रही है. इन त्योहारों में एक तरफ रोजमर्रा के उपयोग की सभी वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि से लोग परेशान हैं, तो उधर रिजर्व बैंक ने भी लगातार दसवीं बार रेपो रेट की दरों में कोई परिवर्तन न कर यह बता दिया है कि अभी होम लोन की बढ़ी दरों से छुटकारा मिलने की कोई संभावना नहीं है. रिजर्व बैंक की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी ने यह निर्णय मिडिल ईस्ट में युद्ध जैसी स्थिति और महंगाई को ध्यान में रखते हुए लिया है.



**पेट भरने में जा रहा वेतन :** इस समय सब्जी-दाल से लेकर तेल-मसाले तक हर वस्तु की कीमत बहुत ऊंची बनी हुई है. आलू का नया सीजन आ गया है, लेकिन कीमतों में कोई कमी नहीं है. इसकी कीमतें अभी भी 30 से 40 रुपए किलो पर बनी हुई हैं. दाल भी 160-180 रुपए प्रति किलो पर बनी हुई है. आटा बढ़ कर 35 से 40 रुपए किलो हो गया है. यानी आम लोगों के लिए अपनी थाली में भोजन जुगाड़ भी भारी पड़ रहा. लोगों की कमाई पेट भरने में जा रही. वे बचत नहीं कर पा रहे हैं.

इस बीच, आरबीआई ने लोन लेने वालों का ध्यान में रखते हुए फ्लोटिंग रेट वाले टर्म लोन के बंद करने पर फोरक्लोजर चार्जेज पेनल्टी को खत्म कर दिया है. बैंक या एनबीएफसी लोन लेने वाले कस्टमर्स से फ्लोटिंग रेट वाले लोन को बंद करने पर पेनल्टी या क्लोजर चार्ज नहीं वसूल सकेंगे.

### होम लोन से छुटकारा नहीं

बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाने के लिए रिजर्व बैंक ने फरवरी 2023 में रेपो दरों में लगातार वृद्धि करते हुए इसे 6.50 प्रतिशत पर कर दिया था. तभी से लोगों की ईएमआई बढ़ गई है. अलग-अलग होम लोन की राशि के अनुसार लोगों को हर महीने दो हजार से दस हजार रुपए अतिरिक्त चुकाना पड़ रहा है. सभी होम लोन देने वाले बैंकों ने या तो लोगों की प्रति माह जाने वाली ईएमआई बढ़ा दी है, या उसी दर पर कर्ज की समय सीमा 20 साल से बढ़ा कर 25 या 27 साल कर दिया है. यानी अब इसी दर पर उन्हें लगभग अपने पूरे जीवन भर बैंकों की ईएमआई भरनी पड़ेगी.



### महंगाई में कमी आने की संभावना नहीं

कर्जदार लोगों को महंगी ईएमआई से छुटकारा तभी मिल सकता है, जब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया रेपो दरों में कमी करे और उपभोक्ता बैंक लोगों को ब्याज दरों में छूट दे. जिस तरह इजराइल-ईरान के संकट को देखते हुए महंगाई में कमी आने की संभावना नहीं है, माना जा रहा है कि महंगाई को कंट्रोल में रखने के लिए आरबीआई रेपो दरों को इसी तरह ऊंचा बना कर रखेगा. लेकिन इसका नुकसान आम उपभोक्ताओं को उठाना पड़ेगा.

## हर तरह के वाहनों की बिक्री में बड़ी गिरावट

**लगातार न्यूज नेटवर्क**

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत में सितंबर महीने में ऑटोमोबाइल (कॉमर्शियल वाहन) की बिक्री में 9.26 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है. यह गिरावट गणेश चतुर्थी और ओणम जैसे प्रमुख त्योहारों के बावजूद देखने को मिली है, जो आमतौर पर ऑटोमोबाइल की बिक्री को बढ़ावा देते हैं.

वाहनों की बिक्री में कमी की तीन वजहें बतायी जा रही है. पहली उच्च ब्याज दरें- बढ़ती ब्याज दरों के कारण वाहन खरीदना महंगा हो गया है, जिससे मांग प्रभावित हुई है. दूसरी महंगाई- बढ़ती महंगाई के कारण लोगों की आय पर दबाव बढ़ा है, जिससे लोगों की खरीद क्षमता कम हुई है. तीसरी अर्थव्यवस्था की मंदी - वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्था की मंदी का भी भारत पर असर पड़ा है, जिससे कारोबार और रोजगार पर असर पड़ा है.

**डीलरों पर बढ़ा दबाव :** यात्री वाहन डीलरों के पास वर्तमान में 80-85 दिनों के लिए पर्याप्त स्टॉक पड़ा हुआ है, जिसका मूल्य लगभग 79,000 करोड़ रुपये है. इतने बड़े स्टॉक के कारण डीलरों पर वित्तीय दबाव बढ़ गया है. सामान्य स्थिति में स्टॉक 30 दिन तक का होना चाहिए.

### सभी श्रेणियों में गिरावट



- **दोपहिया वाहन :** इस सेगमेंट में सालाना आधार पर 8.51 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है.
- **यात्री वाहन :** यात्री वाहनों की बिक्री में सबसे अधिक गिरावट देखी गई है. इस सेगमेंट में सालाना आधार पर 18.81 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है.
- **कॉमर्शियल वाहन :** कॉमर्शियल वाहनों की बिक्री में भी 10.45 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है.

# भाजपा की गोगो दीदी के जवाब में अब झामुमो सम्मान योजना

## पहले 1000, फिर 2100 अब सीधे 2500 रुपये देने की तैयारी

**कौशल आनंद। रांची**

झारखंड में भाजपा की गोगो दीदी सम्मान योजना का जवाब झामुमो सम्मान योजना से देने की तैयारी है. भाजपा जहां हर महीने 2100 रुपए देने की बात कह रही है, वहीं अब झामुमो हर महीने 2500 रुपए देगा. झामुमो ने इसके लिए विधिवत्त रूप से फार्म छपवा कर इसे भरवाए जाने की अनुमति इलेक्शन कमीशन से मांगी है.

पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को राज्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार से मिला. इस मौके पर जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम, हेमलाल मेहता आदि मौजूद थे. कुल मिला कर झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले झामुमो और भाजपा में पैसे बांटने वाली योजनाओं की होड़ लग गई है. हेमंत सरकार ने चुनाव से पहले मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का मास्टर कार्ड खेला. इस योजना के तहत 18 से 50 साल तक की महिलाओं के महीने में एक हजार और साल में 12 हजार रुपए दिये जा रहे हैं. मंईयां सम्मान योजना की सफलता को देख कर बीजेपी में खलबली मच गई. आनन-फानन में उसने दीदी गोगो योजना का दांव खेल दिया. भाजपा ने घोषणा की कि चुनाव के बाद पार्टी की सरकार आती है, तो महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना से 1100 रुपए अधिक यानी 2100 रुपए हर महीने दिये जाएंगे. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई नेता कैंप लगा कर महिलाओं से इस योजना का फॉर्म भी भरवा रहे हैं. अब वापस झामुमो भाजपा के नहले पर दहला का दांव खेलते हुए झामुमो सम्मान योजना शुरू करने जा रही है. इसके तहत महिलाओं को हर महीने 2500 और साल में 30000 रुपए देने की घोषणा की है. - शेष पेज 11 पर

### झामुमो ने चुनाव आयोग को ही उलझा दिया




**झामुमो पहुंचा चुनाव आयोग, कहा-भाजपा को रोकें अन्यथा हमें भी अनुमति दी जाए**



झारखंड में बीजेपी की दीदी गोगो योजना को लेकर फार्म भरवाये जाने का झामुमो ने विरोध किया है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इसे गलत बताते हुए सभी जिलों को डीसी को निर्देश दिया है, साथ ही चुनाव आयोग से कार्रवाई करने की मांग की है. चुनाव आयोग की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं होने पर अब झामुमो भी खुल कर मैदान में उतर गया है. झामुमो ने निर्वाचन आयोग से कहा कि अगर बीजेपी द्वारा जारी फॉर्म **"गोगो दीदी योजना"** आपके दिशा-निर्देश के विरुद्ध नहीं है तो हमें भी "झामुमो सम्मान योजना" लागू करने की अनुमति दी जाए. इसको लेकर निर्वाचन आयोग की उलझनें बढ़ गई हैं.

## खरगे-राहुल से दिल्ली में मिले हेमंत

- झारखंड में मिल कर विस चुनाव लड़ेगा इंडिया गठबंधन, सीएम के साथ कल्पना भी रहीं मौजूद, कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग पर हुई लंबी चर्चा, कई मुद्दों पर सहमति

**विशेष संवाददाता। रांची**

सीएम हेमंत सोरेन बुधवार को दिल्ली पहुंचे. दिल्ली में उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर उनसे मुलाकात की. फिर एक बैठक भी हुई. जिसमें राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे. एक घंटे की बैठक में सीएम के साथ कल्पना सोरेन भी थीं. बैठक में झारखंड में गठबंधन को लेकर चर्चा हुई. कहा कि झारखंड में इंडिया एलायंस साथ में चुनाव लड़ेगा. हरियाणा के नतीजों पर भी चर्चा हुई. कहा गया कि इससे सबक लेते हुए झारखंड में ऐसा न हो और इंडिया एलायंस मजबूती से चुनाव लड़ेगा.




**सीएम ने कहा : सीट से अधिक महत्वपूर्ण जीत:** बैठक में सोरेन ने आगामी होने वाले विस चुनाव में इंडिया एलायंस के बीच सीट शेयरिंग, सीटों की अदला-बदली व अन्य साथी दलों को सीट देने आदि के मुद्दे पर बातचीत की. बता दें कि 2019 की तरह कांग्रेस ने इस बार 33 सीटों की डिमांड की है. इस पर सोरेन ने कहा- कौन किस सीट से लड़ेगा, इससे ज्यादा जरूरी है एलायंस ज्यादा से ज्यादा सीट जीते. इसके लिए हमें एक-एक सीट पर बात करनी होगी. इसके बाद सीट वितरण होगा, तो ठीक रहेगा. इस पर कांग्रेस के नेताओं ने भी सहमति जताई. - शेष पेज 11 पर

# नहीं रहे रतन टाटा

**एजेंसी। मुंबई**

देश के उद्योग जगत के सबसे नायाब 'रतन' यानी रतन टाटा नहीं रहे. उम्र से जुड़ी बीमारी के बाद 86 वर्ष की उम्र में उन्होंने मुंबई में अंतिम सांस ली. सोमवार को वे स्वास्थ्य जांच के लिए अस्पताल में भर्ती हुए थे. बाद में उन्होंने ही आईसीयू में भर्ती होने के दावों का खंडन कर दिया था. हालांकि, बुधवार को उन्हें एक बार फिर अस्पताल में भर्ती कराया गया था. मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया था कि उनकी हालत नाजुक बनी हुई है. डॉक्टरों की टीम उनके स्वास्थ्य पर लगातार नजर बनाए हुए थे, लेकिन तमाम कोशिशों के बाद भी उन्हें नहीं बचाया जा सका. रतन टाटा अपनी सादगी और सरल स्वभाव की वजह से जाने जाते थे. उदारीकरण के दौर के बाद टाटा समूह आज जिस ऊंचाइयों पर है, उसे यहां तक पहुंचाने में रतन टाटा बहुत बड़ा योगदान है.




मुंबई के ब्रीज कैंडी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती थे, 2 दिन पहले कहा था- ठीक हूं, चिंता की बात नहीं

### 1990 से 2012 तक ग्रुप के चेयरमैन थे रतन टाटा

28 दिसंबर 1937 को जन्मे रतन टाटा टाटा ग्रुप के संस्थापक जमशेदजी टाटा के परपोते हैं. वह 1990 से 2012 तक ग्रुप के चेयरमैन थे और अक्टूबर 2016 से फरवरी 2017 तक अंतरिम चेयरमैन थे. रतन, टाटा ग्रुप के चैरिटेबल ट्रस्ट्स के प्रमुख बने हुए हैं. रतन ने अपनी विरासत को एक नए मुकाम पर पहुंचाया है. उन्होंने एअर इंडिया को अपने एंपायर में शामिल किया. विदेशी कंपनी फोर्ड के लग्जरी कार ब्रांड लैंडरोवर और जगुआर को भी अपने पोर्टफोलियो में जोड़ा.

## हरियाणा में हार पर कांग्रेस की बयानबाजी पर भड़का चुनाव आयोग, कहा

# ये बोलने की आजादी का दुरूपयोग

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के नतीजे घोषित किए जाने के बाद मंगलवार को कांग्रेस ने इसे सिरे से नकार दिया था. राज्य में अपनी हार के बाद कांग्रेस का कहना था कि वे चुनाव के नतीजों को स्वीकार नहीं करेंगे. अब कांग्रेस के इस बयान पर चुनाव आयोग ने कड़ा रुख अपनाते हुए बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को चिट्ठी लिखी है.

अपनी चिट्ठी में चुनाव आयोग ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अस्वीकार करने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बयानों को बोलने की आजादी का दुरूपयोग बताया. आयोग ने कहा कि इस तरह के बयान देश के समृद्ध लोकतांत्रिक इतिहास में पहले नहीं सुने गए और ये बोलनेकी स्वतंत्रता से भी परे हैं. हालांकि आयोग ने साथ ही चुनाव परिणामों की समीक्षा के लिए पार्टी प्रतिनिधिमंडल से मिलने पर सहमति भी जताई है. चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को लिखा, इस बीच, आयोग ने आपके और विपक्ष के नेता के बयानों पर गौर किया है, जिसमें हरियाणा के परिणामों को अप्रत्याशित बताया गया है.

### कांग्रेस का आरोप-ईवीएम से 'खेला'

हरियाणा के नतीजों पर असंतोष जताते हुए कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की. पार्टी के नेताओं ने अनियमितताओं और ईवीएम में गड़बड़ी के आरोप लगाए. कांग्रेस ने 20 से अधिक शिकायतों का हवाला देते हुए सात प्रमुख क्षेत्रों से लिखित शिकायतें भी पेश कीं. पार्टी का आरोप है कि कुछ ईवीएम मशीनें 99% क्षमता पर दिख रही थीं, जो सामान्य नहीं है. आयोग से इन मशीनों की जांच और वीवीपैट पर्चियों का ईवीएम से मिलान कराने की मांग की, ताकि चुनाव की पारदर्शिता पर उठे सवालों का हल हो सके. मीटिंग के बाद पवन खेड़ा ने कहा, केसी वेणुगोपाल, अशोक गहलोत, जयराम रमेश, अजय माकन, भूपेंद्र सिंह हुड्डा व अन्य ने आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की. हमने आयोग से यह भी कहा कि 48 घंटों में हम बाकी शिकायतें भी उनके सामने पेश करेंगे. खेड़ा ने कहा, आयोग ने हमें भरोसा दिया कि वे मामले पर गौर करेंगे और रिटर्निंग अधिकारियों से परामर्श करने के बाद हमें जवाब देंगे.

## श्रद्धा-भक्ति | धनबाद के झरिया में एक परंपरा की उम्र पांच सौ साल पुरानी, जो अब तक निभाई जा रही...

# राजमहल छोड़ झोपड़ी में रानी खुद बनाती थीं माता का प्रसाद

**रिजवान शम्स । धनबाद**

पश्चिम बंगाल हो या फिर झारखंड... परंपराएं, संस्कृति और अनूठी रस्में, मां दुर्गा की भक्ति को और भी अनोखी बनाती हैं. मां दुर्गा के प्रति आस्था से जुड़ी अनूठी परंपराओं को निभाने में झरिया का राज परिवार की रानी का भी नाम शामिल है. ये परंपरा सदियों से आज तक वैसी ही निभाई जा रही हैं, जैसे सबसे पहली बार निभाई गई थी. तब झरिया राजपरिवार के नाम का यश जब पड़ोसी राज्यों तक फैला था, खुद रानी साहिबा राजमहल छोड़ कर चार दिनों तक घास-फूस की झोपड़ी में रह कर माता का प्रसाद मिट्टी के चूल्हे पर खुद अपने हाथों से बनाती थीं. इस परंपरा की उम्र अब 500 साल से भी अधिक हो चुकी है.

**ऐसे शुरू हुई थी परंपरा :** इस परंपरा के पीछे एक कहानी है. बताया जाता है कि रिवा रियासत से आए राजा संग्राम सिंह ने झरिया के तत्कालीन डोम राजा को जंग में हरा दिया था. जंग को जीतने के बाद भी राजा के हाथ से तलवार नहीं छूट रही थी. तब राजपरिवार की तरफ से मां दुर्गा की पूजा की गई. प्रसाद बनाया गया और फिर तलवार हाथ से छूटी थी. इसके बाद झरिया में मां दुर्गा की पूजा धूमधाम से शुरू हुई. राज परिवार के इस मंदिर को राजा दुर्गा प्रसाद सिंह ने भव्य रूप दिया. इसके बाद राजा काली प्रसाद सिंह और राजा शिव प्रसाद के कार्यकाल में भी भव्य आयोजन होता रहा.

- सिर्फ चार दिनों के लिए खुलता है झोपड़ी का पट, झोपड़ी में मिट्टी के चूल्हे पर तैयार होता है प्रसाद
- झरिया राज परिवार की रानी खुद बनाती थीं प्रसाद, राजपरिवार की बहू अब भी निभाती हैं परंपरा



**पुआ व घटरा का चढ़ता है प्रसाद :** राज परिवार की बहुएं अब भी यहां पुआ व घटरा पकवान बना कर परंपरा के अनुसार मां दुर्गा को भोग लगाती हैं. सप्तमी से दशमी तक मंदिर में तीन दिन व रात अखंड दीप जलता है. महाअष्टमी को बलि दी जाती है.

### पुराना राजगढ़ में है मां दुर्गा का मंदिर

मां दुर्गा का यह मंदिर पुराना राजगढ़ में है. यहीं आज भी राज परिवार के लोग पूजा अर्चना और प्रसाद बनाते हैं. न सिर्फ राज परिवार, बल्कि यहां के लोगों में भी इस मंदिर को लेकर बेहद आस्था है. हर वर्ष पूजा के दौरान यहां साज-सज्जा, रंग-रोगन आदि का कार्य होता है. इसके बाद विधिवत सारे विधान किए जाते हैं. बलि से लेकर विर्सजन कर सारे विधानों में राजपरिवार के सदस्य मौजूद रहते हैं. यहां पूजा के बाद राजा तालाब में प्रतिमा विसर्जित होती है.

### साल में चार दिनों के लिए ही खुलता है पट

जिस मंदिर में राज परिवार की रानी प्रसाद बनाती थी. वो मंदिर साल में महज चार दिनों के लिए खोला जाता है. दुर्गापूजा के दौरान ही उसकी मरम्मत या अन्य कार्य किए जाते हैं. इसके बाद उक्त कमरा का पट बंद कर दिया जाता है. इस कारण मंगलवार की देर शाम तक वहां का कार्य जारी था. यहां काम में जुटी पुतुल कालिंदी बताती हैं कि करीब एक दशक से हर साल उक्त मंदिर को पूजा के दौरान साफ-सफाई या अन्य कार्य उनके द्वारा किए जाते हैं. इससे पूर्व उनके पिता को यह जिम्मेवारी दी जाती थी. उन्होंने करीब पचास साल तक उक्त मंदिर की देखरेख की थी. बताती हैं कि काफी श्रद्धाभाव से बिना चप्पल पहने ही वे लोग मंदिर (कमरे) के अंदर जाती हैं.

## मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला

# 2028 तक मिलेगा फ्री अनाज

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बैठक में सरकार ने कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को मंजूरी दे दी है. बैठक में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की आपूर्ति को दिसंबर 2028 तक के लिए बढ़ा दिया गया है. साथ ही कैबिनेट ने सीमावर्ती राज्यों के इलाकों में बुनियादी ढांचे के विकास पर भी जोर दिया है. केंद्रीय कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएम मोदी ने गरीब कल्याण अन्न योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत मिड डे मील, मुफ्त राशन, योजना, पीएम पोषण योजना, आईसीडीएस, आकांक्षी की सभी योजनाओं के तहत फोर्टिफाइड



चावल की आपूर्ति को जुलाई, 2024 से दिसंबर, 2028 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है.

पीएम ने बैठक में सीमावर्ती इलाकों में बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया है. कैबिनेट ने सीमावर्ती राज्य पंजाब और राजस्थान के इलाकों में 4,406 करोड़ रुपए के निवेश से 2,280 किलोमीटर सड़कों के निर्माण को मंजूरी दी है. इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों की आजीविका को बढ़ाना है और यहां के लोगों के लिए यात्रा को आसान बनाना है.

# झमाझम बारिश से सड़कें लबालब

- नगर निगम को बेतरतीब बने ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने की जरूरत
- हल्की बारिश में भी शहर हो जाता है पानी पानी, लोग होते हैं परेशान

संवाददाता। रांची

राजधानी में बुधवार को दोपहर बाद हुई बारिश से मुख्य मार्गों समेत गली मुहल्लों की सड़के जल मग्न हो गई. पानी भरने की वजह से लोगों का आना जाना मुहाल हो गया.

रांची नगर निगम के सफाई कर्मी दिन रात शहर की सफाई को दुरूस्त करने में लगे हैं. लेकिन शहर में बनी बेतरतीब ड्रेनेज सिस्टम की वजह से हल्की बारिश में ही सड़कों पर पानी भर जाता है. इसके सुधार के लिये नगर निगम को शहर में बने बेतरतीब ड्रेनेज सिस्टम को सुधार करने की जरूरत है.




## जल जमाव की परेशानी

जल जमाव की परेशानी हरमू कॉलोनी, हरमू बाजार रोड, सेवा सदन पथ, अपर बाजार, मेन रोड, अंजुमन प्लाजा, उर्दू लाइब्रेरी, डेली मार्केट, लालपुर, कर्बला चौक, मारवाड़ी विमेंस कॉलेज रोड, जयपाल सिंह स्टेडीयम रोड, कचहरी रोड, रातु रोड, पिस्का मोड़, आजाद बस्ती, हिंदपीढ़ी, पुरानी रांची, पहाड़ी टोला, नदी ग्राउंड, खेत मुहल्ला, कडरू, थड़पखना, लालपुर, करमटोली, बरियातु, पुंदाग, ढिपाटोली, मोरहाबादी, नीचे कांटा टोली, कोकर, चुटिया, धुर्वा, हटिया, डोरंडा, हिनू आदि शामिल है.

## ब्रीफ खबरें

### हत्या की कोशिश में 5 को 10-10 साल जेल

**रांची।** अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार सिंह की अदालत ने बुधवार को हत्या की कोशिश मामले में दोषी हिन्दपीढ़ी के पांच युवकों को 10-10 साल कैद की सजा सुनाई है. साथ ही पांचों पर 15-15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है. अदालत ने मो. वाहिद, मो. पप्पू, मो. सलीम, मो. गुलाम रसूल एवं मो. सादिक को सजा सुनाई है. पांचों को दोषी पाए जाने के बाद पांच अक्टूबर को ही जेल भेज दिया गया था. सभी हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के खेत मोहल्ला निवासी है. अभियोजन की ओर से एपीपी सिद्धार्थ सिंह ने बहस की थी. घटना को लेकर विक्की कुमार ने कोतवाली थाना में तीन दिसंबर, 2016 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी. आरोप है कि पांचों ने तीन दिसंबर, 2016 को दिन के 1 बजे शहीद चौक के पास बैग का दुकान लगाने को लेकर विवेक को लाठी, डंडे एवं रड से हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया था.

### मिड डे मील घोटाले के आरोपी को बेल नहीं

**रांची।** 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के मिड डे मील घोटाले के आरोपी भानू कंस्ट्रक्शन के संचालक संजय कुमार तिवारी को रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया है. अदालत ने उसकी जमानत याचिका तीसरी बार खारिज कर दी है. संजय तिवारी के अधिवक्ता ने बहस के दौरान जेल में लंबी अवधि का हवाला देते हुए जमानत देने का आग्रह किया. लेकिन कोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी. ईडी ने उसे नवंबर 2021 को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था. संजय तिवारी पर एसबीआई की हटिया शाखा से मिड डे मील का 101 करोड़ रुपए गबन करने का आरोप है. यह निकासी 5 अगस्त 2017 को हुई थी.

### कर्मचारी महासंघ ने लगायी सीएम से गुहार

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ की ओर से राज्य के मुख्य मंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव से मांग की गई है. अध्यक्ष आदिल जहीर ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर महासंघ के मांगों को पूरा कर समस्त राज्यकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने की कृपा करें.

### आरोपी बिजली अफसरों पर होगी विभागीय कार्रवाई, एमडी रंजीत लाल ने दिया निर्देश

# बिजली निगम पहुंची पुलिस, आरोपी बिजली अफसरों से हुई प्रारंभिक पुछताछ

विशेष संवाददाता। रांची

धुर्वा पुलिस अफसर बुधवार को ऊर्जा निगम मुख्यालय पहुंचे. पुलिस पदाधिकारियों ने आरोपी बिजली अफसरों से प्रारंभिक पूछताछ की. पुलिस की छानबीन आगे भी जारी रहेगी. निगम प्रबंधन के शिकायत के बाद धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी. इसके बाद पुलिस एक्शन में आयी और अपनी जांच शुरू कर दी है. झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड में 40 करोड़ 50 लाख 500रुपये के हेरफेर के आरोपी तीन पदाधिकारियों पर विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्देश निगम के एमडी रणजीत कुमार लाल ने दी. उत्पादन निगम व ऊर्जा विकास निगम को मिला कर कुल 109 करोड़ रुपए की गड़बड़ी हुई है. उत्पादन निगम के तीन पदाधिकारी प्रारंभिक जांच इन तीन पदाधिकारियों की भूमिका संदिग्ध पायी गयी है. इस आधार पर एमडी ने तीनों आरोपी जयंत प्रसाद-महाप्रबंधक वित्त एवं लेखा, रणजीत कुमार सिंह-उपमहाप्रबंधक और वित्त एवं लेखा श्रीकांत-वरीय प्रबंधक वित्त एवं लेखाखिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्देश दिया गया है. इसके बाद इन पर आरोप पत्र गठित किया जायेगा. दोष सिद्ध होने पर तीनों पर निलंबन से लेकर बर्खास्तगी तक की कार्रवाई हो सकती है. इसके अलावे निगम प्रबंधन ने स्पेशल ऑडिट कराने का निर्णय लिया है. इसको लेकर एजी को पत्र लिखा गया है.

- निगम के खाते का होगा स्पेशल ऑडिट, एजी को लिखा गया पत्र
- **मामला** : उर्जा उत्पादन निगम के खाते से एफडी के लिए दूसरे शाखा में की गयी करोड़ो राशि हस्तांतरण और फर्जी निकासी का

**मामला उत्पादन निगम की राशि की फर्जी निकासी और हेराफेरी का**

मालूम हो कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की हिनू स्थित शाखा में संचालित झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के खाते से फर्जीवाड़ा के जरिये 40 करोड़ 50 लाख 500 रुपये निकाल लिये गये हैं. यह रकम फिक्स डिपॉजिट में निवेश के लिए उक्त बैंक की शाखा को हस्तांतरित की गयी थी. इस मामले में उत्पादन निगम के महाप्रबंधक अमर नायक ने धुर्वा थाना में बीते दिवस शिकायत दर्ज करायी है. जिसमें सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की हिनू शाखा के प्रबंधक, निगम के जीएम फाइनेंस जयंत प्रसाद, डीजीएम फाइनेंस रंजीत कुमार सिंह और वरीय प्रबंधक श्रीकांत को नामजद किया गया था.

**एफआईआर में यह बात कही गयी :** दर्ज करायी गयी शिकायत में कहा गया है कि छह अक्तूबर 2024 को टूरिज्म डिपार्टमेंट से हुई धोखाधड़ी की शिकायत की सूचना ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड को प्राप्त हुई थी. इस आधार पर सेंट्रल बैंक में किए गए फिक्स्ड डिपॉजिट की जांच की गयी. पता चला कि निगम की ओर से आठ-नौ अगस्त 2024 को फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेश के लिए 40 करोड़ 50 लाख 500 रुपये सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की हिनू शाखा में आरटीजीएस के जरिये ट्रांसफर करने का निर्देश निगम के 'बैंक ऑफ इंडिया, जेएसइबी एक्सटेंशन काउंटर, धुर्वा' को दिया गया था. यह राशि के हस्तांतरण के लिए निगम की ओर से बाकायदा पत्र जारी किया गया था.

**जालसाजी की आशंका के बाद निगम प्रबंधन आयी हरकत में :** मिली जानकारी के अनुसार यह राशि का हस्तांतरण 'बैंक ऑफ इंडिया, जेएसइबी एक्सटेंशन काउंट, धुर्वा' में संचालित खाता संख्या-490220110000563 से आरटीजीएस के जरिये सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की हिनू शाखा में संचालित खाता संख्या 5600134210 में (पत्र संख्या आ र इ ए फ - स ीब ीआ इ 02868/2024, दिनांक-पांच अगस्त 2024 के द्वारा) किया गया था. लेकिन, इस राशि को भी जालसाजी कर निकाल लिया गया. सेंट्रल बैंक को ट्रांसफर की गयी राशि का ब्योरा 'बैंक ऑफ इंडिया जेएसइबी एक्सटेंशन काउंटर, धुर्वा' में उपलब्ध है. इसके तहत आठ अगस्त 2024 को बैंक ऑफ इंडिया से सेंट्रल बैंक को 25 करोड़ 500 रुपये और नौ अगस्त 2024 को 15 करोड़ 50 लाख रुपये ट्रांसफर किये गये थे. निगम प्रबंधन इस पूरे मामले में बड़े जालसाजी की आशंका व्यक्त की. इसके बाद प्रबंधन हरकत में आयी और प्राथमिकी दर्ज कराई

## केशव महतो को मंत्री का दर्जा मिलने पर नेताओं ने दी बधाई

रांची। मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग (समन्वय) के प्रधान सचिव वंदना दादेल ने राज्यपाल के आदेश के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो को झारखंड राज्य समन्वय समिति का सदस्य मनोनीत किया है और इनको राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है. राज्य के संतुलित विकास की संभावनाएं तलाशने, इसके लिए आवश्यक उपाय करने तथा जन आकांक्षाओं के अनुरूप राज्य के विकास योजनाओं के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए राज्य सरकार के जरिये झारखंड राज्य समन्वय समिति का गठन किया गया है. इसमें अध्यक्ष, पांच सदस्य, दो विशेष आमंत्रित सदस्य और एक आमंत्रित सदस्य थे. झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो को झारखंड राज्य समन्वय समिति का सदस्य



मनोनयन किए जाने पर कांग्रेस विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव, डॉ प्रदीप कुमार बालमुचु, धीरज प्रसाद साहू , अभिलाष साहू, सतीश पौल मुजनी, राकेश सिन्हा,रमा खलखो, सुल्तान अहमद खान, अशोक चौधरी, भीम कुमार, मदन मोहन शर्मा,राजन वर्मा लाल किशोर नाथ शाहदेव संजय पांडे, सोनल शान्ति, गजेंद्र सिंह , निरंजन पासवान, जगदीश साहू, आदित्य विक्रम जायसवाल, सत्य नारायण सिंह, अरुण साहु ने बधाई दी.

### अंजुमन फरोग ए उर्दू का प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम

## राज्य में उर्दू का भविष्य शानदार है : प्रो जाजिब

संवाददाता। रांची

जन्नाथपुर प्रखंड के मौलानगर स्थित सामुदायिक भवन में अंजुमन फरोग ए उर्दू का प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम बुधवार को शिक्षक मो मतीन की अध्यक्षता में हुई. हाफिज अब्दुल बासित की तिलावत ए कुरआन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई. मुख्य रूप से जगन्नाथपुर इकाई कमेटी की स्थापना की गई. यह प्रखंड स्तर पर उर्दू की बेहतरी पर कार्य करेगी. शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्त्री पत्र व मोमेंटो से सम्मानित किया गया. अंजुमन फ्रोग ए उर्दू के कोल्हान प्रभारी सह टाटा कालेज के प्रो दानिश हम्माद जाजिब ने कहा कि झारखंड में उर्दू का भविष्य शानदार है. मौके पर मो मतीन अहमद, इम्तियाज नाजिम, शमशेर आलम, मो तहसीन ने भी अपने विचार रखा.



**कमेटी का विस्तार :** अंजुमन फरोग ए उर्दू के कोल्हान कमेटी का विस्तार किया गया. मीडिया प्रभारी काशिफ रजा, नोवामुंडी प्रखंड निगरानी मो तहसीन, मझगांव प्रखंड निगरानी में हाफिज इम्तियाज बने. इन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. जगन्नाथपुर नव कमेटी के अध्यक्ष महफूजुर्रहमान, उपाध्यक्ष मौलाना फिरोज आलम, सचिव मास्टर फिरोज अख्तर, उप सचिव रूबीना परवीन, नाजमीन परवीन, कोषाध्यक्ष मौलाना रिजवान उमरी, प्रवक्ता साबिर मीर, संरक्षक मतीन अहमद, इम्तियाज नाजिम, सऊद आलम को चुना गया. सदस्य में साइस्ता परवीन, अल्फिया निशात, रेश्मी परवीन, मेहर फिरदौस, अनवर हुसैन, शाफिया मलिक आदि हैं. मौके पर अंजुमन कोल्हान अध्यक्ष दानिश हम्माद, समन्वयक मास्टर मोजाहिद हुसैन, जिलाध्यक्ष मास्टर शमशेर आलम समेत उर्दू शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं उर्दू प्रेमी शामिल थे. संचालन हस्सामुल हसन, धन्यवाद ज्ञापन फिरोज अख्तर ने किया.

## कथाकार रणेंद्र को लखनऊ में मिलेगा आनंद सागर स्मृति सम्मान

संवाददाता। रांची

झारखंड के प्रसिद्ध कथाकार रणेंद्र आनंद सागर स्मृति कथाक्रम सम्मान 2024 से सम्मानित किए जाएंगे. कथाक्रम सम्मान समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया कि लखनऊ में 9 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान दिया जाएगा. यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हर वर्ष एक कथाकार को दिया जाता है. इससे पूर्व यह सम्मान कमलाकांत त्रिपाठी, चंद्रकिशोर जायसवाल, पंकज मित्र, ओमप्रकाश वाल्मिकी, शिवमूर्ति, असगर वजाहत, मैत्रेयी पुष्पा, दूधनाथ सिंह समेत कई लोगों को दिया जा चुका है.

**कथाकार रणेंद्र :** कथाकार रणेंद्र झारखंड के प्रशासनिक अधिकारी के तौर पर अपनी सेवा दे चुके हैं. वर्ष 2020 में वे सेवानिवृत्त हुए और उसके बाद वे अप्रैल 2024 तक झारखंड सरकार के जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के निदेशक रहे. वह साल 2003 में प्रकाशित अपने पहले उपन्यास 'ग्लोबल गांव का देवता' से हिंदी जगत में चर्चा में आए. वर्ष 2021 में प्रकाशित उनके तीसरे उपन्यास 'गूंगी रुलाई का कोरस' ने उन्हें और अधिक ख्याति दिलाई. इससे पहले 2014 में प्रकाशित उनका उपन्यास 'गायब होता देश' भी लोगों को खूब पंसद आया.

**इन्हें पहले भी मिल चुके हैं कई सम्मान :** इन उपन्यासों में रणेंद्र ने आदिवासी जीवन, समाज व संस्कृति का वर्णन बहुत ही शानदार ढंग से किया है. इन उपन्यासों को लिखने के अलावा उन्होंने चार खंडों में प्रकाशित झारखंड एनसाइक्लोपीडिया का भी संपादन किया. मालूम हो कि इससे पूर्व भी उन्हें कई सम्मान मिल चुके हैं.

### सीपी सिंह ने गोगो दीदी योजना का फॉर्म भरवाया

**रांची।** रांची के विधायक सीपी सिंह ने बुधवार को लक्ष्मीनगर( सुखदेवनगर) में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 100 से अधिक महिलाओं को गोगो दीदी योजना का फॉर्म भरवाया. कहा कि सरकार के झूठे मुकदमों, धमकियों और प्रशासनिक हथकंडों से भाजपा डरने वाली नहीं है. हेमंत सरकार की हकीकत यही है कि उन्होंने 5 साल तक झारखंड की महिलाओं को कोई सहायता नहीं दी. अब चुनाव के समय उन्हें गुमराह करने के लिए 1,000 रुपए की नकली योजनाएं पेश कर रहे हैं. "गोगो दीदी" योजना के तहत हमारी माताओं-बहनों को 2,100 रुपए हर महीने मिलेंगे. यह वादा भाजपा ने किया है और सरकार बनाते हीं हम इसे पूरा करेंगे. एक-एक घर तक इस योजना का लाभ पहुंचाएंगे. भाजपा की लड़ाई माताओं-बहनों के हक और सशक्तिकरण की है.

### जेसीआई यूथ ने ओल्ड एज होम में वाटर फिल्टर लगाया

**रांची ।** जेसीआई रांची यूथ की ओर से ओल्ड एज होम में अधिष्ठापित वाटर फिल्टर का बुधवार को इनॉग्रेशन किया गया. वाटर फिल्टर का उद्घाटन जेसीआई यूथ के पूर्व अध्यक्ष प्रतीक बदानी ने करते हुए इसे ओल्ड एज होम को समर्पित किया. संस्था अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने कहा कि जेसीआई यूथ की पहल पर लगातार समाज सेवा के कार्य किए जाते हैं. ओल्ड एज होम में वाटर फिल्टर लगने से यहां के वृद्धों एवं अन्य लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध होगा. इससे यहां के लोग काफी खुश हुए एवं संस्था के प्रति आभार जताया. मौके पर पूर्व अध्यक्ष कुशा जालान, सचिव ऋचा जालान, मोनिका गोयनका, वीजेंद्र प्रसाद, पूजा प्रसाद, अदिति बदानी, विनायक शर्मा आदि शामिल थे.



### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की जेल

**रांची।** पॉक्सो के विशेष जज आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी युवक प्रभुनाथ लोहरा उर्फ टुप्पा लोहरा को 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही अदालत ने उस पर 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है. जुर्माना नहीं देने पर उसे अलग से सजा काटनी होगी. अदालत ने पिछले सप्ताह आरोपित को मामले में दोषी करार दिया था. वह बेड़ो निवासी है. घटना को लेकर पीड़िता की मां ने 27 मई, 2020 को बेड़ो थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी. लोहरा ने खेल रही नाबालिग को सुनसान जगह पर ले जाकर घटना का अंजाम दिया था. साथ ही धमकी दी थी कि घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मार देंगे.

**पहल** जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, बोलीं शिवानी

# नशे से घर परिवार बिखर जाता है, स्वयं भी बचें व परिवार को बचाएं

- अभिभावक अपने बच्चों का रखें ख्याल

संवाददाता। रांची

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के तत्वावधान पर बुधवार को बुढ़मू प्रखंड के बेदवारी गांव में जागरूकता कायक्रम आयोजित किया गया. मौके पर एलएडीसी सदस्य, शिवानी सिंह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं एवं मानव तस्करी तथा नशा उन्मूलन पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों का ध्यान रखे, अब समय पहले जैसे नहीं रहा, लोग बच्चों को बहला-फूसला कर ले जाते हैं और



दूसरे राज्य में बेच देते हैं. नशा उन्मूलन पर उन्होंने कहा कि अभिभावक स्वयं एवं अपने बच्चों को नशा से दूर रखें. हड़िया-दारू या विदेशी शराब का सेवन न करें इससे शरीर के साथ धन की भी हानी होती है, और पूरा घर-परिवार बिखर जाता है. पीएलवी राजेंद्र महतो ने प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, बाल श्रम एवं बाल अधिकार के बारे में जानकारी दी. डालसा के पीएलवी सीमा देवी व मालती देवी ने उपस्थित लोगों को बाल श्रम, बाल अधिकार के बारे में बताया. उन्होंने बाल विवाह से संबंधित कानूनों की जानकारी भी दी.

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची ने सभी थानों में नियुक्त किये पीएलभी**

संवाददाता। रांची

झालसा के निर्देश पर एवं न्यायायुक्त सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश पर डालसा, रांची द्वारा रांची जिले के सभी थानों एवं ओपी में एक-एक पीएलभी की नियुक्ति कर दी गयी है. नवनियुक्त 53 पीएलभी को न्यायायुक्त एवं डालसा सचिव ने बधाई देते हुए कहा कि सभी मन लगाकर जनहित का कार्य करें, जो भी लोग थाने में शिकायत लेकर आए उनकी मदद करें. आवेदन लिखने या अन्य कानूनी संबंधी जानकारी में उनकी सहायता करें और निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में पूर्ण जानकारी दें और नालसा के निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए टोल फ्री नम्बर 15100 का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें.

डालसा सचिव ने नवचयनित पीएलवी को कार्य करने को लेकर आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि थाना में आनेवाले लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुने और आवेदन में लिख कर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के कार्यालय में जमा करें. जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची उनकी समस्याओं के उचित समाधान का हर संभव प्रयास करेगा. उन्होंने कहा कि पारा लीगल वॉलिन्टियर एक स्वयंसेवक है, जरूरतमंदों की सहायता करना और लोगों को सहायता पहुंचाना ही पीएलवी का प्रमुख कार्य है.



www.lagatar.in
रांची, गुरुवार 10 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल पक्ष 08, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 182
आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




**बारिश की भी श्रद्धालुओं ने परवाह नहीं की:** बुधवार की रात भारी बारिश के बावजूद रांची रेलवे स्टेशन दुर्गापूजा समिति द्वारा बनाए मां दुर्गा के पंडाल पर दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा. छतरियां लेकर श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए उमड़ पड़े. अच्छी बात ये रही कि शहर के किसी भी पंडाल में बारिश की वजह से किसी तरह की अव्यवस्था नहीं हुई. मौसम विभाग के जारी पूर्वानुमान पर भरोसा करें तो 13 अक्टूबर तक राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में कहीं जोरदार तो कहीं हल्की बारिश की संभावना जताई गई है. लेकिन मां के भक्त इन सबके बावजूद लगातार पंडालों में पहुंच रहे हैं और आशीर्वाद ले रहे हैं. – फोटो। रमीज

## दुर्गा पूजा के दौरान छोटे कारोबारियों का 20 करोड़ का होता रहा है कारोबार

# छोटे कारोबारियों के लिए तबाही लेकर आई बारिश, लाखों की क्षति

## कर्ज लेकर दुकान लगानेवालों को सता रही चिंता, कैसे चुकाएंगे कर्ज

बसंत मुंडा। रांची

दुर्गा पूजा शुरू होते ही मंगलवार शाम तेज आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश राज्य भर के छोटे कारोबारियों पर आफत बन कर बरसी. वैसे तो मां दुर्गा की आराधना के चौथे दिन रविवार की शाम भी राजधानी रांची सहित राज्य के कई इलाकों में कहीं हल्की, तो कहीं तेज बारिश हुई थी. लेकिन मंगलवार और बुधवार को हुई भारी बारिश ने ज्यादा तबाही मचाई. दुर्गा पूजा में शहर की मुख्य सड़कों के किनारे और पूजा पंडाल के आसपास पावभाजी, बर्गर, मोमो, फुचका, चाउमिन, झालमूढ़ी, समोसा, चाट सहित खाने-पीने के सामान बेचने और खिलौना सहित अन्य घरेलू उपयोग के सामान बेचने के लिए ठेला, गुमटी, टेंट-तंबू लगाये दुकानदारों पर आंधी-बारिश ने कहर बरपाया है. सेठ-महाजन से कर्ज लेकर दुर्गा पूजा में दुकान सजाये छोटे कारोबारी मौसम की बेरूखी से खासा परेशान हैं.

बारिश की वजह से टेंट, तंबू से बनाया गया दुकान ध्वस्त हो गया और पूजा के दौरान उमड़नेवाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए जो काने-पीने के सामान तैयार किये गये ते, सारे के सारे के बेकार हो गये. उन्हें इस बात की चिंता सता रही है कि इसी तरह पूरे पूजा के दौरान बारिश होती रही, तो उनका कारोबार तो चौपट होगा ही, कर्ज लेकर जो पूंजी लगाई थी, वह भी निकल पाएगा. ऐसे में उन्हें इस बात की चिंता सता रही है कि आखिर कर्ज कैसे सधा पाएंगे. दो दिन की बारिश में छोटे कारोबारियों को लाखों का नुकसान हो चुका है. खाने-पीने के सामान बेचने वाले तो सामान खराब होने के कारण परेशान हो रहे हैं, वहीं पूजा पंडाल के पास पूजा समिति से जगह किराये पर लेकर टेंट-तंबू में दुकानें सजाईं, लेकिन किराया तक पैसा नहीं निकल पाने की चिता इन छोटे कारोबारियों को सता रही है. अकेले रांची में छोटे करोबारियों का 20 करोड़ का कारोबार हुआ करता था, जो ठप पड़ जाएगा. इसके अलावा छोटे होटलों ने भी तैयारी कर रखी है, लेकिन बारिश से लोगों के कम संख्या में निकलने के कारण दो दिन में उन्हें भी हजारों का नुकसान हुआ है.





### बारिश के कारण ठंड का अहसास, आईसक्रीम-कोल्ड ड्रिंक्स की बिक्री घटी

दूर्गापूजा के दौरान सड़क किनारें दुकानें सजा कर कोल्ड ड्रिंक्स व आईसक्रीम बेचनेवाले छोटे कारोबारियों ने पर्याप्त स्टॉक मंगा कर रखा था, लेकिन दोपहर बाद से ही बारिश शुरू हो जाने के कारण बिक्री प्रबावित हुई है. कास कर बारिश की वजह से ठंड का अहसान भी होने लगा है, ऐसे में पैकट बंद आइसक्रीम के साथ- साथ कोल्ड ड्रिंक्स के ग्राहक नहीं मिल रहे. पूजा के दौरान होटलों मे भीड़ रहा करती थी, लेकिन दो दिन से उनका कारोबार भी लगभग ठप है. बारिशकी वजह से चूंकि लोग घरों से निकले ही नहीं, तो कारोबार पर असर पड़ना स्वाभाविक है.

### खिलौने बेचनेवालों की चिंता, दो दिन से बोहनी तक नहीं हुई, क्या करें...

पूजा के दौरान सड़क किनारे फुटपाथ पर खिलौने, बैलून सहित ठेलों पर घरेलू सामान की बिक्री करनेवाला का कारोबार लगभग ठप है. पूजा के दौरान जो लोग अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ घूमने निकला करते थे, वे बच्चों के लिए खिलौने की खरीदारी किया करते थे, लेकिन बारिश के कारण घरों में ही कैद हो गये. बारिश में भींग कर पूजा घूमने के बजाये घरों में रहना ही बेहतर समझा. मेन रोड दुर्गा मंदिर के पास तंबू लगाकर खिलौने की दुकान लगाए राजू चौरसिया का कहना है कि 20 हजार रुपये कर्ज लेकर खिलौनों की दुकान सजायी थी, लेकिन दो दिन की बारिश ने सारा का सारा कारोबार चौपट कर दिया. दो दिन में बोहनी तक नहीं हुई. सप्तमी से भीड़ बढ़ने की उम्मीद थी, लेकिन बारिश ने सब चौपट कर दिया. अगले दो-तीन दिन यही हाल रहा, तो पूरी पूंजी डूब जाएगी और भारी नुकसान उठाना पड़ेगा.

### होटलों और मिठाई दुकानों के सामान खराब होने का डर

पूजा में उमड़नेवाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए शहर के छोटे होटलों व मिठाई दुकान वालों ने मिठाइयों का स्टॉक तैयार रखा है, लेकिन बारिश के कारण दो दिन से ग्राहक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे मिठाइयां खराब होने का डर सता रहा है. सूखी मिठाइयां तो फिर भी कुछ दिनों तक चल जाएंगी, लेकिन गीली व रसवाली मिठाइयां खराब हो जाएंगी,तो ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा. वैसे कुछ होटलों में समोसा, कचौरी, आलूचाप, वेजीटेबल चाप बनाने के लिए ज्यादा मात्रा में आलू-सब्जियां आदि उबाल कर रख लिया गया है, लेकिन बिक्री कम होने से माल की खपत कम हुई, तो उबाली सब्जियां खराब होने के कारण भी नुकसान पड़ा.

### फुचका कारोबारी मदन गुप्ता बोले- पूंजियो डूब जाई

किशोरगंज चौक के पास ठेले पर फुचका बेंचनेवाले छोटे कारोबारी मदन प्रसाद गुप्ता बताते हैं कि महाजन से 20 हजार रुपया कर्ज लेकर फुचका तैयार कर रखा था. पूजा में बंपर बिक्री की उम्मीद थी, लेकिन मंगलवार को बारिश के कारण आधा से ज्यादा माल पड़ा ही रह गया. रात 12 बजे बजे तक ग्राहकों के इंतजार में ठेला लगाये रहे, लेकिन बारिश के कारण लोग कम ही निकले. आधा माल मेहरा गया, जिसका कोई मोल ही नहीं रहा. घर पर भी पर्याप्त मात्रा में फुचका छानकर तैयार रखा है. यदि बारिश ऐसे ही होती रही, तो सारा तैयार पुचका मेहरा कर बेकार हो जाएगा. दो दिन से खोंमचे में ऊपर ताक प्लास्टिक में पैक कर फुचका ला रहे हैं, लेकिन बिक्री कम होने के कारण आधा माल लौटा कर ले जाना पड़ता है. बार-बार प्लास्टिक हटाने से फुचका मेहरा भी जा रही है



**पूजा समितियों के आयोजन ठप पड़े, कलाकारों की बुकिंग के पैसे डूबे :** पूजा के दौरान राजधानी रांची की विभिन्न पूजा समितियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित भजन-गीत के कार्यक्रम के लिए मोटी रकम देकर कलाकारों री बुकिंग कर रखी है, लेकिन बारिश की वजह से ऐसे आयोजनों पर भी असर पड़ रहा है. कार्यक्रम नही हो पाने के कारण पंडाल, स्टेज , साउंड सिस्टम और कलाकारों की फीस पर भुगतान की राशि डूबने से पूजा समितियों को भी बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है.

### समय पर नहीं मिली एंबुलेंस, बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत



**रांची।** सही समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने से एक व्यक्ति की इलाज के अभाव में हार्ट अटैक से मौत हो गयी. यह घटना करम टोली चौक की है. बुधवार की सुबह एक बुजुर्ग व्यक्ति को अचानक हार्ट अटैक आया. इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस को कॉल किया, लेकिन सही समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंच पाई. इसके बाद उस व्यक्ति को ऑटो से नजदीकी अस्पताल ले जाने का प्रयास किया गया लेकिन बुजुर्ग व्यक्ति की बीच रास्ते मे ही मौत हो गई.

## ब्रीफ खबरें

### दुर्गा पूजा पर कूरियर सेवाएं बंद रहेंगी

**रांची।** झारखंड कोरियर एसोसिएशन के पदाधिकारियो की एक बैठक बुधवार को संगठन के अध्यक्ष प्रेम मित्तल की अध्यक्षता में हुई. बैठक में मुख्य रूप से दुर्गा पूजा के अवसर पर अवकाश पर चर्चा हुई. निर्णय लिया गया कि अष्टमी- नवमी- दशमी यानी 10 अक्तूबर से 12 अक्तूबर तक कोरियर कंपनियां पूर्णतः बंद रहेंगी. प्रेम मित्तल ने बताया कि अगला दिन रविवार है. इस कारण कूरियर सेवाएं गुरुवार से चार दिनों तक बंद रहेंगी. बैठक में प्रेम मित्तल के अलावा सचिव प्रदीप राजगढ़िया, बसंत मुरारका, सुरेश शर्मा , दीपक कुमार पंकज, गंगेश ठाकुर, राजीव सिंह, अमरिंदर सिंह पप्पू व अन्य उपस्थित थे.

### हेमंत कैबिनेट की अगली बैठक 14 को

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 14 अक्टूबर सोमवार को बुलाई गई है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में राज्य के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे. बैठक दिन के 12 बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी. यह माना जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर लगने वाले आदर्श आचार संहिता के पहले यह आखिरी बैठक होगी. राज्य सरकार इस दिन कई लोकलुभावन निर्णय ले सकती है.

### महिलाओं की सुरक्षा में शक्ति कमांडो की तैनाती

**रांची।** दुर्गा पूजा के दौरान राजधानी रांची में छेड़खानी करने वाले और छिनैती करने वाले अपराधियों पर पुलिस विशेष नजर रख रही है. इसे लेकर रांची पुलिस के साथ शक्ति कमांडो की तैनाती की गई है. महिलाओं की सुरक्षा के लिए जगह-जगह शक्ति कमांडो की तैनाती की गई है. सभी पूजा पंडालों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में शक्ति कमांडो गश्त करेगा और मनचलों पर नजर रखेगा. दुर्गा पूजा को लेकर रांची के सभी स्कूलों और कॉलेजों के साथ-साथ कोचिंग संस्थान में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं. ऐसे में शक्ति कमांडो अब स्कूलों और कॉलेजों की ड्यूटी से फ्री हो गई हैं. इसलिए अब शक्ति कमांडो को दुर्गा पूजा के दौरान छेड़खानी और छिनैती जैसी वारदातों को रोकने के लिए ड्यूटी पर तैनात किया गया है. डीआईजी अनूप बिरथरे ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि न सिर्फ शक्ति कमांडो, बल्कि महिला पुलिसकर्मियों के साथ-साथ महिला थाना प्रभारियों को भी दुर्गा पूजा को लेकर अलर्ट मोड में रखा गया है. उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में डायल 112 के माध्यम से कई शिकायतें आ रही हैं.

### भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट पर कड़ी कार्रवाई

**रांची।** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा उत्सव को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए रांची पुलिस ने आम लोगों से अपील की है. पुलिस ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि किसी भी प्रकार का सांप्रदायिक तनाव, अफवाह फैलाने या असुरक्षा पैदा करने वाली गतिविधियों को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

**सोशल मीडिया पर सावधानी बरतें :** रांची पुलिस ने सोशल मीडिया यूजर्स से दुर्गा पूजा के दौरान विशेष सावधानी बरतने का आह्वान किया है. पुलिस ने सख्ती से कहा है कि भ्रामक, गलत, अफवाहें फैलाने वाली या आपत्तिजनक पोस्ट, तस्वीरें, वीडियो और संदेश साझा करने से बिल्कुल परहेज करें. सोशल मीडिया ग्रुप एडमिन से अपील की गई है कि वे अपने ग्रुप में ऐसी किसी भी सामग्री को पोस्ट करने से बचें जो सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने, भ्रम फैलाने, या अशांति पैदा करने वाली हो. किसी भी तरह की अफवाह या संदिग्ध जानकारी पाते ही तुरंत पुलिस को सूचित करें. पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस तरह की गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. शहर में किसी भी प्रकार के डीजे या अन्य अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले उपकरणों के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है. इस कड़े कदम से ध्वनि प्रदूषण को रोकने और शांति बनाए रखने की उम्मीद है.

**प्रदर्शन** अपनी मांगों को लेकर पांच अक्टूबर से राज्य की सेविका-सहायिकाएं हैं हड़ताल पर

# 38 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों में ताले, वोट बहिष्कार की धमकी

विशेष संवाददाता। रांची

काम अधिक और पैसा सुविधा कम का नारे को लेकर पूरे राज्य भर के आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाएं हड़ताल पर हैं. राज्य के 38432 आंगनबाड़ी केंद्रों में विगत पांच अक्टूबर से ताले लटक गए हैं. इन्हें आशा थी कि आठ अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक में राज्य की हेमंत सोरेन सरकार उनकी मांगों पर विचार करेगी और कोई निर्णय लेगी. मगर सरकार ने कोई विचार नहीं किया गया.

इससे नाराज आंगनबाड़ी केंद्रों के सहायिका और सहायिकाएं आर-पार के मूड में नजर आ रही हैं. झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संयुक्त मोर्चा के रांची जिला अध्यक्ष सुमन कुमारी ने बताया कि अगर विधानसभा चुनाव की घोषणा के पूर्व सरकार कोई निर्णय नहीं लेती है तो इसका खमियाजा सरकार को उठाना पड़ेगा. चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा. उन्होंने बताया कि विगत 16 सितंबर को वे लोग मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी मांग को रखा. इसके बाद से लोग मोरहाबादी में सभा किया, मशाल जुलूस निकाला. पांच अक्टूबर से राजभवन के समक्ष धरना पर हैं. झामुमो विधायक ने कहा था कि मांगों पर सरकार विचार करेगी. मगर कोई निर्णय नहीं हुआ.



रांची में प्रदर्शन करतीं आगनबाड़ी सेविकाएं-सहायिकाएं.

### सेविका और सहायिकाएं की ये हैं मांगे

- विभाग द्वारा जारी सेवा शर्त नियमावली की अधिसूचना संख्या 2238एवं 2239 दिनांक 30/09/2022 में आंशिक संसोधन के लिए पूर्व समर्पित आवेदन पर अविलंब विचार हो .
- **सहायक अध्यापक, पारा शिक्षकों के समान सेविका– सहायिका को मानदेय वेतनमान मिले . वृद्धि की जटिलताओं को दूर किया जाये ताकि समय पर बार्षिक मानदेय वृद्धि में कोई परेशानी नहीं हो .**
- मानदेय का भुकतान केंद्रांश एवं राज्यांश मद की राशि एक साथ ससमय हो भुगतान के लिए चक्रिय कोष की व्यवस्था हो .
- **सेवा निवृत्ति के बाद सेविका को 10 लाख एवं सहायिका को 5 लाख एक मुस्त सेवा निवृति का लाभ भुगतान हो तथा अंतिम मानदेय का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में भुगतान की स्वीकृति दी जाए .**
- महिला पर्यवेक्षिका के पद पर शत प्रतिशत वरीयता के आधार पर सेविका को प्रोन्नति दी जाए .
- सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार सभी संविदा कर्मियों के बीच मानदेय विसंगति को दूर कर भुगतान हो .

## जेटीडीसी के नाम पर फर्जी खाता में 10.40 करोड़ ट्रांसफर मामला

# एटीएस-सीआईडी ने की पूछताछ, 1 करोड़ बरामद

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (जेटीडीसी) के नाम पर फर्जी खाता खोल कर उसमें 10.40 करोड़ रुपए ट्रांसफर करने के मामला सामने आया है. इस मामले में डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया. जिसमें एटीएस एसपी ऋषभ झा और सीआईडी की टीम और तीन एएसपी को शामिल किया गया था. मामले को लेकर धुर्वा थाने में गिरजा प्रसाद, आलोक व अमरजीत कुमार के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है.

**सभी से की गई पूछताछ :** एसआईटी ने गिरजा प्रसाद, आलोक कुमार और अमरजीत को हिरासत में ले पूछताछ की. पूछताछ में इन दोनों ने संलिप्तता स्वीकार करते हुए अन्य साजिशकर्ता के नाम के बारे में बताया. जिसमें से पुलिस के द्वारा (1) रूद्र सिंह और लोकेश्वर को हिरासत में लेकर इनसे पूछताछ की गई. इनकी निशानदेही पर लगभग 85 लाख नकद तथा 15 लाख के सोने के गहने, लगभग एक करोड़ की राशि को बरामद किया गया.



**क्या है मामला :** तीन अक्टूबर को जीएम फाईनेंस, टूरिज्म कॉरपोरेशन द्वारा 10.4 करोड़, झारखंड विद्युत वितरण निगम के मास्टर ट्रस्ट द्वारा नौ करोड़ की हेराफेरी कर फर्जी अकाउंट से निकासी की शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज की गई. इसके बाद चार अक्टूबर को ऊर्जा उत्पादन निगम द्वारा 40.5 करोड़ और विद्युत वितरण निगम के मास्टर ट्रस्ट द्वारा 56.5 करोड़ की राशि फर्जी अकाउंट के द्वारा निकासी की शिकायत पोर्टल पर दर्ज करायी गई.

इन सभी शिकायतों के आधार पर सीआईडी में कांड दर्ज कर एसआईटी के द्वारा अग्रतर अनुसंधान, सरकारी राशि को विभिन्न बैंक अकाउंटों में फ्रिज और छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है. अभी तक कुल तीन सौ विभिन्न फर्जी अकाउंटों की जानकारी प्राप्त हुई है. जिनमें से सबसे ज्यादा फर्जी अकाउंट उत्कर्ष स्मॉल फाईनांस बैंक में खोले जाने की बात सामने में आई है. अब तक के अनुसंधान में एसआईटी के द्वारा लगभग 39 करोड़ 70 लाख रूपये विभिन्न खातों में फ्रिज किये गये हैं.

## ब्रीफ खबरें

### आदिवासियों का संवैधानिक हक है सरना धर्मकोड: नेहा तिर्की

**इटकी।** आदिवासियों का संवैधानिक अधिकार सरना धर्म कोड देकर ही उनकी संस्कृति की रक्षा कर पहचान दी जा सकती है. झारखंड की हेमंत सरकार ने सरना धर्मकोड को पारित कर कर केंद्र को भेजी, किंतु भाजपा सरकार आदिवासियों भला नहीं चाहती है. उक्त बातें मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को इटकी प्रखंड के गढ़ गांव में आयोजित सरना प्रार्थना सभा का 24वां वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए कही. उन्होंने आदिवासी समाज को शिक्षा पर बल देते हुए संगठित होकर अपनी धर्म,परंपरा, संस्कृति को बचाये रखने के लिए संघर्ष करने की बातें कही. इससे पूर्व दर्जनों गांवों के प्रार्थना सभा भजन मंडली द्वारा भजन, सरना गीत की प्रस्तुति की. कार्यकारी अध्यक्ष खद्दी उरांव की अध्यक्षता में आयोजित सरना प्रार्थना सभा की शुरुआत पाहन की अगुवाई में सरना मां को जल चढ़ा कर व सामूहिक प्रार्थना से की गई. कार्यक्रम में संरक्षक राणा प्रताप उरांव, विद्या सागर केरकेट्टा, अध्यक्ष सुरेश उरांव, सचिव सुशील उरांव, दासु उरांव, अंगनु उरांव, बुदू उरांव, कार्तिक उरांव, राजकुमार उरांव सहित सेमरा, केसा, रांची, जरिया, खोरमा टोली रांची आदि शामिल थे.

### ओरमांझी के नए बीडीओ ने पदभार ग्रहण किया

**ओरमांझी।** प्रखंड के नए बीडीओ के रूप में कामेश्वर बेदिया ने पदभार ग्रहण किया. वहीं ओरमांझी के बीडीओ रहे विजय कुमार ने नामकुम प्रखंड का पदभार ग्रहण किया. ओरमांझी के बीडीओ कामेश्वर बेदिया इससे पहले चाईबासा में अपनी सेवा दे रहे थे. नए अधिकारी के सामने विधानसभा चुनाव संपन्न करना और विकास कार्यों को तेज करने की सबसे बड़ी जवाब देही होगी.

### बुढ़मू में ग्रामीणों ने किया पौधरोपण

**बुढ़मू।** प्रखंड क्षेत्र के कोइजम में ग्राम सभा द्वारा खाली वनभूमि के 3.50 एकड़ जमीन पर फलदार पौधा जामुन, कुसुम,आंवला, आम, कटहल, अमरूद, बांस, बेल और महोगनी के पौधे लगाए गए और सभी पौधों को बचाने का संकल्प लिया गया. ग्रामीणों ने गांव से चंदा कर पौधों को खरीदा. कार्यक्रम को सफल बनाने में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन का अहम योगदानरहा. झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन से धर्मेश भगत, इंदिरा भगत और कुंदन कुमार सहित गांव के सभी ग्रामीण मौजूद थे.

### स्कूटी व साइकिल की टक्कर, तीन घायल

**अनगड़ा।** सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के ढेलुआखूंटा गांव के पास स्कूटी और साइकिल में सीधी टक्कर हो गई. हादसे में साइकिल सवार ढेलुआ खूंटा गांव निवासी श्याम कृष्ण कार्की गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं स्कूटी सवार भुसूर गांव निवासी प्रकाश महतो और एक अन्य युवक को भी चोट आई है. सिकिदिरी थाना की पुलिस तीनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले गई. बताया जाता है कि श्याम कृष्ण कार्की साइकिल पर सवार होकर अपने घर से खालसा की ओर जा रहा था.

### पूजा पंडालों के पट श्रद्धालुओं के लिए खुले

**चान्हो/मांडर।** चान्हो और मांडर प्रखंड में बुधवार को पूजा पंडाल का पट आम लोगों के दर्शन के लिए खोल दिए गए हैं. चान्हो प्रखंड के सिलागाई में पूजा पंडाल का उद्घाटन पूर्व डीडीसी डॉ परमेश्वर भगत, कांग्रेस पार्टी के पीसीसी डेलीगेट दिलीप सिंह और पूजा समिति के अध्यक्ष अनिल गोप नेकिया. चान्हो बाजारटांड़ में पंडाल का उद्घाटन भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने किया. वहीं मांडर शिव दुर्गापूजा समिति द्वारा मांडर के पूर्व थाना प्रभारी राम नारायण सिंह और वर्तमान थाना प्रभारी राहुल को चुनरी पहनाकर स्वागत किया गया. इसके साथ ही पतरातू, सोस, ओपा, चान्हो बाजारटांड़, बीजूपाड़ा, करकट, चोरेया मोड़, चोरेया और चामा में तथा मांडर प्रखंड के सोसई आश्रम, मांडर थाना गेट, मुड़मा, ब्रांबे और चुंद मेंभी पंडाल के पट खोल दिए गए.

### मां दुर्गा के दर्शन कर निहाल हुए भक्त

**इटकी।** प्रखंड के दुर्गाबाड़ी सहित अन्य पंडालों की पट खोल दिए गए हैं. सार्वजनिक पूजा समिति और भूत पूर्व जमींदार के वशंज बनिया टोली स्थित तालाब पहुंचे. इसके बाद नवपत्रिका की पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना कर मां दुर्गा का आह्वान किया. बांस की डोली में नवपत्रिका के साथ माता रानी को विराजमान कर पूजा स्थल पहुंचे. पूजा स्थल पर पं शत्रुघ्न पांडेय और दुर्गा बाड़ी पं राजेन्द्र मिश्र द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गई.

# अप्रैल में हुई शादी, अक्टूबर में गर्भवती मिंकी की हुई मौत

पवन सिंह। हुसैनाबाद (पलामू)

नबीनगर थाना क्षेत्र के दुधेश्वर प्रसाद गुप्ता ने पलामू के पुलिस अधीक्षक को मांग पत्र देकर उनकी पुत्री मिंकी कुमारी की हत्या का आरोप ससुराल पक्ष पर लगाया है. उन्होंने हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है. दुधेश्वर प्रसाद ने बताया कि उनकी पुत्री मिंकी कुमारी की शादी 20 अप्रैल 2024 को पलामू के हरिहरगंज के सतगनवां निवासी सूर्यदेव साव के पुत्र सौरभ कुमार गुप्ता के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी. लगातार ससुराल के लोग मिंकी को प्रताड़ित करने लगे. उनका कहना था की तुम मायके से चार चक्का गाड़ी, पांच लाख रुपया और सोने का चैन मांगो तभी तुम्हे ठीक से रहने दिया जाएगा. उन्होंने मिंकी कुमारी को मायके भेज दिया. घर के लोग फोन पर गाड़ी चैन और पैसे की मांग करने लगे.उन्होंने कहा कि जबतक यह सब नहीं मिलेगा. लड़की को नहीं ले जायेंगे. काफी आरजू मिन्नत के बाद वह घर आए तो बोले की स्टांप पेपर पर लिख कर दें की हम यह सभी समान और नगद इतना दिन में देंगे तभी लड़की को ले जायेंगे. वह लड़की को ले जाने को तैयार हुए. एक अक्टूबर 2024 को दामाद सौरभ कुमार गुप्ता ने मिंकी के भाई रोहित कुमार गुड्डू को फोन पर बोला की मिंकी का डेंगू से इलाज करा कर लौट रहे हैं. अपलोग हरिहरगंज पहुँचिए. आने पर देखा की उनकी पुत्री मिंकी कुमारी दो तल्ला पर कमरे में मृत पड़ी थी. थाना जाकर थाना को सूचना देने पर पुलिस घटना स्थल पहुँच कर छान बीन की व शव को पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल भेज दिया. उन्होंने बताया कि हरिहरगंज थाना में मृतका मिंकी कुमारी के पति सौरभ कुमार गुप्ता, ससुर सूर्यदेव साव, सास मुन्नी देवी, दामाद के भाई प्रफुल्ल प्रसाद, संध्या देवी एवं देवर के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराया है. उन्होंने कहा कि मेरी पुत्री चार महीने की गर्भवती थी. जिसे इन दरिंदों ने बेरहमी से जान ले ली है.

मृतका के पिता ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि उनकी पुत्री के हत्यारों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है. उन्होंने हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग पुलिस अधीक्षक से की है. मृतका के परिजन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल का चक्कर लगा रहे हैं. पोस्टमॉर्टम के बाद चिकित्सकों ने परिजनों से हत्या की बात भी कही थी.


मृतका मिंकी की फाइल फोटो.

**हुसैनाबाद**

- मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित कर मारने का लगाया आरोप
- पिता ने पलामू एसपी से हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की

# वज्रपात में चार मजदूरों की मौत

संवाददाता। लातेहार

बुधवार की शाम तकरीबन पांच-छह बजे अचानक हुई वज्रपात में चार मजदूरों की मौत हो गई. घटना जिले के महुआडांड़ प्रखंड के ओरसा पंचायत की है. इस घटना में दो लोग घायल भी हो गए. मृतकों में संजय नगेसिया, लालू नगेसिया, रविशंकर नगेसिया, जितेंद्र लोहरा शामिल हैं. राजेश नगेसिया, पंचम लोहरा गंभीर रूप से घायल हैं. महुआडांड़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने मजदूरों की मौत की पुष्टि की है. बताया जा रहा है की मजदूर काम कर अपने गांव ओरसा लौट रहे थे. इसी बीच अचानक बारिश शुरू हो गई. बारिश से बचने के लिए सभी मजदूर पास में ही एक पुलिया के नीचे छिप गए. इसी दौरान अचानक वज्रपात हो गया. जिसमें सभी लोग घायल हो गए. स्थानीय लोगों की मदद से सभी को अस्पताल लाया गया. डॉक्टरों ने चार मजदूरों को मृत घोषित कर दिया. दो घायल मजदूरों का इलाज चल रहा है. बताया जाता है कि वज्रपात के बाद सभी घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए तुरंत एंबुलेंस को बुलाया गया. लेकिन सड़क नहीं रहने के कारण एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच नहीं पाया. घायलों को गांव से ही एक निजी वाहन में बैठा कर नदी किनारे लाया गया. उसके बाद एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया.

**अस्पताल पहुंचे विधायक रामचंद्र सिंह:** घटना की जानकारी मिलने के बाद विधायक रामचंद्र सिंह महुआडांड़ अस्पताल पहुँचे और मृतक व घायलों के परिजनों से मुलाकात की. विधायक ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि वे परिजनों को हर संभव मदद मुहैया कराएंगे.

धार्मिक अनुष्ठानों के बीच बेलवरण अधिवास एवं आमंत्रण पूजा संपन्न

# बेड़ो के पूजा पंडाल का पट खुले,उमड़ी भक्तों की भीड़

संवाददाता। बेड़ो

श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति बेड़ो के तत्वावधान में आयोजित दुर्गा पूजा के दौरान भारी बारिश के बीच भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना के बाद पंडाल का पट्ट दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया गया. इस मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, हिन्दू जागरण मंच के वाणी कुमार रॉय, पूर्व सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार रॉय, पंसस राखी भगत, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह, महावीर गोप, राजेश साहु सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्र में सुख शान्ति व समृद्धि की कामना कर मां दुर्गा के छठे स्वरूपा मां कात्यायनी की आराधना किया. इधर बुधवार को मां कात्यायनी की पूजा अर्चना कर मां दुर्गा के मंदिर का पट आम दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया गया . वहीं बुधवार की शाम पुजारी सुबोल देवघरिया की अगुवाई में मां कात्यायनी की पूजा अर्चना करते हुए यजमान मनोरंजन देवघरिया तथा गौतम देवघरिया ने बिल्ववरण पूजा का धार्मिक अनुष्ठान पूरा किया. वहीं पूजारी अशोक पंडा ने गणेश पूजन कराया. मौके पर महासमिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे. इधर पंडाल के उद्घाटन के साथ लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, पूर्व डीडीसी डॉ परमेश्वर भगत, अंचलाधिकारी प्रताप मिंज सहित अन्य लोगों ने उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया. ढोल ढाक नगाड़ों शहनाई घंट तथा शंख की ध्वनि के बीच पंडाल का उद्घाटन किया गया. वहीं दूसरी ओर बेड़ो प्रखंड के पाकलमेडी. गांव में झोपड़ीनुमा पंडाल की अनुकृति हर किसी को आकर्षित कर रही है. यहां पंडाल के विशेष अनुकृति की लोग खूब प्रशंसा कर रहे हैं. यहां पूजा को सफल बनाने में पुजारी निकुंज पाठक, यजमान अभिनव कुमार, राजु महतो, संरक्षक नवदीप कुमार महतो अध्यक्ष अजीत कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष सूरज महतो, अनुज महतो, उपाध्यक्ष निखिल कुमार, सचिव सतीश कुमार, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार मेहता आदि शामिल थे.


पंडाल के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित अतिथि एवं पदाधिकारी.

## ठाकुरगांव के पूजा पंडाल का हुआ उदघाटन



**बुढ़मू।** माँ शारदीय दुर्गा पूजा समिति भांटबोड़या, ठाकुरगांव के पूजा पंडाल का उदघाटन बुधवार को किया गया. उदघाटन आजसू के जिलाध्यक्ष संजय महतो,जिप सदस्य रामजीत गंझु,प्रमुख सत्यनारायण मुंडा,आजसू के कांके विस डॉ अशोक नाग,आजसू के जिला कोषाध्यक्ष बीरेंद्र तिवारी ने संयुक्त रूप से किया. मौके पर आजसू के जिलाध्यक्ष ने कहा कि दुर्गा पूजा हमे बुराइयों को त्यागकर अच्छाई को अपनाने का संदेश देता है. संजय महतो ने कहा कि धर्म के रास्ते मे चलकर ही मनुष्य का उद्धार हो सकता है. इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, राजू नायक,विकास साहु, मोहन महतो,परिबा साहु, अमृत महतो,बिजय महतो,जयकुमार साहु समेत अन्य मौजूद थे.

## हिंडालको ने पहली बार रामलीला का किया मंचन,उमड़ी दर्शकों की भीड़

**सिल्ली/मुरी।** हिंडाल्को मुरी परिवार ने मंगलवार के दिन हिंडालको एलुमिना क्लब परिसर में पहली बार रामलीला का मंचन हुआ. आयोजन में सिल्ली मुरी क्षेत्र से काफी संख्या में भक्त जनों ने भाग लिया. मंचन में "सीता स्ववंर"से लेकर "सीता हरण" तक की प्रस्तुति दी गई. प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिंडाल्को के प्लांट हेड रोहित चौरसिया ने सभी कलाकारों का उत्साहवर्धन किया . उनके प्रयासों की भूरी भूरी प्रशंसा और सराहना भी की.कार्यक्रम में नवनीत श्रीवास्तव, राजेश बिंदल, एचआर हेड अरुण राय और श्रद्धा श्रीवास्तव का सराहनीय योगदान रहा .

## बुंडू के सभी पूजा पंडालों के पट खुले,दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़े

**बुंडू।** बुंडू के सभी दुर्गा पूजा का पंडाल सज धजकर तैयार है एवं आज ही सभी पूजा का पंडाल दर्शनर्थियों के लिए खोल दिया गया. हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मिलन मंदिर सेवा संघ बुंडू, बिहार क्लब, बजरंग दल, श्याम सुंदर भूदेव समिति, विशाल क्लब, जिला परिषद परिसर स्थित मां दुर्गा, बजरंग संघ, शिवशक्ति क्लब, जनकल्याण संघ और पौराणिक राजा घर की मूर्ति व पंडाल दर्शकों के आकर्षण का केन्द्र होगा. जैसा कि पूर्व से ही बुंडू तमाड़, सोनाहातु, राहे ,अड़की , तैमारा जामचुंआं तक के लोगों के भक्तों के आकर्षण का केन्द्र रहता है.

## ककरिया में बेलवरण अधिवास एवं आमंत्रण अनुष्ठान संपन्न



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के ककरिया में दुर्गा पूजा पंडाल का पट खुला वहीं लापुंग दोलैचा एवं दानेकेरा के पुजा पंडालों का पट गुरुवार को खुलेगा. बुधवार को बारिश के बीच ककरिया में पट खुलते ही दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी. हालांकि बारिश में थोड़ा अनुष्ठान में खलल डाली. बावजूद इसके ककरिया दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित दुर्गा पूजा के दौरान षष्ठी तिथि को बेलवरण की पूजा अर्चना की गई. इस दौरान मुख्य पुजारी गौरव पाठक ने मिथिलेश पती के साथ मिलकर अधिवास एवं आमंत्रण पूजा अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया. ढोल, ढाक नगाड़ों, शहनाई घंट और शंख की प्रतिध्वनि के बीच आमंत्रण के माध्यम से मां दुर्गा को आमंत्रित किया गया.

# 260 ग्राम अफीम के साथ तस्कर धराया

संवाददाता। मेदिनीनगर

जिले में पुलिस ने लाखों की अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार इजराइल आलम उर्फ गोल्डन पर अफीम की तस्करी का आरोप है. पुलिस ने इजराइल के पास से लाखों की अफीम की एक बड़ी खेप भी बरामद की है. पुलिस पूछताछ में उसने कई बड़े खुलासे किए हैं. जिसके बाद पुलिस आगे का अभियान चला रही है.

इजराइल अपने जूते में अफीम छुपाए हुए था. सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि टाउन थाना क्षेत्र के कचरवा डैम के पास अफीम की खरीद बिक्री होने वाली है. इसी सूचना के आलोक में टाउन थाना की पुलिस ने मौके पर रेड की और सर्च अभियान शुरू किया. पुलिस के सर्च अभियान को देख कर एक युवक मौके से भागने की कोशिश कर रहा था. पुलिस ने भाग रहे युवक को दौड़ा कर पकड़ा और उससे पूछताछ की. एसडीपीओ ने बताया कि जूते में अफीम छुपाई गई थी, जिसका वजन 260.36 ग्राम है. पुलिस को कई जानकारी मिली है एवं एक व्यक्ति का नाम भी सामने आया है. इजराइल उर्फ गोल्डन तरहसी थाना क्षेत्र के जमना गांव का रहने वाला है. उसने पुलिस को बताया कि सदर थाना क्षेत्र के जमना के रहने वाले एक व्यक्ति ने उसे अफीम दी थी. छापेमारी में एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और इंस्पेक्टर सोनू कुमार आदि शामिल थे. एसडीपीओ ने बताया कि जूते में अफीम की खेप को छुपाया गया था, जिसका वजन 260.36 ग्राम है.


तस्कर की गिरफ्तारी की जानकारी देते एसडीपीओ.

## टीपीसी कमांडर हरेंद्र गंझू समेत दो उग्रवादी ढेर, एके 47 बरामद

**चतरा।** चतरा पुलिस और टीपीसी उग्रवादी के बीच मुठभेड़ हुई. यह घटना बुधवार की रात वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर स्थित गनियोतरी जंगल में हुई. जहां एसपी विकास पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में सर्च अभियान पर निकली पुलिस टीम का सबजोनल कमांडर हरेंद्र गंझू दस्ते के मुठभेड़ हुई है. इस मुठभेड़ में दोनों ओर से गोलीबारी हुई. जिसमें हरेंद्र गंझू और ईश्वरी गंझू नाम का दो उग्रवादी मारे गए. इन उग्रवादियों के पास से एक एके 47 और एक देशी कट्टा बरामद हुआ है.

**दो जवानों की हत्या में शामिल था हरेंद्र:** चतरा में आठ फरवरी 2024 शाम टीपीसी उग्रवादियों और पुलिस के बीच भीषण मुठभेड़ हुई थी. यह मुठभेड़ हरेंद्र गंझू के दस्ते साथ हुई थी.इसमें पुलिस के दो जवान शहीद हो गए, जबकि तीन जवान जख्मी हो गए थे. शहीद जवानों में सुकन राम पलामू के तरहसी, जबकि सिकंदर सिंह गया के वजीरगंज के रहने वाले थे.

# कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को बरी किया

संवाददाता। मेदिनीनगर

जिला एमपी एमएलए कोर्ट के स्पेशल मजिस्ट्रेट अमित आकाश सिन्हा की कोर्ट ने चैनपुर थाना कांड संख्या 307/ 2019 के आरोपी पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है. त्रिपाठी के विरुद्ध पथ निर्माण विभाग डाल्टनगंज के जेई राजीव रंजन ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी. जो चैनपुर थाना कांड संख्या 307/2019 तिथि 30 नवम्बर 2019 को भादवि की धारा 188 व 134 बी लोक प्रतिनिधित्व एक्ट के तहत दर्ज किया गया था.

दर्ज प्राथमिकी में त्रिपाठी पर आरोप था कि सूचक कोशियारा बूथ नम्बर 73,72,71,74,75 व 76 की डयूटी कर रहा था. इतने में 10:40 बजे केएन त्रिपाठी जो कांग्रेस के प्रत्याशी थे, बूथ पर आए, लोगों से पूछा- कैसी वोटिंग चल रही है. इसपर वोट करने वालों ने कहा ठीक है. तब उन्होंने कहा, देखेंगे इस पर लोग उग्र हो गए. उन्हें वापस जाने के लिए कहने लगे. जब त्रिपाठी ने जनता का उग्र रूप देखा तो उन्होंने अपनी पिस्टल निकाल ली. बोले- कोई हमसे नहीं सटेगा. इस पर लोगों ने उन्हें दौड़ा दिया. वह भागकर वहां से चले गए. कांगेस प्रत्याशी त्रिपाठी ने आचार संहिता का उल्लंघन किया तथा इनके द्वारा हथियार का प्रदर्शन किया गया. इस केस में 10 गवाहों की गवाही हुई. परन्तु अभियोजन आरोप साबित करने में असफल रहा. कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में निर्दोष पाते हुए केएन त्रिपाठी को बरी कर दिया.

केस से बरी होने पर त्रिपाठी ने कहा कि घटना के दिन मैंने कोई गोलीबारी नही की. झूठा आरोप मेरे ऊपर लगाया गया. मेरी गाड़ी पर हमला हुआ. जान मारने का प्रयास हुआ. फर्जी केस कर जनता को गुमराह किया. अंगरक्षकों ने मुझे बचाया. कोर्ट से मुझे न्याय मिला. सब दूध का दूध व पानी का पानी कर दिया.अब मुझे न्यायालय से न्याय मिल गया है.अब जनता के न्याय बाकी है.

## गायत्री शक्तिपीठ में नौ कुण्डीय महायज्ञ से सम्पन्न

**डकरा।** डकरा स्थित गायत्री शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्र की पूर्णाहुति एक भव्य नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के आयोजन के साथ सम्पन्न होगी. इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन 11 अक्टूबर 2024 को शुक्रवार के दिन किया जाएगा. यज्ञ की शुरुआत प्रातः 7:30 बजे से होगी, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों धर्म प्रेमियों के शामिल होने की उम्मीद है. महायज्ञ के पश्चात, सुबह 11:00 बजे कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया जाएगा, जो नवरात्रि का प्रमुख धार्मिक अनुष्ठान होता है. इसके बाद सभी उपस्थित भक्तों को महाप्रसाद के रूप में अमृतासन ग्रहण करने का सौभाग्य मिलेगा.

## नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति पंडाल का उद्घाटन

**कांके।** बुकरू चौक नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति पंडाल का उद्धघाटन समाज सेवी अर्जुन राम के द्वारा किया गया. जिसमें पूजा समिति के अध्यक्ष ब्रजेश तिवारी. उपाध्यक्ष रिझु मुंडा, तारा साहु,राजेश सिंह, हर्ष महली, पप्पु तिवारी, व ग्रामवासी उपस्थित थे.

# विधायक ने दो उच्च पुलों का किया शिलान्यास

संवाददाता। बुंडू

बुंडू प्रखंड के विकास में एक नया अध्याय जुड़ गया है. आज माननीय सभापति सह तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने प्रखंड के दो महत्वपूर्ण पुलों का शिलान्यास किया. ये पुल क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे.पहला पुल एदेलहातू पंचायत के जोजोदा में बनाया जाएगा, जिसकी लागत करीब 4.56 करोड़ रुपये है. दूसरा पुल तैमारा पंचायत के मुर्गीडीह और काकड़ा के बीच मुर्गीडीह सतिया पर बनाया जाएगा, जिसकी लागत 3.56 करोड़ रुपये है. इस अवसर पर विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहा कि इन पलों के बन जाने से गांव से बुंडू की कनेक्टिविट बढ़ेगी. लोगों का इससे रोजगार बढ़ेगा. पुल के शिलान्यास से ग्रामीण खुश दिखे.इस अवसर पर बुंडू प्रमुख राजकुमार बिंझिया, प्रखण्ड उपाध्यक्ष बिरसा मुंडा, ग्राम प्रधान कालीचरण मुंडा, मिर्धा पाहन, फगवा मुंडा, पंचायत सदस्या मगमनी देवी, पुर्व पंचायत सदस्या सुपोती देवी, बासु सेठ, प्रदीप मुंडा, उमेश महतो, रमेश सिंह मुंडा, गोपाल साहू, ललित मुंडा, कृष्णा मुंडा, मंगल मुंडा, साहेबा मुंडा, रामनाथ मुंडा, रिंगा मुंडा, करम सिंह मुंडा, लखीराम मुंडा, चूडू लोहरा, रमेश उरांव, गोपाल भगत, नारायण कुम्हार और काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे.

## प्राचीन दुर्गा पूजा साल्हन का पट खुला

**अनगड़ा।** प्रखंड के प्रसिद्ध प्राचीन दुर्गापूजा साल्हन और श्रीश्री दुर्गा पूजा तुरूप का बुधवार को पट खुला. पंडाल का उद्घाटन पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार और जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा ने किया. अनगड़ा के विभिन्न पंडालों का पट खुलनेके साथ षष्ठी पूजा की गई. मौके पर रामसाय मुंडा आदि शामिल थे.

# एसएसपी ने 11 अफसरों का किया तबादला

संवाददाता। रांची

एसएसपी चंदन सिन्हा ने जिले के 11 पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है. इस संबंध में एसएसपी ने आदेश जारी कर दिया है. रांची एसएसपी ने संजीव कुमार को बीआईटी मेसरा ओपी प्रभारी बनाया है. बीआईटी मेसरा के तत्कालीन थानेदार को कांके थाना भेजा गया है. जयदीप टोप्पो को डोरंडा थाना प्रभारी बनाया गया है.

**जाने कौन कहां गए**

| | | |
|---|---|---|
| इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो | : | डोरंडा थाना प्रभारी |
| इंस्पेक्टर आनंद किशोर | : | सीसीआर. |
| एसआई रोशन कुमार सिंह | : | कांके थाना |
| एसआई संजीव कुमार | : | मेसरा ओपी प्रभारी |
| एसआई दिवाकर कुमार | : | खादगढ़ा टीओपी प्रभारी. |
| एसआई टिंकू रजक | : | कांके थाना |
| एसआई पूजा विभूति उरांव | : | एदलहातु टीओपी प्रभारी. |
| एसआई चूड़ामणि टुडू | : | टाटीसिलवे थाना |
| उदय कुमार | : | सिल्ली थाना |
| एएसआई सुरेंद्र प्रसाद | : | कांके थाना. |
| एएसआई जुल्फिकार अली | : | रातु थाना |

**कार्रवाई** चतरा पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र में फर्जी कागजातों से सिम कार्ड बेचने वाले पर की कार्रवाई

# फर्जी कागजात पर सिम कार्ड बेचने वाला गिरफ्तार

संवाददाता। चतरा

सदर थाना पुलिस ने फर्जी कागजातों से सिम कार्ड विक्रेता को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान रूपेश कुमार, पिता बिगन रविदास, प्रखंड हंटरगंज, गांव चकला के रूप में हुई है. वह दूसरे के नाम पर सिम कार्ड लेकर ऊंची कीमत पर अन्य दूसरे व्यक्ति को बेचता था.

इस संबंध में सदर थानेदार विपिन कुमार ने बताया, डीआईजी उत्तरी छोटानागपुर द्वारा जिले में आपराधिक समूहों द्वारा की जा रही वारदातों की समीक्षा की गयी थी, जिसमें ऐसे कांडो में प्रयोग किये गये मोबाइल नंबरों को फर्जी कागजातों के आधार पर निर्गत किये जाने की पुष्टि हुई. उनका प्रयोग रंगदारी वसूलने में में किया जा रहा है. इसके विरुद्ध कार्रवाई के लिए अभियान चलाया गया. इस दौरान एक घटना में प्रयोग किया गया मोबाइल नंबर के धारक हंटरगंज थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी वासुदेव यादव को पकड़ा गया. उसने पुलिस को बताया कि सिम कार्ड विक्रेता द्वारा जालसाजी कर मेरे नाम का आवंटित सिमकार्ड किसी अन्य व्यक्ति को दे दिया गया है. उनके बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी.

इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए सिम विक्रेता चकला निवासी रूपेश कुमार को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार अपराधी रूपेश कुमार को जेल भेज दिया गया है. छापामारी टीम में थाना प्रभारी के अलावा पुलिस अवर निरीक्षक हरीशचंद्र तिवारी व जिला बल के जवान शामिल थे.



आपराधिक समूहों द्वारा उपयोग किए जाने की पुष्टि के बाद की गई कार्रवाई

### ऐसे करता था जलसाजी

थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि सिम कार्ड विक्रता रूपेश अपनी दुकान में सिम लेने आने वाले व्यक्ति के साथ जालसाजी करता था . कोई एक सिम लेने पहुंचा तो उसका दो बार फिंगर प्रिंट ले लेता था . उसके नाम से दो सिम कार्ड निर्गत कर लेता था . इसके बाद उस व्यक्ति को एक सिम कार्ड देता था, और एक सिम ऊंची कीमत पर किसी अन्य व्यक्ति को बेचा करता था .

उसी सिम का उपयोग नक्सली व आपराधिक घटनाओं में उपयोग किया जा रहा है . उन्होंने कहा कि इस तरह करने वाले सिम कार्ड विक्रेता व फर्जी सिम कार्ड का उपयोग करने वाले व्यक्ति को किसी भी हाल में नहीं बख्शा जाएगा .

# मैक्लुस्कीगंज में शक्तिपुंज ट्रेन के ठहराव को मिला

संवाददाता। डकरा

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नवरात्र के शुभ अवसर पर खलारी क्षेत्र के लोगों को एक विशेष उपहार दिया है. कोरोना काल के दौरान बंद किया गया जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस का मैकलुस्कीगंज स्टेशन पर ठहराव, अब पुनः शुरू किया जाएगा. यह स्वीकृति केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्णव द्वारा दी गई है.खलारी कोयलांचल के लोगों द्वारा लगातार किए गए आग्रह पर, संजय सेठ ने रेलवे मंत्री से वार्ता कर इस महत्वपूर्ण ठहराव को फिर से शुरू करने के लिए अथक प्रयास किए. इसके परिणामस्वरूप अब शक्तिपुंज ट्रेन का ठहराव मैकलुस्कीगंज स्टेशन पर फिर से होगा, जिससे स्थानीय जनता को बड़ी राहत मिलेगी.इस ट्रेन के ठहराव से मैकलुस्कीगंज और खलारी के लोगों के लिए यात्रा और परिवहन की सुविधा में सुधार होगा, जिससे व्यापारिक और सामाजिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी. इस घोषणा के बाद क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है.केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इस उपलब्धि के लिए रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह कदम क्षेत्र के विकास और लोगों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान साबित होगा. खलारी के नागरिकों ने इस सौगात के लिए संजय सेठ और रेलवे मंत्रालय के प्रति अपना आभार प्रकट किया है.

# मां की आभा से दमक रही राजधानी, भक्त हो रहे निहाल


दुर्गाबाड़ी
फोटो : रमीज

राजन बॉबी । रांची

राजधानी मां अंबे की आभा से दमक रही है. एक से बढ़ कर एक भव्य पंडालों में विराजी शेरावाली मां की मनोहारी छटा के क्या ही कहने. दर्शन पा कर भक्त भी निहाल हैं. पूरा शहर दुर्गोत्सव के रंग में रंगा है. गली-कूचों से लेकर प्रमुख-चौक चौराहों तक भक्ति बयार बह रही है. आदिशक्ति मां की स्तुति के स्वर चारों दिशाओं में गूंज रहे हैं. मौसम साफ हो या फिर खराब, कोई फर्क नहीं पड़ता. बुधवार को श्रद्धालुओं ने वैसे तो साफ मौसम में मां के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा-अर्चना की, लेकिन शाम पौने चार बजे एकाएक मौसम का मिजाज बदला, गरज के साथ छींटे पड़े. फिर झमाझम बारिश शुरू हो गयी, लेकिन इसके बाद भी अंधियारा गहराते ही रंग-बिरंगी लाइटों से शहर जगमगा गया. बारिश की बूंद को मां का आशीष मान बड़ी संख्या में दर्शनार्थी घरों से निकले और पूजा स्थल गुलजार हो गया. जैसे-जैसे रात गहराती गयी, श्रद्धालुओं का उत्साह भी बढ़ता गया. विविध थीम को जीवंत करता एक से बढ़ कर पूजा पंडाल सभी को आकर्षित करता रहा. हर कदम पूजा स्थलों की ओर बढ़ने को आतुर हो गए. खराब मौसम के बाद भी मां के दर्शन के साथ मेले की मौज-मस्ती में सारी रात कैसे कट रही है, पता ही नहीं चल रहा. श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का यह आलम अब विजयदशमी तक यू ही बना रहेगा. मां के लाडले सब कुछ को दरकिनार कर पूजनोत्सव का जमकर लुत्फ उठाएंगे.


स्टेशन रोड

## किशोरगंज चौक की मां दुर्गा



### किशोरगंज देवी मंदिर में नवरात्र उत्सव की धूम

रांची। किशोरगंज देवी मंदिर, हरमू रोड में नवरात्र उत्सव की धूम है. नवरात्र कलश स्थापना के साथ नित्य यहां नेम-निष्ठा से पूजा-पाठ चल रहा. नित्य विविध प्रकार के भोग बांटे जा रहे हैं. बुधवार की सुबह माता के सातवें स्वरूप कालरात्रि की आराधना हुई. माना जाता है कि इनकी उपासना से अनेक सिद्धियों की प्राप्ति होती है .इसी भाव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर मां के श्रीचरणो में श्रद्धा अर्पित की. साथ ही वेदी पूजन और प्राण-प्रतिष्ठा के साथ मां का पट भी आम भक्तो के लिए खोल दिया गया. पर्दा हटते ही देर रात तक दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा. सभी के बीच गुड प्रसाद का भोग बांटा गया. पुरोहित देवेंद्र पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराया. लाल आशुतोष नाथ शाहदेव और अमृता शाहदेव ने इसमें मुख्य यजमान के रूप में हिस्सा लिया. गुरुवार को अष्टमी और शुक्रवार को सुबह 06 :52 बजे से संधि बलि, महानवमी हवन, कन्या पूजन आदि अनुष्ठान होंगे.



## पिस्का मोड़ में मां भवानी का दरबार



विश्वनाथ शिव मंदिर, पिस्का मोड़ में मां भवानी युवा क्लब का गुफानुमा काल्पनिक मंदिर दर्शनार्थियों को लुभा रहा है. अलग अंदाज में गढ़ी गयी मां की मनोहारी प्रतिमा भी मन मोह रही है. अध्यक्ष शैलेश्वर दयाल सिंह ने बताया कि पूजा के दौरान डांडिया और गरबा का भी खास आयोजन किया जा रहा है. रविवार को शोभायात्रा के साथ मां की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा.

# दुर्गा पूजा के मेले की बात ही अलग है...

▶▶ बच्चों के साथ बड़े भी झूले, जंपिंग जंप, डिस्को डांस का मजा लेते दिखे

रेहान अहमद। रांची

दुर्गा पूजा के अवसर पर राजधानी में पूजा पंडालों के साथ बच्चों व युवाओं के मनोरंजन के लिए मेले भी लगे हैं. मेले में तरह-तरह के झूले, हिंडोले लगे हुए हैं. लोग अपने परिवार के साथ पूजा पंडालों के दर्शन के बाद पास ही लगे मेले में मनोरंजन करने के लिए पहुंच रहे हैं. झूले-हिंडोलों में घूमने के बाद चाट, चाउमीन, फुचका, छोला, आइस्क्रीम, दही बड़ा, लिट्टी, समोसा आदि स्वादिष्ट पकवानों के सजे स्टॉलों में जायका लेते दिखे.

### राजस्थान मित्र मंडल

सेवासदन पथ स्थित राजस्थान मित्र मंडल के पूजा पंडाल के पास झारखंड के ही सूरज कुमार की टीम ने मेला लगाया है. यहां करीब छोटे-बड़े मिलाकर 12 तरह के झूले लगे हैं. उन्होंने कहा कि मेरे साथ कुल 60 लोग हैं. सभी मिलकर झूले लगाकर तैयार कर लिये हैं. दुर्गा पूजा के हम लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं. यहां पहली बार लगाये हैं. मेला, पिछले वर्ष बिहार में दुर्गा पूजा के अवसर पर मेला लगाने गये थे. अच्छी कमाई हुई थी. भगवान की कृपा से यहां भी अच्छा कारोबार होगा.

| आइटम | मनोरंजन दर प्रति व्यक्ति |
|---|---|
| ब्रेक डांस | 80 रुपये |
| झूला | 80 रुपये |
| रमढुलवा | 100 रुपये |
| रेल झूला | 80 रुपये |
| टोराटोरा | 80 रुपये |
| जंपिंग जंप | 30-40 रुपये |
| मिक्की माउस | 50 रुपये |
| डिस्को डांस | 50 रुपये |
| कार झूला | 50 रुपया |



### हरमू बाजार

हरमू बाजार क्षेत्र में भव्य पूजा पंडाल का निर्माण किया गया है. पूजा पंडाल के पास में मनोरंजन के लिए आकर्षक मेला भी सजा है. मेले में पहले से ही बड़ों समेत बच्चों की भीड़ उमड़ने लगी है. यहां बिहार से आकर लोगों ने मेला लगाया है. इस मेले में 12 से अधिक प्रकार के झूले लगे हैं, जहां बड़े, बच्चे सभी मनोरंजन कर रहे हैं. झूलों के साथ खाद्य पदार्थों के भी उम्दा-उम्दा स्टाल सजे हैं. जहां घूमने-फिरने के बाद लोग पकवानों का जायका लेते दिखे.

### खिलौने की दुकान में अच्छी भीड़

जगह-जगह मेले में बच्चों के लिये खिलौनों के दुकान भी खूब सजे हैं. जहां सबसे अधिक भीड़ देखी जा रही है. हरमू बाजार, अपर बाजार, मेन रोड आदि क्षेत्र में बच्चों के खिलौने की दुकान सजी हैं. जहां 10 रुपये के गुब्बारे से लेकर 500 टेडी, 50 तोता, 50 का जलने वाला बॉल, 20 झुनझुना, 50 से 350 तक के बंदूक, 60 से 120 के किचन सेट, 150 का बोलने वाला तोता, 150 से 300 तक की बार्बी डॉल, बत्तख व तीन बच्चों का सेट 100 रुपये के हिसाब से बिक रहा था.

| आइटम | प्रति व्यक्ति दर |
|---|---|
| रमढुलवा झूला | 100 रुपये |
| स्कार्पियो झूला | 50 रुपये |
| जीप झूला | 50 रुपये |
| नाव झूला | 100 रुपये |
| ड्रैगन झूला | 100 रुपये |
| हेलीकॉप्टर झूला | 50 रुपये |
| जंपिंग जंप | 50 रुपये |
| ब्रेक डांस | 100 रुपये |
| रेल झूला | 100 रुपये |





# कहीं पहाड़-पर्वत तो कहीं महलों में विराजमान हैं मां शेरावाली

संवाददाता। रांची

राजधानी में तमाम पूजा पंडालो के पट खुल गए हैं. दुर्गोत्सव का उल्लास पूरे शबाब पर है. खराब मौसम के बाद भी भक्ति का सैलाब उमड़ रहा. विविध थीम को जीवंत करता एक से बढ़ कर एक पंडाल, कहीं पहाड़-पर्वत और जंगल तो कहीं महलो में विराजी मां शेरावारी के दर्शन का सुख भक्त छोड़ नहीं पा रहे. यही कारण है कि तमाम परेशानियां भी भक्तो के कदम पूजा पंडालों की जाने से रोक नहीं पा रही है.

**लंबा बैरिकेडिंग करना है परेशानी का शबब:** भारतीय युवक संघ बकरी बाजार : राजस्थानी कलाकृति से सुशोभित महल में विराजी हैं मां. एक तो कम चौड़ा कार्ट सराय रोड, अन्य पहुंच मार्ग भी सकरी.उपर से बैरिकेटिंग का लोचा. इससे कृत्रिम भीड़ एकत्रित हो जाती है. धक्का-मुक्की कर दर्शनार्थी पूजा स्थल तक पहुंच पाते हैं. गार्ड और समिति के युवा मोर्चा संभालते हैं, लेकिन वे भी भीड़ पर कंट्रोल नहीं कर पाते.

**राजस्थान मित्र मंडल सेवा सदन पथ :** पुआल से बने मंदिर के दरबार में विराजी हैं मां. श्रीकृष्ण लीला की पेंटिंग का है लुभावना नजारा. बारिश होते ही पहुंच मार्ग हो जाता है पानी-पानी. कीचड़ से पाट जाता है मेला स्थल. मेला स्थल से होकर बाहर निकलना भी बड़ी परेशानी है. मेला स्थल पर नहीं जाने की इच्छा रखने वालो को भी जबरन वहां से हो कर गुजरना पड़ता है.

**ओसीसी क्लब दुर्गा पूजा समिति बांग्ला स्कूल :** एक टुकड़ा राजस्थान के थीम को दर्शाता पंडाल. राजस्थानी शिल्प कला के बीच मनोहारी छटा बिखेरती मां की मनोहारी प्रतिमा. मेला स्थल पर लगाए गए झूले और खाने-पीने के स्टॉलों का आकर्षण तो है, लेकिन पूजा स्थल पहुंचने में भारी जद्दोजहद करनी पड़ती है. चारों ओर से आए बड़े छोटे वाहन मार्ग में बाधा बनते हैं.

**आरआर स्पोर्टिंग क्लब रातू रोड :** झारखंडी कला और संकृति का दर्शाते पंडाल में विराजी मां की मनोहारी प्रतिमा. सुगमता पूर्वक यातायात सुविधा नहीं होने से लोगो को भारी परेशानी होती है. इटकी रोड और पिस्का मोड़ से बड़ी संख्या में ऑटो का परिचालन होता है. भीड़ में बड़े-छोटे वाहन भी लेकर लोग चले आते हैं. इससे पैदल चलना भी दूभर हो जाता है, हालांकि समिति के पदाधिकारियों के मुस्तैद रहने से भीड़ के बाद भी सुगमता पूर्वक दर्शन हो पाता है.

### अयोध्या के राम मंदिर का दर्शन तो और भी दुरूह

हूबहू मंदिर का स्वरूप, 30 फीट ऊंची हनुमान जी की 4डी प्रतिमा, लगे मेले का आकर्षण तो है, लेकिन दुश्वारियां भी कम नहीं. न तो पार्किंग की व्यवस्था है और न ही समुचित व्यवस्था. भीड़ के अनुरूप वॉलंटियर भी नहीं हैं. बैरिकैटिंग कर यहां जबरन कृतिम भीड़ एकत्रित किया जा रहा. एक तो मुख्य प्रवेश द्वार पर ही दर्शनार्थी रोक दिए जाते हैं, दूसरे एक व्यक्ति के जाने लायक लंबा घेरा भीड़ तो होगा ही. बड़ा मैदान है, फिर भक्तो को रोक कर लंबा घुमाने की क्या जरुरत है. पता नहीं समिति ऐसा किस फायदे के लिए कर रही है, समझना मुश्किल है .इतना ही नहीं पूरा मैदान कीचड़ से पटा है. फीसलन से लोगो को दो कदम भी चलन दुर्भर हो रहा है, कई लोग तो लहराते हुए गीर जा रहे हैं, लेकिन समिति की इसकी परवाह नहीं है. हालांकि समिति के अध्यक्ष से पूजा शुरू होने से पहले ही बारिश से बचाव के बारे में पूछा गया था तो उन्होंने इसे मां की कृपा कह कर टाल दिया था.

### रांची रलवे स्टेशन में दर्शन करना युद्ध जीतने के बराबर

ध्यान मुद्रा में विराजमान मां का मनोहारी स्वरूप. शिल्प कलाकृति और आदि योगी का लेजर शो लुभावना है, लेकिन यहां अव्यवस्था के कारण दर्शनार्थियों को घंटो मशकत के बाद ही मां के दर्शन और शो का नजारा देखने को मिलता है. शो के कारण बैरिकेटिंग कर बारी-बारी से भक्तो को पंडाल में पेवेश कराना मजबूरी है, पर उस अनुरूप व्यवस्था भी होनी चाहिए. न तो पार्किग की सुवधिा है और न ही वाहन लेकर घुस आए लोगो पर रोक. आधे घंटे तक बैरिकेटिंग में रोके रहने से लोग पैनिक हो जाते हैं.

**समापन** राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2024-25 अंतर्गत कुश्ती प्रतियोगिता

# बालिका वर्ग व ग्रीको रोमन मुकाबले में जेएसएसपीएस ने मारी बाजी

संवाददाता ।रांची

राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2024-25 अंतर्गत बुधवार को कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न हुई. खेलगांव में आयोजित इस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. अंडर 14 बालिका वर्ग कुश्ती मुकाबले में गुमला विजेता और साहिबगंज उपविजेता बना. देवघर की टीम सेकंड रनरअप बनी. अंडर 14 बालक वर्ग कुश्ती मुकाबले में लातेहार विजेता और लोहरदगा उपविजेता बना.

इस मुकाबले में कोडरमा की टीम सेकंड रनरअप बनी. अंडर 17 ग्रीको रोमन मुकाबले में जेएसएसपीएस की टीम विजयी हुई. इस मुकाबले में साहिबगंज उपविजेता और कोडरमा सेकंड रनरअप बना. अंडर 17 बालिका वर्ग कुश्ती मुकाबले में भी जेएसएसपीएस ने बाजी मारते हुए चैंपियन का खिताब अपने नाम किया.

मुकाबले में गुमला उपविजेता और पश्चिमी सिंहभूम सेकंड रनरअप रहा. अंडर 17 फ्री स्टाइल कुश्ती मुकाबले में कोडरमा विजेता बना, बोकारो उपविजेता रहा. अंडर 19 बालिका वर्ग मुकाबले में गुमला की टीम विजेता बनी.

इस मुकाबले में जेएसएसपीएस की टीम उपविजेता और लोहरदगा सेकंड रनरअप बनी. अंडर 19 ग्रीको रोमन मुकाबले में जेएसएसपीएस की टीम जीत हासिल करते हुए विजेता बनी. कोडरमा की टीम उपविजेता और गोड्डा की टीम सेकंड रनरअप बनी. अंडर 19 बालक वर्ग फ्री स्टाइल कुश्ती मुकाबले में कोडरमा की टीम विजेता बनी, धनबाद उपविजेता और जेएसएसपीएस की टीम सेकंड रनरअप बनी.



# फाइनल में भिड़ेंगे मध्यप्रदेश और झारखंड

## राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप

संवाददाता। रांची

राजधानी के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप 2024 में मध्यप्रदेश और झारखंड के बीच खिताबी जंग होगी. 30 सितंबर से 10 अक्टूबर तक हॉकी इंडिया, हॉकी झारखंड और झारखंड खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में बुधवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए. पहला सेमीफाइनल मध्यप्रदेश और ओडिशा के बीच खेला गया, जिसमें मुकाबला 1-1 गोल से बराबर रही. मैच का निर्णय शूटआउट द्वारा लिया गया. जिसमें मध्यप्रदेश ने ओडिशा को 5-4 गोल से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया. मैच में ओडिशा के लिए सुलेखा बहला (1 गोल 18वें मिनट में) और मध्यप्रदेश के लिए स्नेह पटेल (1 गोल, 59वें मिनट में) ने अपनी-अपनी टीम के लिए गोल किए. इस मैच में मध्यप्रदेश की कृशा परिहार को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया.

दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला झारखंड और हरियाणा के बीच खेला गया, जिसमें झारखंड ने हरियाणा को 2-1 गोल से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई. मैच में झारखंड के लिए रोशनी आईंद (1 गोल 07वें मिनट में) पार्वती टोपनो (1 गोल, 43वें मिनट में) और हरियाणा के लिए नादनी (1 गोल, 58वें मिनट में) ने अपनी- अपनी टीम के लिए गोल किए. इस मैच में झारखंड की पार्वती टोपनो को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला. गुरुवार को फाइनल के साथ तीसरे और चौथे स्थान के लिए मुकाबले खेले जायेंगे.



# अभिव्यक्ति का अधिकार

सही मायनों में सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर सत्ताधीशों को आईना ही दिखाया है कि सरकार की रीति-नीतियों व निर्णयों की आलोचना करना पत्रकारों का अधिकार है. निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी उन पत्रकारों के लिये राहतकारी है जो राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दलों की सरकारों के खिलाफ मुखर होने पर दमन का शिकार बने. कई राज्यों में उनकी गिरफ्तारी भी हुई, मारपीट हुई और गंभीर धाराओं में गिरफ्तारी दिखायी गई. कई पत्रकारों के संदिग्ध परिस्थितियों का शिकार बनने की खबरें भी यदा-कदा आती रहती हैं. निश्चय ही उन निर्भीक पत्रकारों के लिये सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी सुकून देने वाली है, जो राजनीतिक दुराग्रह का शिकार बने हैं. ये आने वाला वक्त बताएगा कि कोर्ट की टिप्पणी के आलोक में सरकारें अपनी रीति-नीतियों में कितना बदलाव करती हैं. दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश में एक पत्रकार के विरुद्ध दर्ज मुकदमे की सुनवाई के दौरान की. शीर्ष अदालत ने इस तरह उन सत्ताधीशों को आईना ही दिखाया जो आलोचना बर्दाश्त न करके मीडियाकर्मियों के खिलाफ आक्रामक हो जाते हैं. देश में आजादी के बाद भी बड़े राजनेता मीडिया द्वारा किसी नीति या फैसले के खिलाफ की गई आलोचना को सहजता से लेते थे. बाकायदा संसद में विपक्षी सांसद अखबार की प्रतियां लहराकर खुली बहस की मांग किया करते थे. यही वजह है कि हालिया टिप्पणी के दौरान शीर्ष अदालत ने अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़े संविधान के अनुच्छेद की याद दिलायी. इस तरह कोर्ट ने बेबाकी से सत्ता की निरंकुशता के खिलाफ मुखर रहे पत्रकारों को संबल ही प्रदान किया है. यह विडंबना है कि कई राज्यों में सत्ताधीशों ने तल्ख आलोचना, कार्टून बनाने तथा सोशल मीडिया पर की गई आलोचना को लेकर दुराग्रह दिखाया. इसमें मुकदमे दर्ज करने , गिरफ्तारी और जेल के सीखचों के पीछे डालने के मामले भी सामने आए. राजनेताओं में अब आलोचना के प्रति वह सहिष्णुता नजर नहीं आती, जो समृद्ध लोकतांत्रिक परंपराओं की अपरिहार्य शर्त है.हाल के वर्षों में देखा गया है कि राजनेता किसी आलोचनात्मक टिप्पणी के बाद आक्रामक मुद्रा में आ जाते हैं. यहां तक कि कुछ पत्रकारों पर उन धाराओं में मुकदमे दर्ज किये जाते हैं, जो कि राष्ट्र विरोधी तत्वों के खिलाफ दर्ज होते हैं. हद तो तब हो जाती है जब मुकदमें गैरकानूनी गतिविधियां निवारण अधिनियम के तहत भी दर्ज होते हैं. ऐसे मामलों में पत्रकारों की जमानत कराना भी टेढ़ी खीर बन जाती है. निश्चित तौर पर ऐसे कदम दुराग्रह से प्रेरित होकर ही उठाये जाते हैं. विगत के वर्षों में शीर्ष अदालत व्यापक संदर्भों में कह चुकी है कि सरकार की आलोचना करने को राष्ट्रद्रोह की संज्ञा नहीं दी जा सकती. इसके बावजूद निरंकुश सत्ताधीश अपनी हरकतों से बाज नहीं आते.

> उन निर्भीक पत्रकारों के लिये सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी सुकून देने वाली है, जो राजनीतिक दुराग्रह का शिकार बने हैं. ये आने वाला वक्त बताएगा कि कोर्ट की टिप्पणी के आलोक में सरकारें अपनी रीति-नीतियों में कितना बदलाव करती हैं.

## सुभाषित

**शब्दात्मिका सुविमलर्ग्यजुषां निधानमुद्गीथरम्यपदपाठवतां च साम्नाम्।**
**देवी त्रयी भगवती भवभावनायवार्ता च सर्वजगतां परमार्तिहन्त्री॥**


आप शब्दरूपा हैं, अत्यन्त निर्मल ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा उद्‌गीथ के मनोहर पदों के पाठ से युक्त सामवेद का भी आधार आप ही हैं. आप देवी, त्रयी (तीनों वेद) और भगवती (छहों ऐश्वर्योंसे युक्त) हैं. इस विश्वकी उत्पत्ति एवं पालनके लिये आप ही वार्ता (खेती एवं आजीविका) के रूपमें प्रकट हुई हैं . आप सम्पूर्ण जगत् की घोर पीड़ाका नाश करनेवाली हैं.

# सामाजिक जीवन में कोहराम के रूबरू

**भारत में एक और अनेक का द्वंद्व बहुत पुराना है. दुनिया भर के तर्क-वितर्क के बाद भी एक देववाद या अद्वैतवाद दार्शनिक रूप से सिद्ध और मान्य हो जाने के बाद भी व्यवहार में बहुदेववाद की ही प्रतिष्ठा कायम रही है. भारत की संस्कृति, जीवनयापन शैली, प्रकृति आदि में विविधता का स्वाभाविक विन्यास रहा है. यहां राजनीतिक रूप से अनेकता में एकता की बात तो, बहुत की जाती है.**



• देश-काल



प्रफुल्ल कोलख्यान

अभी भारत के राजनीतिक वातावरण में कई तरह की प्रतिध्वनियां सुनाई दे रही हैं. इन प्रतिध्वनियों का संबंध भारत के इतिहास के अनसुलझे सवालों, अनसुनी आवाजों के टकरावों से तो है ही, सुलझाये जा चुके सवालों को वर्तमान में फिर से उलझाने, सम्मानजनक तरीके से समायोजित आवाजों में नई उग्रता भरने से भी कम नहीं है. इन आवाजों से सामाजिक जीवन में भीतरी उथल-पुथल मच रही है. इस उथल-पुथल का कोहराम सतह पर भी जब-न-तब दिख जाता है.

आज खड़ी की जा रही कई समस्याओं की गुत्थियों को खोलने की कोशिश से इन आवाजों में पैदा की गई अतिरिक्त संवेदनशीलता के राजनीतिक मर्म को समझा जा सकता है. कई आवाजों में एक आवाज हिंदू-मुसलमान से संबंधित है, एक आवाज वर्ण-व्यवस्था से संबंधित है, एक आवाज भारत-राज्य के संघात्मक ढांचा से संबंधित है. 'इंडियन नेशन' और 'इंडियन स्टेट' के फर्क को मिटा देने या एक का दूसरे का एवजी बनाने और बताये जाने का दुर्निवार बुरा असर संघात्मक ढांचा पर पड़ना अनिवार्य है. जाहिर है कि भारत सुलझे हुए सवालों के उलझावों के नये षड़यंत्र में फंसकर अपनी ऊर्जा का अधिकांश बर्बाद कर रहा है.

भारत में एक और अनेक का द्वंद्व बहुत पुराना है. दुनिया भर के तर्क-वितर्क के बाद भी एक देववाद या अद्वैतवाद दार्शनिक रूप से सिद्ध और मान्य हो जाने के बाद भी व्यवहार में बहुदेववाद की ही प्रतिष्ठा कायम रही है. भारत की संस्कृति, जीवनयापन शैली, प्रकृति आदि में विविधता का स्वाभाविक विन्यास रहा है. यहां राजनीतिक रूप से अनेकता में एकता की बात तो, बहुत की जाती है. एकता में अनेकता के सम्मान की बात इन दिनों थोड़ी कम ही की जाती है.

मूल बात यह है कि 'एकता' की रक्षा के लिए ही अनेकता में एकता के तत्वों की तलाश की जा सकती है. एकता का मकसद अनेकता को समाप्त करना नहीं हो सकता है; ऐसा मकसद होने की आशंका मात्र से भारत की अनेकता भारत की एकता के विरुद्ध हो सकती है. कहने का आशय यह है कि अनेकता की स्वीकृति एकता की शर्त है. अनेकता को खंडित करने की कोई भी दृष्टि भारत की एक को ही खंडित करने की स्वीकृति की तरफ ले जाती है.

यह ठीक है कि आधुनिक भारत का गठन 'नेशन स्टेट' के रूप में हुआ है, फिर भी 'नेशन' और 'स्टेट' यानी 'राष्ट्र' और 'राज्य' के वास्तविक फर्क को भुलाया नहीं जा सकता है. माना जा सकता है कि राष्ट्र में भी बहुत सारे राजनीतिक तत्व घुल-मिल गये हैं, और राज्य में भी बहुत सारे सांस्कृतिक तत्व घुल-मिल गये हैं. इस घुलने-मिलने से कुछ सकारात्मक तत्व भी हासिल होते हैं, तो कुछ तत्व नकारात्मक भी होते हैं.

घुलने-मिलने के सकारात्मक तत्वों के सक्रिय होने से ही भारत की गंगा-जमुनी संस्कृति की धार फूटती है. यह तब होता है जब घुलने-मिलने की यह प्रक्रिया स्वचालित और स्वाभाविक ढंग से चलती रहती है. इस में किसी भी तरह से राजकीय हस्तक्षेप होने लगे तो सहमिलानी गंगा-जमुनी संस्कृति में संकट के निकट होने का लक्षण दिखने लगता है; कोई लक्षण दिख रहा क्या ! नहीं दिख रहा ! दिखता है क्या !

समझना जाना चाहिए कि राष्ट्रीय स्वयं-सेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र और राज्य के तत्वों के घुलने-मिलने की स्वचालित और स्वाभाविक प्रक्रिया में बार-बार राजकीय हस्तक्षेप की कोशिश कर रहे हैं. इस हस्तक्षेप से घुलने-मिलने का नकारात्मक तत्व अधिक सक्रिय हो जा रहा है. राष्ट्रीय स्वयं-सेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी की राजकीय कोशिश से भारत-राज्य में संस्कृति के तत्वों के लिए जगह बनाई जा रही है और भारत-राष्ट्र में राजनीति के तत्वों के लिए जगह बनाई जा रही है.

यह नहीं भूलना चाहिए कि राष्ट्र मूलतः प्रकृति के साहचर्य और सहमेल में बनी नृवंशीय संरचना होता है. इस संरचना में जीवंत और मृत दोनों तत्व होते हैं. राष्ट्र और राज्य के आंतरिक संबंध को समझने में विक्रम-बेताल का रूपक बहुत कारगर हो सकता है. इस रूपक में जीवित-तत्व पर मृत-तत्व लदा हुआ रहता है. न्याय का सवाल मृत-तत्व के पास होता है और जवाब जीवित-तत्व को देना होता है. जीवित-तत्व के जवाब से संतुष्ट होकर मृत-तत्व फिर से नृवंशीय वृक्ष पर. रूपक का इस्तेमाल सिर्फ समझने-समझाने के लिए ही किया जाता है, उसे किसी भी अर्थ में हूबहू और एक ही नहीं माना जा सकता है. इस से समझने में मदद मिलती है, बस इतना ही.

राष्ट्र की आंतरिक शक्ति का मूल स्रोत इतिहास और इतिहास के प्रति लिखित-अलिखित जन-धारणा में होता है. राज्य का संबंध इतिहास से नहीं भविष्य की काल्पनिकताओं और योजनाओं से होता है. जिस प्रकार से इतिहास का मृत-तत्व वर्तमान को बहुत परेशान करता है, उसी तरह से भविष्य की काल्पनिकताओं का निष्फल-तत्व भी बहुत परेशान करता है. परेशानी इतिहास से जुड़ी हो या भविष्य से, उस का निश्चित संबंध किसी-न-किसी प्रकार के भ्रम से जरूर होता है.

इस भ्रम को अधिक घनीभूत करने के लिए इतिहास को भविष्य की तरह से और भविष्य को इतिहास की तरह से पेश किया जाता है. राष्ट्र और राज्य को विक्रम-बेताल के रूपक के माध्यम से थोड़ा-सा ठहरकर ठीक-ठीक समझ लेने के बाद, यह भी माना जा सकता है कि लदे होने के बावजूद विक्रम और बेताल का फर्क बना रहता है. विक्रम को बेताल और बेताल को विक्रम नहीं माना जा सकता है. जाहिर है कि राष्ट्र और राज्य को एक नहीं माना जा सकता है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | डॉ. मयंक मुरारी



## सृजनधर्मा प्रकृति की आराधना

शक्ति की साधना सृजनधर्मा प्रकृति की आराधना है. अस्तित्व में सृजनशील प्रकृति को मातृशक्ति, आद्यशक्ति, भगवती देवी के रूप में उपासना जगत में रस की धारा की खोज है, जो जड़ों से जोड़ती है और समष्टि की सोई चेतना को जागृत करती है. इस कारण भारतीय जीवन में वाग्देवी, पृथ्वी, लक्ष्मी, सरस्वती, दुर्गा, अंबा, भारती, इड़ा जलदेवी, रात्रिदेवी, वनदेवी, अरण्यानी, उषा (सुबह), संध्या (शाम) आदि विभिन्न रूप में प्रकृति को व्यक्त और अव्यक्त करनेवाली देवियां हैं. सृजन करनेवाली पृथ्वी माता है, धन-धान्य देनेवाली लक्ष्मी का रूप ऐश्वर्य का है, विद्या देनेवाली सरस्वती अपने शुद्ध सात्त्विक रूप में और बल तथा शक्ति देनेवाली काली सदैव करुणा बरसाने वाली और अहंकार का दमन करनेवाली रूप में रहती है. यह दुर्गा अपने विविध रूपों में चामुंडा, काली, वाराही, वैष्णवी, पार्वती होती है. यह नव दुर्गा के रूप में जयंती, मंगला, काली, कपालिनी, दुर्गा, शिवा, क्षमा, धात्री, स्वाहा, स्वधा होती है. वहीं शक्ति कभी दशविद्या के रूप, कभी महाशोडषी के रूप में प्रतिष्ठित होती है. माता का रूप अनंत है. जब वह शिव के साथ कैलाश पर विराजती है, तब वह पर्वत पुत्री पार्वती का रूप धारण करती है. वही जब शिव के साथ समाज निर्माण और व्यवस्था के लिए काशी नगरी में गृहस्थ के रूप में रहती है, तब उन्होंने अन्न की भगवती अन्नपूर्णा का रूप धारण किया. सृष्टिकत्री एवं वनस्पतियों की अधिष्ठात्री के रूप में, उर्वरता के रूप में, जीवन और सृजन तथा प्रगति के रूप में मातृदेवी के प्रति निष्ठा और प्रतिष्ठा सदैव ही भारतीय जनमन का केंद्रीय भाव रहा है. प्रकृति की शक्ति सदैव हमको जगाती है. अस्तित्व की ऊर्जा हर क्षण प्रवाहित हो रही है. लेकिन हमारा अंतर्जगत सुप्तावस्था में रहता है. ऋतु संक्रमण के माध्यम से शक्ति अपनी ऊर्जा को जागरण का कारण बनाती है. अस्तित्व की वह ऊर्जा ही शक्ति का निनाद है. वह निनाद हमारे अंतर्नाद को चोट करता है. वह अवसर प्रदान करता है कि हम जगत के सौंदर्य को पहचाने. अस्तित्व की खिलावट को महसूस करे. जगतजननी की अनुकंपा जब बरसने लगती है, तब हमारे अंदर पात्रता का भाव आता है. देवी पाठ के माध्यम से ध्वनि के द्वारा अपने भीतर हम नाद पैदा करते हैं. इससे हमारी ऊर्जा को विस्तार मिलता है. मार्यकण्डेय पुराण में वर्णित ये सात सौ श्लोक अपने शब्द संयोजन की ध्वनि से हमारे अंदर के तिमिर का नाश कर उसे अक्षत आलोक से उदभाषित करते हैं.

# युवाओं के सपनों से खेल रही है बढ़ती बेरोजगारी

• बेरोजगारी

सत्य नारायण

भारत में बेरोज़गारी तेजी से बढ़ रही है. भले ही लोगों का विकास नहीं हो रहा हो, पर बेरोज़गारी में लगातार 'विकास' देखने को मिल रहा है. करोड़ों मज़दूर और पढ़े-लिखे नौजवान, जो शरीर और मन से दुरुस्त हैं और काम करने के लिए तैयार हैं, उन्हें काम के अवसर से वंचित कर दिया गया है और मरने, भीख मांगने या अपराधी बन जाने के लिए सड़कों पर धकेल दिया गया है. आर्थिक संकट के ग़हराने के साथ हर दिन बेरोज़गारों की तादाद में बढ़ोत्तरी होती जा रही है. बहुत बड़ी आबादी ऐसे लोगों की है, जिन्हें बेरोज़गारी के आंकड़ों में गिना ही नहीं जाता लेकिन वास्तव में उनके पास साल में कुछ दिन ही रोज़गार रहता है या फिर कई तरह के छोटे-मोटे काम करके भी वे मुश्किल से जीने लायक कमा पाते हैं. हमारे देश में काम करने वालों की कमी नहीं है, प्राकृतिक संसाधनों की कोई कमी नहीं है, जीवन के हर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विकास और रोज़गार के अवसर पैदा करने की अनन्त सम्भावनाएँ मौजूद हैं, फिर भी आज देश में बेरोज़गारी आसमान छू रही है.

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे हो चुके हैं. मोदी सरकार ने बेरोज़गारी के आंकड़े जारी करने पर तो बहुत पहले रोक लगा दी थी और अब सरकार ने रोज़गार के सवाल पर बात करना भी बन्द कर दिया है. इसके बावजूद तमाम कोशिशों के बाद भी सरकार सच्चाई को नहीं छुपा पा रही है. आई.एल.ओ की रिपोर्ट की माने तो हर साल लगभग 70-80 लाख युवा श्रम बल में शामिल होते हैं, लेकिन 2012 और 2019 के बीच, रोज़गार में वृद्धि लगभग न के बराबर हुई – केवल 0.01 प्रतिशत. वहीं, इस रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि 2022 में शहरी युवाओं (17.2 प्रतिशत) के साथ-साथ ग्रामीण युवाओं (10.6 प्रतिशत) के बीच भी बेरोज़गारी दर बहुत अधिक है. शहरी क्षेत्रों में महिला बेरोज़गारी दर 21.6 प्रतिशत के साथ काफ़ी अधिक है. आई.एल.ओ की इस रिपोर्ट से पता चलता है कि मोदी सरकार ने कम वेतन वाले अनौपचारिक क्षेत्र के रोज़गार का प्रतिशत बढ़ा दिया है, जिनमें किसी तरह की सामाजिक सुरक्षा नहीं होती है. 2019-22 तक औपचारिक रोज़गार 10.5 प्रतिशत से घटकर 9.7 प्रतिशत हो गयी. इसके अलावा, भारत की केवल 21 प्रतिशत कार्य शक्ति के पास नियमित वेतन वाली नौकरी है, जो कि कोविड के पहले के समय से 24 प्रतिशत थी.

> आज किसी भी औद्योगिक इलाक़े में जाकर देखें तो कारख़ानों के गेट पर 'हेल्पर/कारीगर चाहिए' की तख़्ती लटकती दिख जायेगी. रोज़ सुबह गेट पर मज़दूरों की भीड़ इकट्ठा होती है जिसमें से ठेकेदार या फोरमैन कम से कम मज़दूरी पर काम कराने के लिए कुछ लोगों को चुनकर बाक़ी को वापस भेज देते हैं.

आज किसी भी औद्योगिक इलाक़े में जाकर देखें तो कारख़ानों के गेट पर 'हेल्पर/कारीगर चाहिए' की तख़्ती लटकती दिख जायेगी. रोज़ सुबह गेट पर मज़दूरों की भीड़ इकट्ठा होती है जिसमें से ठेकेदार या फोरमैन कम से कम मज़दूरी पर काम कराने के लिए कुछ लोगों को चुनकर बाक़ी को वापस भेज देते हैं. शहरों में 'लेबर चौक' पर मज़दूरों की मण्डियां लगती हैं, जिसमें खड़े होने वाले मज़दूरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, और काम न मिलने पर निराश वापस जाने वालों की भी तादाद पहले से बहुत ज़्यादा है. बढ़ती बेरोज़गारी का आलम यह है कि इन मज़दूर मण्डियों में अच्छी-खासी डिग्रियां लिये हुए नौजवान भी खड़े मिल जाते हैं. पूंजीपति बेरोज़गार मज़दूरों की मौजूदगी को काम पर लगे हुए मज़दूरों का शोषण-उत्पीड़न बढ़ाने के लिए 'ट्रम्प कार्ड' के रूप में इस्तेमाल करता है. पूंजीपतियों और उनके चमचों के मुंह से ऐसी बातें अक्सर सुनी जा सकती हैं : "सौ मज़दूरों का इन्तज़ाम करने से ज़्यादा मुश्किल है सौ कुत्ते ढूंढ़ना." या, "इतने पर काम नहीं करना है, तो भाग जाओ, बाहर एक के बदले दस खड़े हैं लाइन में." पूंजीपति इतना आक्रामक क्यों है? क्योंकि कारख़ाने के गेट के बाहर हज़ारों-हज़ार बेरोज़गार मज़दूर मौजूद हैं. पूंजीपति कारख़ाने के अन्दर के मज़दूरों को धमकाने और उनकी मज़दूरी कम करने के लिए इन बेरोज़गारों का इस्तेमाल करता है.

पूंजीवादी व्यवस्था के अन्दर लोगों का एक हिस्सा हमेशा बेरोज़गार ही रहता है. बेरोज़गारी की यह स्थिति पूंजीपतियों के लिए फ़ायदेमन्द साबित होती है क्यूंकि जितने ज़्यादा मज़दूर रोज़गार के लिए क़तारों में खड़े होंगे, पूँजीपति उजरतों को तय करने की सौदेबाजी में अपना पक्ष उतना ही मज़बूत करने में सफल होते हैं. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# चुनावी बांड : क्या सच कभी उजागर होगा

• चुनाव

राजेन्द्र शर्मा

देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनके सह-आरोपी बनाए गए कर्नाटक के भाजपा के नेताओं तथा ईडी अधिकारियों ने बेशक राहत की सांस ली होगी. कर्नाटक हाई कोर्ट ने उनके खिलाफ चुनावी बांड के नाम पर, अवैध हफ्ता वसूली के आरोपों की जांच पर अपने अंतरिम आदेश के जरिए फिलहाल रोक लगा दी है. आरोपियों में से एक, भाजपा नेता नलिन कुमार कतील की याचिका पर, अंतरिम आदेश में हाईकोर्ट के एकल पीठ ने उन्हें उक्त राहत दी है. याचिका में उस प्राथमिकी को ही चुनौती दी गयी है, जिसमें कतील व अन्य को नामजद किया गया है. याद रहे कि एक गैर-सरकारी संगठन की याचिका पर, एक विशेष अदालत के आदेश पर ही, निर्मला सीतारमण व अन्य के खिलाफ चुनावी बांड के नाम पर अवैध वसूली के आरोपों में कर्नाटक में एफआईआर दर्ज की गयी थी. स्वाभाविक है अगले कदम के रूप में आरोपों के संबंध में जांच शुरू होनी चाहिए थी, जिसे फिलहाल हाई कोर्ट के आदेश ने कम से कम अगली सुनवाई तक के लिए रोक दिया है.

बहरहाल, इस तात्कालिक राहत से सुश्री सीतारमण और उनसे बढ़कर उनकी पार्टी के नेतृत्व के चेहरों पर मुस्कुराहट लौट आएगी, यह मानना मुश्किल है. इसकी वजहें दो हैं. पहली तो यह कि यह राहत फौरी यानी अस्थायी राहत ही है. अदालत से इस तरह की अस्थायी राहत मिलना तो आसान है, लेकिन एक अदालती आदेश के फलस्वरूप दर्ज की गयी एफआईआर को ही निरस्त करने का अदालती फैसला हासिल करना, लगभग नामुकिन है. यानी आरोपों पर जांच का वास्तव में आगे बढ़ना नहीं बढ़ना अपनी जगह, लेकिन इतना तय है कि यह प्रसंग आसानी से ठंडा पड़ने वाला नहीं है और यहीं से भाजपा की परेशानी की दूसरी वजह शुरू होती है. इसका संबंध इस तथ्य से है कि इस पूरे प्रसंग ने, सत्ता के बल पर किए गए एक बड़े घोटाले के रूप में, चुनावी बांड के मुद्दे को फिर से नया कर दिया है.

कहने की जरूरत नहीं है कि सत्ताधारी भाजपा और उसके संघ परिवार ने कितनी मेहनत कर के और कितने संसाधनों को झोंककर, चुनावी बांड के मुद्दे का धीरे-धीरे सार्वजनिक बहस से गायब ही हो जाना सुनिश्चित किया था. जाहिर है कि इसमें सत्ताधारी दल की सबसे ज्यादा मदद तो सर्वोच्च अदालत ने ही की थी, जिसने अपने ऐतिहासिक फैसले में चुनावी बांड की पूरी की पूरी व्यवस्था को असंवैधानिक तथा गैर-कानूनी करार देकर खारिज तो किया था और इसके जरिए क्विड प्रो क्वो यानी चंदा लाओ और लाभ पाओ की व्यवस्था चल रही की संभावना मानी भी थी, लेकिन इसके बावजूद उसने अपने ही फैसले से उजागर हुई आर्थिक गड़बड़ियों की आगे किसी जांच का रास्ता खोलने से इंकार कर दिया.

> केंद्रीय एजेंसियों की छापों समेत विभिन्न कार्रवाइयों और चुनावी बांड के जरिए चंदे के कई अलग-अलग पैटर्नों की भी पहचान की गयी थी. जहां कुछ मामलों में केंद्रीय एजेंसियों के छापे/ कार्रवाई के फौरन बाद, संबंधित कंपनियों द्वारा सत्ताधारी भाजपा को चंदा दिया जाना शुरू कर दिया गया था.

यह इसके बावजूद था कि स्टेट बैंक के चुनावी बांड के जरिए पैसे की यात्रा की पूरी ट्रेल जाहिर करने में असमर्थता जताने के बावजूद, चुनावी बांडों के सिलसिले में, इन बांडों की खरीद तथा राजनीतिक पार्टियों द्वारा उनके प्राप्त किए जाने की जानकारियों को उनके संदर्भ में रखकर, मीडिया में अनेक जानकार विश्लेषकों ने बड़े विस्तार से, सटीक जानकारियों व साक्ष्यों के साथ, गड़बड़ी के बेशुमार मामले उजागर किए थे. इसी क्रम में अवैध चंदा वसूली के लिए, जिसे मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने, जानी-पहचानी 'हफ्ता वसूली' का ही एक रूप बताया था, केंद्रीय एजेंसियों जैसे सीबीआई, ईडी, आयकर आदि के दुरुपयोग के भी कितने ही मामले सामने आए थे. केंद्रीय एजेंसियों की छापों समेत विभिन्न कार्रवाइयों और चुनावी बांड के जरिए चंदे के कई अलग-अलग पैटर्नों की भी पहचान की गयी थी. जहां कुछ मामलों में केंद्रीय एजेंसियों के छापे/ कार्रवाई के फौरन बाद, संबंधित कंपनियों द्वारा सत्ताधारी भाजपा को चंदा दिया जाना शुरू कर दिया गया था, वहीं कुछ और मामलों में पहले से चंदा दे रही कंपनियों ने छापे के बाद, उल्लेखनीय रूप से ज्यादा चंदा देना शुरू कर दिया था. और कुछ और मामलों में बार-बार छापे के जरिए कंपनियों से बार-बार पैसे की वसूली की जा रही थी. बेशक, यह सब उस सामान्य या सद्‌भावनापूर्ण वातावरण में हो रहे लेन-देन के ऊपर से था, जिसे 'चंदा दो और धंधा लो' कहा जा सकता है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## मीडिया में अन्यत्र

# सीखने की राह : पीएम इंटर्नशिप योजना

**बिना** किसी शोर-शराबे के, केंद्र सरकार ने एक ऐसे ऑनलाइन पोर्टल की शुरुआत की, जो देश के बेरोजगारों और काफी हद तक बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए बजट में की गई प्रमुख घोषणाओं में से एक को लागू करने के एक मंच के रूप में काम करेगा. पीएम इंटर्नशिप योजना, जो रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और पांच सालों में 4.1 करोड़ युवाओं को कौशल प्रदान करने के मकसद से डिज़ाइन किए गए एक पांच-योजना वाले पैकेज का हिस्सा है, का संचालन करने वाला यह पोर्टल नौकरी ढूंढने का प्रयास कर रहे युवाओं को कार्यस्थल पर (ऑन-द-जॉब) साल भर के प्रशिक्षण की पेशकश करने की इच्छुक कंपनियों के साथ तालमेल करेगा. सैद्धांतिक रूप में, मुख्य तौर पर केंद्र द्वारा वित्त पोषित यह योजना एक ऐसे विशाल युवा श्रमशक्ति वाले देश के लिए सार्थक है जो युवाओं में बेरोजगारी के चिंताजनक स्तर से भी जूझ रहा है. विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली शिक्षा और नियोक्ताओं द्वारा वांछित वास्तविक दुनिया के व्यावहारिक कौशल के बीच के अंतर को पाटने के अलावा, नामचीन कंपनियां इंटर्नशिप के अंत में कुछ प्रकार के प्रमाणन की पेशकश कर सकती हैं, जिससे नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों की समीक्षा करने वाले संभावित नियोक्ताओं को सहूलियत मिलेगी. यह पहल उस महत्वपूर्ण सवाल का हल निकाल सकती है जिससे नियोक्ता अक्सर जूझते हैं: "युवाओं को नौकरी तो हासिल हो सकती है, लेकिन क्या वे अपने काम को पूरा कर भी पायेंगे?"एक प्रायोगिक परियोजना (पायलट प्रोजेक्ट) के तहत, 1.25 लाख इंटर्न का पहला बैच 2 दिसंबर को स्वेच्छा से भाग लेने वाली कंपनियों के साथ काम शुरू करेगा. सरकार ने जहां इस योजना का एलान करने से पहले और बाद में उद्योग जगत से जुड़े निकायों से परामर्श किया है, वहीं वह मार्च 2029 तक एक करोड़ इंटर्नशिप बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए इसे आगे बढ़ाने से पहले उचित रूप से सतर्क है. इस प्रायोगिक परियोजना से सीखे गए सबक इस योजना को अंतिम रूप से डिजाइन करने में मददगार साबित होंगे. इससे कंपनियों के साथ आवेदकों को मिलाने की प्रारंभिक प्रक्रिया से जुड़ी कुछ अंतर्दृष्टि तो स्पष्ट होंगी, लेकिन नतीजों की पूरी गुंजाइश का आकलन दिसंबर 2025 के बाद ही किया जा सकेगा, जब प्रशिक्षु नौकरी के बाजार में फिर से दाखिल होंगे. साथ ही, बीच में ही इस योजना से बाहर निकल जाने की (ड्रॉपआउट) दरों और इससे जुड़ी शिकायतों पर बारीकी से निगरानी रखने की जरूरत होगी. **(द हिंदू)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

# मुश्किल/मुस्तकिल

**आपने** फिल्मी गायक अभिजीत की आवाज में यह गाना तो सुना ही होगा-बड़ी मुश्किल है, खोया मेरा दिल है, कोई उसे ढूंढ के लाओ ना. इसी प्रकार यह गायक कुंदन लाल सहगल की आवाज में अपने जमाने का सुपरहिट यह गाना भी सुना होगा-गम दिये मुस्तकिल, कितना नाजुक है दिल ये न जाना, हाय हाय रे जालिम जमाना है. यहां मेरा उद्देश्य आपको फिल्मी गाना सुनाना नहीं, बल्कि इन दोनों गीतों में प्रयुक्त मुश्किल और मुस्तकिल शब्दों पर गौर कराना है. थोड़े से अंतर के बावजूद दोनों शब्द सुनने में एक जैसे लगते हैं, लेकिन दोनों के मायने-मतलब बिल्कुल अलग-अलग हैं. दोनों शब्द अरबी मूल के हैं. वर्धा हिंदी शब्दकोश और रेख्ता उर्दू हिंदी शब्दकोश के अनुसार मुस्तकिल का मतलब विशेषण के रूप है दृढ़ मजबूत, स्थिर, स्थायी, दृढ़तापूर्वक स्थापित किया हुआ, पद विशेष पर स्थायी रूप से नियुक्त, पक्का. गीत मजरूह सुलतानपुरी का है, जिसका मतलब है कि फिल्म के नायक को जो गम मिला है, उसका पक्का इरादा ही है. हालांकि हिंदी में मुस्तकिल शब्द का चलन कम है, लेकिन मुश्किल का प्रयोग तो खूब होता है. हमें हर समय किसी न किसी मुश्किल का सामना करना पड़ता है और हमें मुश्किल से उबरने का उपाय भी सोचना पड़ता है. संज्ञा स्त्रीलिंग के रूप में इस शब्द का मतलब है कठिनाई, परेशानी, मुसीबत, विपत्ति तो वहीं विशेषण के रूप में कठिन, दुश्कर, जटिल या पेचीदा होता है. अभिजीत ने जिस नायक के लिए यह गाना गाया है, उसके सामने बड़ी मुश्किल यह है कि उसका दिल ही कहीं खो गया है. वह गुहार कर रहा है कि कोई उसका दिल ढूंढ कर ला दे, लेकिन क्या वास्तव में ऐसा होता है? गाने में अतिशयोक्ति अलंकार है. जब किसी बात को असंभव की सीमा तक बढ़ा-चढ़ा कर कहा जाए तो उसे अतिशयोक्ति अलंकार कहते हैं. सवाल तो यह है कि जिस व्यक्ति के शरीर से दिल निकल जायेगा तो वह गुहार लगायेगा या मरघट जाएगा?

# फ़ेसबुक सर्फिंग करो गहरे पानी पैठ ....!

• तीर-तुक्का

सुशील यादव



फेसबुक के गहरे पानी में सर्फिंग का शानदार समय चल रहा है. कबाडियों को छोड़, हर किस्म के लोग जुड़ने लगे हैं, उनको अपने कबाड़ जोड़ने के धंधे से फुरसत नहीं. जब भी कोई गंभीर 'पोस्ट' नथ्थू की नजर से गुजरती, वह दौड़ा- दौड़ा तुरंत मेरी 'राय-मशवरा' के फील्ड में आ जाता है. मेरी सहमति –असहमति का उस पर कदाचित अविलंब प्रभाव भी पड़ता है. वह फेसबुक में वैसी प्रतिक्रिया चिपका देता है. एक दिन वह सप्ताह भर का निचोड़ लेकर आ गया. एक लोकल लेखक के प्रति खासा आक्रोश लिए था. मैंने शांत कराते हुए पूछा- क्या बात है नत्थू, वह मुझसे कहने लगा- गुरुजी ये जो लेखक हैं न, अपने आप को टॉप (तोप) समझता है, कहता है फेसबुक पर 'विचार रखना चाहिए ,कविता गोष्ठी में पढ़ने की चीज है'. उनको शिकायत रही कि सुबह-सुबह कवि लोग उनके फेसबुक में कविता ठेले रहते हैं. नत्थू ने कहा ,उतुकतावश हमने उनके साईट को खंगाला, बमुश्किल एक- दो रचनाएँ. वो भी उनके ख़ास परिचित व् स्तरीय लोगों की पाई गई.वे नाहक चिड़चिडाये रहते हैं.या फेसबुक में छाये रहने,टिप्पणी पाने की जुगाड़ में दीखते हैं. हम कहते हैं, अगर पसंद की बात पोस्ट में न दिखे तो जरूरी नहीं डिटेल में पढ़ा जावे? सुपर्फिसियाली पढ के भी टाला जा सकता है. वे लाइक वाला कमेन्ट दे मारते हैं, अगला दूने उत्साह से रचना परोस देता है. भाई तुम ठहरे कामकाजी आदमी, अपुन माफिक निठ्ठल्ले नहीं, जो अखबार माफिक पेज दर पेज, विज्ञापन दर विज्ञापन नाप दो. कवि-लेखक को उत्साहित करने का परिणाम जानना चाहिए कि नहीं? कहीं-कहीं, उत्साहित करने का जबरदस्त खामियाजा भुगतना पड़ता है. यह बात, एक बड़े लेखक को खुद इशारों में समझना चाहिए की नहीं? हां तो! गुरुजी फेसबुक में पुलिसिया थानेदारी के शौक के बारे में आप क्या कहते हैं? कौन सी चीज किस रास्ते से गुजरे ये जरूरी है कि चंद प्रबुद्ध लोग तय करें. लेखकों में ये 'गर्वोक्ति' काफी हाउस से प्रायः निकली होती हैं, टपोरी होटल में हाफ चाय पी कर लिखने वाला कभी इतना क्रुद्ध होते नहीं पाया जाता. आप इस बात से इत्तिफाक रखते हैं या नहीं? नत्थू की हामी भरवाने वाली नजर फिर उठ जाती है. अपनी बात जारी रखते हुए फिर कहता है, फेस बुक सोशल मीडिया, भाव प्रकट करने के लिए एक अच्छा मंच है. आज के विलुप्त होते जा रहे साहित्यिक गतिविधियों को, साहित्यकारों को अगर प्रोत्साहन पाने का छोटा-मोटा अवसर दिखता है, तो उस पर अपनी बपौती काबिज करना भलमनसाहत नहीं है. वे गाली गलौज लिख नहीं रहे, गलत अगर कुछ पोस्ट कर रहे हों तो आप प्रबुद्ध बन कर सुधार सकते हो तो सुधारो, वरना हिन्दुस्तान में सबको 'गोली मारो' कहने की आजादी स्वमेव मिली है. नत्थू ने भर निगाह से मेरी तरफ देखा,एक बारगी मुझे लगा कहीं ये सब मुझे तो नहीं सुना रहा, मगर एकबएक याद आ गया, अरे मैं कहां प्रबुद्ध की श्रेणी में गिना जाने लगा हूं?





आस्था के महापर्व शारदीय नवरात्र का आज अंतिम दिन है. इस अवसर पर शक्तिपीठों की चर्चा बहुत पावन है. भारतीय आध्यात्मिक इतिहास में शक्ति पीठों का बहुत महत्व है. भगवती पुराण के अनुसार बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, पाकिस्तान और भारत में आदि शक्ति मां जगदंबा के 52 शक्तिपीठ हैं. आइए आज प्रमुख नौ शक्तिपीठों के दर्शन कर उनकी महिमा गाएं

**51** शक्तिपीठों का वर्णन है पुराणों में.


**72** शक्तिपीठों का वर्णन गीता में मिलता है.

**108** शक्ति पीठ हैं देवी भागवत में वर्णित

**52** शक्तिपीठ का जिक्र तंत्र चूड़ामणि में है.



# जय जय हे महिषासुरमर्दिनी शैलसुते...



### कालीघाट कोलकाता

यहां सती के दाएं पांव की 4 अंगुलियां (अंगूठा छोड़कर) गिरी थीं. यहां की शक्ति 'कालिका' व भैरव 'नकुलेश' हैं. इस पीठ में मां काली की काले पत्थर को तरास कर तैयार प्रतिमा है. यहां मां काली की जीभ काफी लंबी है जो सोने की बनी हुई है. दांत सोने के हैं. आंखें तथा सिर गेरूआ सिंदूर के रंग से बना है और माथे पर तिलक भी गेरूआ सिंदूर का है.

### शंकरी देवी मंदिर श्रीलंका

कहते हैं कि यहां माता सती के शरीर का उसंधि यानी पेट और जांघ के बीच का हिस्सा गिरा था. कुछ ग्रंथों में यहां सती का कंठ और नूपुर गिरने की बातें लिखी हुई हैं. यहां की शक्ति इन्द्राक्षी तथा भैरव राक्षसेश्वर हैं. मान्यता है कि इसकी स्थापना खुद रावण ने की थी. यहां पर भगवान शिव का मंदिर भी है, जिन्हें त्रिकोणेश्वर या कोणेश्वरम कहा जाता है.



### श्री महालक्ष्मी मंदिर कोल्हापुर

श्री महालक्ष्मी मंदिर का निर्माण सातवीं शताब्दी में चालुक्य वंश के राजा कर्णदेव ने करवाया था. मान्यता है कि यहां स्थापित माता लक्ष्मी की प्रतिमा लगभग 7,000 साल पुरानी है. मंदिर के अन्दर नवग्रहों सहित, भगवान सूर्य, महिषासुर मर्दिनी, विट्ठल रखमाई, शिवजी, विष्णु, तुलजा भवानी आदि अनेक देवी देवताओं के भी पूजा स्थल मौजूद हैं.



### कामाख्या मंदिर गुवाहाटी

असम के गुवाहाटी के निकट के इस मंदिर का उल्लेख कालिका पुराण में है. मान्यता है कि माता सती के योनि का भाग यहां गिरा था. यहां मां दुर्गा और मां जगदंबा का कोई चित्र और मूर्ति नहीं है. भक्त मंदिर में बने एक कुंड पर फूल अर्पित कर पूजा करते हैं जिसे हमेशा ढककर रखा जाता है. इस कुंड से हमेशा का पानी का रिसाव होता है.



### हिंगलाज पाकिस्तान

पाकिस्तान के कराची से करीब 250 किलो मीटर की दूरी स्थित इस मंदिर को हिंगुला माता या नानी का मंदिर भी कहते हैं. हिंगुला माता को जाटों की कुल देवी माना जाता है. नवरात्रि के अवसर पर यहां मेला लगाता है. हिंगलाज माता के भक्तों में पाकिस्तान के मुसलिम समुदाय के लोग भी शामिल हैं. वे इसे नानी का मंदिर और मां दुर्गा को बीबी नानी कहते हैं.



### तारा तारिणी ब्रह्मपुर

यह 4 आदि शक्तिपीठ में शामिल है, जिसे 'स्तन पीठ' के नाम से भी जाना जाता है. शिव पुराण, देवी भागवत पुराण, कालिका पुराण, अष्टशक्ति और पीठनिर्णय तंत्र में इसकी चर्चा है. यहां माता सती के दोनों स्तन, ऋषिकुल्या नदी के किनारे स्थित कुमारी पहाड़ी पर गिरे थे. मंदिर में दो जुड़वा देवियों तारा और तारिणी की पूजा होती है.



### सुगंधा सुनंदा बांग्लादेश

देवी सुगंधा को एकजटा के नाम से भी जाना जाता. मान्यता है कि सती की नाक यहां गिरी थी और उन्होंने "सुनंदा या देवी तारा या एकजटा और त्र्यंबक" का रूप धारण किया. हर साल शिव रात्रि या शिव चतुर्दशी मेले के दौरान भव्य उत्सव होता है. सुगंधा शक्ति पीठ पत्थर से निर्मित है. हर साल शिव चतुर्दशी पर भव्य आयोजन होता है.



### गुह्येश्वरी काठमांडू


बागमती नदी के किनारे स्थित यह शक्तिपीठ मां सती और शिव की एकता का अद्भुत प्रतीक है. यहां पशुपतिनाथ से पूर्व मां गुह्येश्वरी के दर्शन करने की परंपरा है. इस मंदिर में मां की कोई प्रतिमा नहीं है. मंदिर के गर्भगृह में चांदी के कलश से ढंका एक छिद्र है, जिसमें से जल की धारा बहती रहती है. यह तांत्रिक अनुष्ठानों के लिए प्रसिद्ध है.



### मनसा देवी उत्तराखंड


इस मंदिर में मां की 2 मूर्तियां स्थापित हैं. एक मूर्ति की पंचभुजाएं और एक मुख है और वहीं दूसरी मूर्ति की 8 भुजाएं हैं. ममता की मूर्ति मां मनसा अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं. भक्त अपनी मुराद लेकर एक पेड़ पर धागा बांधते हैं. फिर इच्छा पूर्ण हो जाने के बाद उस धागे को खोलते हैं और फिर मां का आशीर्वाद लेकर चले जाते हैं.





## यह है कथा

पौराणिक कथा के अनुसार, दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के मृत शरीर को लेकर भगवान शिव पृथ्वी पर तांडव करने लगे. तब भगवान भगवान विष्णु ने शिवजी के क्रोथ को शांत करने के लिए सुदर्शन चक्र से सती के मृत शरीर को टुकड़े-टुकड़े कर दिए. इस क्रम में सती के शरीर के अंग और आभूषण जहां-जहां गिरे, वे स्थान शक्तिपीठ का नाम से मशहूर हो गए.





आचार्य अजय मिश्रा

नवमी को मां सिद्धदात्री की आराधना की जाती है. मां के इस स्वरूप की पूजा अर्चना करने से सभी सिद्धियां प्राप्त होती हैं. इसलिए इनकी पूजा सभी देव, ऋषि-मुनि, असुर, किन्नर और गृहस्थ आश्रम वाले करते हैं. आइए, जानते हैं नवरात्रि के नौवें दिन मां सिद्धिदात्री का मंत्र, भोग, पूजा विधि आदि के बारे में जानें-

# या देवी सर्वभूतेषु मां सिद्धिदात्री रूपेण संस्थिता

मां सिद्धिदात्री मां लक्ष्मी की तरह कमल पर विराजमान हैं. मां की चार भुजाएं हैं जिनमें दाहिनी तरफ के नीचे वाले हाथ में कमल पुष्प और ऊपर वाले हाथ में शंख सुशोभित है. वहीं बाएं तरफ के नीचे वाले हाथ में गदा और ऊपर वाले हाथ में चक्र सुशोभित है. मां दुर्गा इस रूप में लाल वस्त्र धारण की हैं.

### ये हैं माता की 8 सिद्धियां

पौराणिक कथाओं के अनुसार, अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व ये आठ सिद्धियां हैं. सभी देवी देवताओं, गंदर्भ, ऋषि, असुरों को इनकी पूजा करने से ही सिद्धियां प्राप्त होती हैं.

### माता सिद्धिदात्री का भोग

मां सिद्धिदात्री को हलवा, पूड़ी, काले चने, मौसमी फल, खीर और नारियल का भोग लगाया जाता है. माता की पूजा करते समय बैंगनी या जामुनी रंग पहनना शुभ रहता है. नवरात्रि की नवमी तिथि पर कन्या पूजन करने का विधान है.

### ऐसे करें पूजा

ब्रह्ममुहूर्त में उठकर ही घर की पूरी साफ सफाई के बाद अन्य दिनों की तरह ही माता की पूजा-अर्चना करें. यह दिन अलग इस रूप में कि इस दिन हवन का खास महत्व है. आज माता की पूजा करने से बाद सभी देवी-देवताओं की भी पूजा करें. हवन करते समय सभी देवी-देवताओं को नाम की आहुति भी एकबार दे दें. हवन के समय दुर्गा सप्तशती के सभी श्लोक के साथ मां दुर्गा की आहुति भी दी जाती है. साथ ही देवी के बीज मंत्र 'ऊँ ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे नमो नमः' का 108 बार जप करते हुए आहुति दें और फिर आरती उतारें.

### ये हैं पूजा मंत्र

सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि,
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।
ओम देवी सिद्धिदात्र्यै नमः।
अमल कमल संस्था तद्रजःपुंजवर्णा,
कर कमल धृतेषट् भीत युग्मामबुजा च।
मणिमुकुट विचित्र अलंकृत कल्प जाले;
भवतु भुवन माता संततम सिद्धिदात्री नमो नमः।

मां सिद्धिदात्री बीज मंत्र
ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः।

मां सिद्धिदात्री प्रार्थना मंत्र
सिद्ध गन्धर्व यक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात् सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।

मां सिद्धिदात्री स्तुति मंत्र
या देवी सर्वभूतेषु माँ सिद्धिदात्री रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।

# 141 साल पहले दुर्गा बाड़ी से शुरू हुई थी पूजा





हिमकर श्याम

रांची में दुर्गापूजा की शुरुआत 141 साल पहले दुर्गा बाड़ी से हुई थी. 1883 में रांची जिला स्कूल के शिक्षक गंगा चरण वेदांत के प्रयास से रांची में पहली बार श्री श्री हरिसभा नाम से दुर्गा पूजा कमिटी का गठन हुआ. आज जहां दुर्गा बाड़ी है, वहां खपरैल मकान था, वहीं प्रथम बार दुर्गा पूजा का आयोजन हुआ था. दुर्गा बाड़ी के सामने मेले का भी आयोजन होता था. मेला पांच दिनों तक चलता था. शहर की आबादी बढ़ने के बाद जगह कम पड़ने लगी और मेला बंद कर दिया गया. दुर्गा बाड़ी में 135 साल पहले जिस आस्था और परंपरा के साथ दुर्गा पूजा की शुरुआत की गयी थी वह बरकरार है. यहां आज भी परंपरागत तरीक़े से पूजा अर्चना और साज-सज्जा की जाती है. दुर्गा बाड़ी की पूजा एक और खासियत यह है कि यहां की प्रतिमाएं एक ही नाप की होती हैं. प्रतिमा का निर्माण पुरुलिया एवं कोलकाता के मूर्तिकार करते हैं. पहली प्रतिमा झालदा के जगन्नाथ लाहिड़ी ने बनायी थी.

यहां बलि देने की भी परम्परा थी, जिसे 1927 के बाद खत्म कर दिया गया. दुर्गा बाड़ी में दशमी को होनेवाला सिंदूर खेला काफी प्रसिद्ध है. मां की पूजा बंगाल से आए पुरोहितों द्वारा सम्पन्न करायी जाती है. प्रतिमा का विसर्जन भी अलग तरीके से किया जाता है. मां की प्रतिमा को कंधे पर रखकर तालाब किनारे ले जाया जाता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

बांग्लादेश को 86 रन से रौंदा

# टी-20 सीरीज पर भारत ने किया कब्जा

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारत ने बांग्लादेश को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी20 मैच में 86 रनों से करारी शिकस्त दी है. भारत ने लगातार दूसरा मैच जीतकर तीन मैचों की टी20 सीरीज पर कब्जा कर लिया है. भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रिंकू सिंह और नीतीश रेड्डी के अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 221 रन बनाए. इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम नौ विकेट खोकर 135 रन ही बना सकी. सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय टीम ने तीसरी टी20 सीरीज जीती है. इससे पहले ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराया था.



- रेड्डी ने 74 रन बनाए और दो विकेट भी लिए
- रिंकू की भी फिफ्टी, हार्दिक का भी बल्ला चला

222 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम को पहला झटका अर्शदीप ने दिया. इमान 12 गेंद में 16 रन बनाकर आउट हुए. कप्तान नजमुल शांतो 11 रन ही बना सके. लिटन दास 11 गेंद में 14 रन बना सके. तौहीद 6 गेंद में दो रन बनाकर पवेलियन लौटे. जाकेर अली ने एक रन बनाया. रिशाद नौ रन ही बना सके.

भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नीतीश रेड्डी और रिंकू सिंह के अर्धशतकों की बदौलत 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 221 रन बनाए. भारत के लिए नीतीश रेड्डी ने 74 और रिंकू ने 53 रन की पारी खेली. पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही. टीम ने तीन ओवर में ही दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए. संजू सैमसन 10 और अभिषेक 15 रन बनाकर आउट हुए. कप्तान सूर्यकुमार यादव आठ रन ही बना सके. इसके बाद रिंकू और नीतीश के बीच चौथे विकेट के लिए 108 कन की साझेदारी हुई. नीतीश 34 गेंद में 74 रन बनाकर आउट हुए. रिंकू सिंह ने 29 गेंद में 53 रन बनाए. रियान पराग 6 गेंद में 15, हार्दिक 19 गेंद में 32 और वरुण बिना खाता खोले पवेलियन लौटे. अर्शदीप ने 6 रन का योगदान दिया. ग्वालियर में खेले गए पहले मैच में भारत ने बांग्लादेश को सात विकेट से करारी शिकस्त दी.

महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2024

# टीम इंडिया ने श्रीलंका को 86 रन से हराया

एजेंसी। दुबई

पहला मैच न्यूजीलैंड से गंवाने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वुमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 में दमदार वापसी की. पाकिस्तान को रौंदने के बाद अब भारत ने श्रीलंका को 86 रन से पीटा.टीम इंडिया ने बुधवार को महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 में श्रीलंका के परखच्चे उड़ा दिए. हरमनप्रीत ब्रिगेड ने दुबई के मैदान पर श्रीलंका को 82 रनों से रौंदा. भारत ने 173 रनों का टारगेट दिया. जवाब में श्रीलंका टीम 19.5 ओवर में 90 रन पर ढेर हो गई. श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा रन कविशा दिलहारी (21) ने बनाए. भारत की ओर से अरुंधति रेड्डी और आशा शोभना ने तीन-तीन विकेट चटकाए. रेणुका ठाकुर सिंह ने दो जबकि श्रेयंका पाटिल और दीप्ति शर्मा को एक-एक विकेट मिला. भारतीय टीम ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है. उसका नेट रनरेनट ( 0.576 ) निगेटिव से पॉजिटिव हो गया है. भारत के खाते में फिलहा चार अंक हैं.



टॉप-2 में पहुंची हरमन ब्रिगेड

टॉस गंवाकर पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम ने दमदार शुरुआत की. मंधाना और शेफाली ने पहले विकेट के लिए 98 रनों की साझेदारी की. दोनों 13वें ओवर में पवेलियन लौटीं. मंधाना ने 38 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की बदौलत 50 रन बनाए. वह रन आउट हुईं. वहीं, शेफाली ने 40 गेंदों 43 रन बनाए, जिसमें चार चौके शामिल हैं. इसके बाद, हरमनप्रीत ने आक्राम अंदाज में बल्लेबाजी की. उन्होंने जेमिमा रोड्रिग्स (16) के साथ तीसरे विकेट के लिए 30 रन की पार्टनरशिप की. जेमिमा ने 17वें ओवर में विकेट खोया. हरमन ने ऋचा घोष के संग चौथे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी की. उन्होंने आखिरी दो गेंदों पर चौका मारकर फिफ्टी कंप्लीट की. वह 27 गेंदों में 52 रन बनाकर नाबाद रहीं. उन्होंने 8 चौके और एक छक्का ठोका. ऋचा ने नाबाद 6 रन बनाए.

जेएससीए का ऐलान : रणजी ट्रॉफी के लिए झारखंड की टीम घोषित

# ईशान किशन को मिली कप्तानी

खेल संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य क्रिकेट संघ, (जेएससीए) ने 2024-25 के लिए रणजी टीम की घोषणा कर दी है. टीम की कमान ईशान किशन को सौंपी गई है. इससे पहले बुची बाबू टूर्नामेंट में भी ईशान की कप्तानी में टीम खेली थी. बता दें कि रणजी ट्रॉफी के 2024-25 सत्र में झारखंड एलिट ग्रुप डी में असम, रेलवे, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, सौराष्ट्र, दिल्ली और तमिलनाडु के साथ है. प्रतियोगिता की शुरुआत 11 अक्टूबर से हो रही है और झारखंड का पहला मुकाबला असम के साथ है.

**सपोर्ट स्टाफः** एसएस राव हेड कोच, रतन कुमार कोच, दीपक कुमार कोच, जॉन लिसानियास डेनियल फिजियो, मानव मुकुंद एस एंड सी कोच आनंद के, उत्तम कुमार मोहंती साइड आर्मर, कुणाल कुमार सिंह वीडियो एनालिस्ट, राज कुमार



**झारखंड टीम**

ईशान किशन (कप्तान), विराट सिंह (उपकप्तान), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), नाज़िम सिद्दीकी, आर्यमन सेन, शरणदीप सिंह, कुमार सूरज, अनुकूल रॉय, उत्कर्ष सिंह, सुप्रियो चक्रवर्ती, सौरभ शेखर, विकास कुमार, विवेकानन्द तिवारी, मनीषी, रवि कुमार यादव, रौनक कुमार

## 11 अक्टूबर से 2 मार्च तक होंगे रणजी के मैच

**नयी दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी की शुरुआत 11 अक्टूबर 2024 से होने वाली है, जो 2 मार्च 2025 तक चलेगी, जब फाइनल खेला जाएगा. पांच ग्रुप चरण के खेल 13 नवंबर तक खेले जाएंगे और 23 जनवरी को सफेद गेंद टूर्नामेंट के बाद ये खेल फिर से शुरू होंगे. एलीट ग्रुप नॉकआउट 8 फरवरी से शुरू होंगे, जबकि प्लेट ग्रुप के लिए एक अलग नॉकआउट टूर्नामेंट होगा और फाइनलिस्ट अगले सीज़न के एलीट ग्रुप में अपना स्थान बुक करेंगे. सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी रणजी सीजन के राउंड-ब्रेक के बीच 23 नवंबर से 15 दिसंबर तक खेली जाएगी. टी20 टूर्नामेंट के बाद 21 दिसंबर से 18 जनवरी 2025 तक विजय हजारे ट्रॉफी खेली जाएगी.

**रणजी ट्रॉफी 2024-25 के ग्रुप क्या हैं? :** गत विजेता मुंबई और उपविजेता विदर्भ क्रमशः एलीट ए और बी में हैं, जबकि सेमीफाइनलिस्ट मध्य प्रदेश और तमिलनाडु क्रमशः एलीट सी और डी में होंगे.पिछले सीजन में प्लेट ग्रुप में शीर्ष पर रहने के बाद हैदराबाद मेघालय के साथ एलीट में वापसी करेगा, जबकि गोवा और मणिपुर को प्लेट ग्रुप में वापस भेज दिया गया है. झारखंड को एलीट ग्रुप डी में रखा गया है.

**टीमों को समूहों में कैसे विभाजित किया जाता है? :** टीमों को पिछले सत्र में उनके प्रदर्शन के आधार पर बनाई गई रैंकिंग (1 से 38) के अनुसार उनके समूहों में विभाजित किया गया है.

वे वरीयता की तरह कार्य करते हैं, उदाहरणः मुंबई और विदर्भ, जो पिछले सीजन के फाइनलिस्ट थे, वे स्वयं को अलग-अलग ग्रुप (ए और बी) में पाते हैं, ठीक उसी तरह जैसे अन्य दो सेमीफाइनलिस्ट सी और डी में हैं, इसलिए वे केवल नॉकआउट में एक-दूसरे का सामना करेंगे.

### रणजी ट्रॉफी 2024-25 सत्र का प्रारूप क्या है?

टूर्नामेंट में 38 टीमों को 5 अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है. 8-8 टीमों के चार ग्रुप एलीट ए से एलीट डी ग्रुप में होंगे जबकि बाकी 6 टीमें प्लेट ग्रुप में खेलेंगी. प्रत्येक टीम अपने ग्रुप में शेष टीमों का सामना करेगी और प्रत्येक ग्रुप के लिए अलग से एक तालिका बनाई जाएगी. प्लेट ग्रुप के नॉकआउट से फाइनलिस्ट को 2025-26 सीजन के लिए एलीट ग्रुप में पदोन्नति मिलेगी, जबकि एलीट ग्रुप की संयुक्त तालिका में अंतिम स्थान पर रहने वाली दो टीमों को अगले सीजन में प्लेट ग्रुप में भेज दिया जाएगा. सभी एलीट समूहों से दो टीमें नॉकआउट अर्थात क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी और उन्हें बाद के चरणों में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा.

# रणजी ट्रॉफी के यूपी की टीम में भुवनेश्वर कुमार का नाम नहीं



एजेंसी। नयी दिल्ली

रणजी ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश ने अपनी स्क्वॉड का ऐलान किया. यूपी की 22 सदस्यीय स्क्वॉड में दिग्गज तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को जगह नहीं मिली. रणजी ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश की स्क्वॉड से नजरअंदाज होने के बाद टीम इंडिया में भुवनेश्वर कुमार की वापसी की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है. रणजी ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश अपने अभियान का आगाज 11 अक्टूबर को बंगाल के खिलाफ करेगा. पिछले दिनों तकरीबन 6 साल बाद भुवनेश्वर कुमार फर्स्ट क्लास में लौटे, लेकिन अब रणजी ट्रॉफी टीम में जगह नहीं मिली, तो क्या तेज गेंदबाज का करियर खत्म हो गया है? पिछले लंबे वक्त से भारतीय टीम के लिए भुवनेश्वर कुमार टेस्ट फॉर्मेट नहीं खेले हैं. वहीं, अब रणजी ट्रॉफी के लिए घरेलू टीम से बाहर कर दिया गया है. इससे पहले भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के लिए यश दयाल को शामिल किया गया था. इसके बाद लगातार कयास लग रहे हैं कि भुवनेश्वर कुमार के लिए टीम इंडिया में वापसी संभव तकरीबन नामुमकिन है. भुवनेश्वर कुमार के नाम 72 फर्स्ट क्लास मैचों में 231 विकेट दर्ज है. साथ ही वह फर्स्ट क्लास मैचों में 13 बार 5 विकेट लेने का कारनामा कर चुके हैं. इसके अलावा बल्लेबाज के तौर पर 2475 रन दर्ज है. जिसमें 1 शतक के अलावा 14 बार पचास रनों का आंकड़ा पार किया है. भारत के लिए आखिरी बार टेस्ट भुवनेश्वर कुमार तकरीबन 6 साल पहले खेले थे. इसके बाद से वह टेस्ट टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे हैं. हालांकि, इससे पहले 2013 से 2018 तक वह लगातार 5 सालों तक भारतीय टीम के लिए खेलते रहे. वहीं, भारत के लिए भुवनेश्वर कुमार आखिरी बार 2022 में खेले थे. अब ऐसा माना जा रहा है कि भारतीय टीम में भुवनेश्वर कुमार की वापसी आसान नहीं है, लेकिन आईपीएल समेत अन्य लिमिटेड ओवर टूर्नामेंट्स में नजर आ सकते हैं.

टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में आठवां स्थान हासिल किया

# अर्शदीप टी20 रैंकिंग में टॉप 10 में पहुंचे

एजेंसी। दुबई

तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में तीन विकेट लेने के बाद आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं. ग्वालियर में भारत ने बांग्लादेश पर 49 रनों से जीत हासिल की, जिसमें अर्शदीप और वरुण चक्रवर्ती ने कुल छह विकेट लिए जबकि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने बल्ले से मुख्य भूमिका निभाई. बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने आठ पायदान की बढ़त बनाते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में आठवां स्थान हासिल किया. यह उनके करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग है, जबकि इंग्लैंड के अनुभवी स्पिनर आदिल राशिद जून में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप और पिछले महीने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के साथ इंग्लैंड की श्रृंखला के पूरा होने के बाद भी नंबर 1 रैंकिंग पर बने हुए हैं. दूसरी ओर, हार्दिक पांड्या की 16 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से खेली गई पारी ने उन्हें टी20 ऑलराउंडरों की नई रैंकिंग में चार पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया और वह इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन (पहले) और नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी (दूसरे) के करीब पहुंच गए. वह बल्लेबाजों की नई टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में सात पायदान आगे बढ़कर 60वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड शीर्ष पर हैं. अबू धाबी में दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के बीच तीन मैचों की श्रृंखला के समापन के बाद वनडे खिलाड़ी रैंकिंग में भी कुछ बदलाव हुए हैं.



आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, प्रोटियाज ने श्रृंखला 2-1 से जीती, लेकिन इस सप्ताह रैंकिंग अपडेट में सबसे अधिक लाभ आयरिश खिलाड़ियों की तिकड़ी को हुआ, जिन्होंने श्रृंखला के अंतिम मैच में 69 रन की जीत के बाद यह उपलब्धि हासिल की.

# 14 वर्षीय खिलाड़ी ने वांग को चौंकाया लेकिन चीन पुरुष सेफा में

एजेंसी। अस्ताना

चीन ने मंगलवार को यहां एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में दुनिया के नंबर 1 वांग चुकिन की शुरुआती मैच में चौंकाने वाली हार से उबरते हुए ईरान को 3-1 से हराकर पुरुष टीम सेमीफाइनल में प्रवेश किया. वांग को 14 वर्षीय बेन्यामिन फराजी से 11-8, 3-11, 9-11, 13-11, 11-9 से हार का सामना करना पड़ा, जो विश्व रैंकिंग में उनसे 209 स्थान नीचे हैं. शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार हाल के टूर्नामेंटों में अपने अनुकूल फॉर्म की लहर पर सवार होकर, 19 वर्षीय लिन शिदोंग ने चीन को बराबरी दिलाने में मदद की, वह भी पांच रोमांचक गेमों के माध्यम से, अंततः 13-11, 11-13, 18-16, 5-11, 11-6 से नोशाद अलामियान पर जीत हासिल की. लियांग जिंगकुन ने मोहम्मद मौसवी ताहेर को सीधे गेम में हराया, वांग ने अलामियान पर 3-1 की जीत के साथ सेमीफाइनल में गत चैंपियन का स्थान सुरक्षित किया. चीन गुरुवार को अंतिम-चार चरण के मुकाबले में दक्षिण कोरिया के साथ फाइनल में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेगा, जिसने जापान को 3-1 से हराया. 27वीं एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप कजाकिस्तान के अस्ताना में सोमवार से रविवार तक चलेगी.



टोक्यो ओलंपिक व पेरिस ओलंपिक ’24 में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं ऑलमैन

# वैलेरी ऑलमैन बनीं दिल्ली हाफ मैराथन के इंटरनेशनल इवेंट एंबेसडर

एजेंसी। नयी दिल्ली

टोक्यो ओलंपिक और पेरिस ओलंपिक 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाली अमेरिकी डिस्कस थ्रोअर वैलेरी ऑलमैन को 20 अक्टूबर को होने वाली दिल्ली हाफ मैराथन के लिए अंतरराष्ट्रीय इवेंट एंबेसडर नामित किया गया है. पेरिस में 69.50 मीटर की शानदार थ्रो के साथ ऑलमैन ने एक नया अमेरिकी रिकॉर्ड बनाया, जिससे दुनिया भर में शीर्ष डिस्कस थ्रोअर में से एक के रूप में उनकी स्थिति और मजबूत हुई. उनकी ओलंपिक यात्रा टोक्यो 2020 खेलों में स्वर्ण पदक के साथ शुरू हुई, जिसे उन्होंने 68.98 मीटर के शक्तिशाली पहले थ्रो के साथ हासिल किया.




आयोजकों द्वारा जारी एक बयान में ऑलमैन ने कहा, किसी दौड़ प्रतियोगिता का सबसे सुंदर पहलू यह है कि यह हमें एक समुदाय के रूप में एक साथ लाती है और व्यापक हित के लिए इसे अपना बनाती है. स्टार्ट लाइन केवल एक दौड़ नहीं है. यह सौहार्द, दृढ़ संकल्प, लचीलापन और सीमाओं को लांघने और नए व्यक्तिगत मुकाम हासिल करने की हमारी क्षमता का प्रदर्शन है. मुझे खुशी है कि मैं वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के लिए भारत आई हूं और ऐसी चीज का हिस्सा बनी हूं जो भारत के जीवंत रंगों को सामने लाती है. मुझे यह पसंद है. अपनी ओलंपिक जीत के अलावा, ऑलमैन दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता भी हैं, जिन्होंने 2023 में रजत और 2022 में कांस्य पदक जीता है.

चैंपियनशिप ऑस्ट्रेलिया के साथ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में कौन करेगा पुजारा की कमी पूरी?

एजेंसी। नयी दिल्ली

फॉर्मेट चाहे कोई भी हो, इन दिनों टीम इंडिया का परचम लहरा रहा है. वनडे विश्व कप उप-विजेता और टी20 चैंपियन भारत अब टेस्ट फॉर्मेट में भी अपनी श्रेष्ठता साबित करने का लक्ष्य बना चुका है. विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीतने का इरादा बना चुकी रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया को इससे पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना होगा. पिछले दो दौरे भारत के नाम रहे, जिसकी अहम कड़ी चेतेश्वर पुजारा थे, जो इस बार टीम इंडिया के साथ नहीं होंगे. ऐसे में विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और युवा बल्लेबाज शुभमन गिल नहीं, बल्कि एक अन्य युवा खिलाड़ी टीम में मुख्य बल्लेबाज की भूमिका में नजर आ सकता है. शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की रेस में अपना अभियान ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ खत्म करेगी. रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी. ऑस्ट्रेलिया के साथ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी. भारत के पास ऑस्ट्रेलिया में तीन टेस्ट सीरीज जीतने वाली इस सदी की दूसरी टीम बनने का मौका होगा. भारत ने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर पिछला दो टेस्ट सीरीज जीता है और अब वह अपनी जीत की लय को आगे बढ़ाना चाहेगा.




पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने लिया यशस्वी का नाम

हालांकि, चेतेश्वर पुजारा की गैर हाजिरी में भारतीय टीम के लिए यह इतना आसान नहीं हो सकता. टीम से बाहर चल रहे इस बल्लेबाज ने भारत की दोनों सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई थी. 2018-19 और 2020-21 के दौरों पर पुजारा ने 2186 गेंदों का सामना करते हुए 792 रन बनाए थे. 2018/19 सीरीज में वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे. भारत ने ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीती थी. चार टेस्ट में, दाएं हाथ के बल्लेबाज ने तीन शतक और एक अर्धशतक की मदद से 521 रन बनाए थे. वह उस सीरीज में 350 से ज्यादा रन बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज थे. 2020-21 की उस सीरीज में पुजारा ने फिर से शानदार बल्लेबाजी की. वह सीरीज में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे. चार टेस्ट में उन्होंने तीन अर्धशतकों की मदद से 271 रन बनाए. फिलहाल, पुजारा टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं और उन्हें जल्द ही टीम में चुने जाने की संभावना नहीं है, ऐसे में टीम इंडिया के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चुनौती आसान नहीं होगी. मगर, भारतीय टीम को काफी करीब से जानने वाले पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज क्रिकेटर शेन वॉटसन का मानना है कि पुजारा की कमी टीम इंडिया के लिए ज्यादा परेशानी का सबब नहीं होगी, क्योंकि उनके पास एक युवा ऑप्शन है, जिसकी शैली बेशक अलग है, लेकिन हौसला पुजारा जैसा ही है. वॉटसन ने मंगलवार को मुंबई में अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग के शुभारंभ के अवसर पर ईएसपीएनक्रिकइन्फो के हवाले से कहा, मुझे नहीं लगता कि भारत की बल्लेबाजी में बहुत बदलाव आएगा.

# चोट के कारण भारत के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर हुए विलियमसन

एजेंसी। ऑकलैंड

न्यूजीलैंड को भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा है. कीवी टीम के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन चोट के कारण तीन मैचों की सीरीज के शुरुआती मुकाबले से बाहर हो गए हैं. श्रीलंका दौरे पर विलियमसन की जांघ में चोट लगी थी जो अब तक पूरी तरह ठीक नहीं हो पाई है. न्यूजीलैंड की टीम में विलियमसन की जगह मार्क चैपमैन को शामिल किया गया है. भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 16 अक्टूबर से बेंगलुरु में होगी. टीम की कमान टॉम लैथम के कंधों पर होगी. श्रीलंका के खिलाफ 0-2 से मिली हार के बाद टिम साउदी ने कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था. न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में बताया, केन विलियमसन कमर में खिंचाव के कारण भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए रवाना होने में समय लगेगा, उनकी जगह मार्क चैपमैन को टीम में शामिल किया गया है. न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स को भरोसा है कि विलियमसन भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में टीम का हिस्सा जरूर होंगे.



## ब्रीफ खबरें

### बिहपुर स्वास्थ्य केंद्र में लगी आग, हड़कंप

**भागलपुर ।** बिहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को आग लगने की घटना में लाखों रूपये का दवाई, यंत्र और अन्य कागजात जलकर राख हो गए. राजद नेता गौतम कुमार प्रीतम ने बताया कि फोन पर सूचना मिली की बिहपुर प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आग लग गई है. सूचना प्राप्त होते ही हमलोग बिहपुर सीएचसी पहुंचे. अस्पताल धुआं और राख से भरा हुआ था. उधर घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे दमकल और अन्य अस्पताल कर्मी ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू करने में सफल हो गए.

### शराब और बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**बेतिया ।** नौतन पुलिस ने बुधवार को थाना इलाके के पुरन्दरपुर चकला गांव से एक धंधेबाज को बाइक व साढ़े छह लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है. पकड़ा गया धंधेबाज बेतिया मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के नूरा खाप निवासी धनु कुमार बताया गया है. पुलिस ने बताया कि आरोपित बाइक से शराब की खेप लेकर दियरा क्षेत्र से होकर बैरिया थाना क्षेत्र से नौतन के पुरन्दरपुर गांव की तरफ से बेतिया जाने के फिराक में था. सुचना पर उसे बाइक व डिक्की में रखे पैंतीस पीस एट पीएम शराब जब्त किया गया. पूछताछ के बाद कांड अंकित कर धंधेबाज को बुधवार को ही न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

### शिक्षक के विवादास्पद बयान पर हंगामा

**बेगूसराय ।** जिले के बछवारा प्रखंड स्थित कद्राबाद हरिपुर मवि में शिक्षक जियाउद्दीन ने हनुमान जी और भगवान राम को लेकर विवादित बयान दे दिया. इसे लेकर इलाके में भारी हंगामा मच गया है. दरअसल, शिक्षक ने सातवीं कक्षा के छात्रों को पढ़ाते हुए कहा कि हनुमान जी मुसलमान थे और भगवान राम ने उन्हें नमाज पढ़ने की शिक्षा दी थी. इस विवादास्पद बयान के बाद छात्रों ने यह बात अपने अभिभावकों को बताई, जिससे पूरे इलाके में नाराजगी देखी जा रही है. घटना कद्राबाद हरिपुर मवि की है. अभिभावक इस बयान से आक्रोशित हो गए और विद्यालय में जाकर हंगामा किया.

## देश का एकमात्र शक्तिपीठ जहां मिट्टी की नौ पिंडियों की होती है पूजा



**सारण ।** बुधवार को नवरात्रि का सातवां दिन है और इस दिन देवी दुर्गा के सातवें स्वरुप माता कालरात्रि की पूजा की जाती है. माता कालरात्रि को शुभंकरी, महायोगीश्वरी और महायोगिनी भी कहा जाता है. सारण जिले में दिघवारा प्रखंड अंतर्गत आमी गांव में गंगा नदी तट पर स्थित मां अंबिका भवानी मंदिर में नवरात्रि के दौरान पूजा का खास महत्व है. अतिप्राचीन पौराणिक कथाओं और सारण गजेटीयर के पृष्ठ संख्या- 464 के अनुसार, अंबिका भवानी मंदिर राजा दक्ष प्रजापति के यज्ञ- स्थल पर स्थित है. यहां माता सति के शरीर की भस्मयुक्त अस्थि गिरी थी. यह स्थल शक्ति पीठ अंबिका स्थान आमी के रूप में पूरे देश में प्रसिद्ध हो गया. इसलिए इसे शक्ति पीठ कहा गया. नौ दिनों का यहां विशेष मेला का आयोजन किया जाता है. शारदीय और चैत्र नवरात्र पर यहां विशेष पूजन का प्रावधान है. इसकी वजह से नौ दिनों का यहां विशेष मेला का आयोजन किया जाता है. हालांकि, अष्टमी के दिन विशेष रूप से निशा पूजा होती है, जो श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहता है.

### 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने दिया बड़ा गिफ्ट

# पंचायती राज विभाग में 15,610 पदों पर होगी भर्ती

**संवाददाता । पटना**



2025 में बिहार विधानसभा का चुनाव है और उससे पहले नीतीश सरकार ने बड़ा गिफ्ट दे दिया है. बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग में 15,610 पदों पर जल्द भर्ती होगी. पंचायती राज विभाग की ओर से बुधवार को यह जानकारी मंत्री केदार गुप्ता ने दी. नियुक्ति से लेकर बहाली तक की प्रक्रिया 2025 के विधानसभा चुनाव से पहले पूरी हो जाएगी. पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने बताया कि नवंबर से आवेदन की तारीख रखी गई है. जल्द आवेदन की तारीख की घोषणा कर दी जाएगी. जेनरल के लिए 500 जबकि आरक्षित लोगों के लिए ढाई सौ रुपये आवेदन शुल्क है. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करेंगे. 15,610 पदों में 4351 पद स्थायी नियुक्ति होगी जबकि 11,259 पदों पर संविदा के आधार पर बहाली होगी.

**स्थायी नियुक्ति में सबसे अधिक पंचायत सचिव का पद :** स्थायी नियुक्ति में सबसे अधिक पंचायत सचिव के लिए 3525 पद है. इसके अलावा लिपिक के लिए 504, चपरासी के लिए पांच, लेखा परीक्षक के लिए 28, जिला परिषद जूनियर इंजीनियर के लिए 104, पंचायती राज अधिकारी के लिए 112, निम्न श्रेणी लिपिक के लिए एक और जिला परिषद निम्न श्रेणी लिपिक के लिए 72 पद रहेंगे. इन सबकी बहाली कर्मचारी चयन आयोग और बिहार लोक सेवा आयोग दोनों से होगी. इसकी प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है.

**संविदा के आधार पर इन पदों के लिए होगी भर्ती :** अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने बताया कि सबसे अधिक संविदा पर 11259 पदों के लिए बहाली होगी. इसमें सबसे ज्यादा लेखाकार सह आईटी सहायक के लिए 7070 पद है. इसके अलावा ग्राम कचहरी विधिक मित्र के लिए 2230 पद, ग्राम कचहरी सचिव के लिए 1400, तकनीकी सहायक के लिए 556, सहायक डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिए तीन पदों पर बहाली होगी. वेतनमान 19,900 से लेकर 56,400 तक होगा. राज्य में अब तक कुल 2243 पंचायत सरकार भवन बनकर तैयार हो गया. जल्द इसका शुभारंभ होने वाला है. इसको चलाने के लिए पदों का भरा जाना जरूरी है. इसको लेकर बहाली की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी और जल्द ही इसको अंतिम रूप भी दिया जाएगा.

## दोस्त को लेने गए युवक का मिला शव, हड़कंप

**नालंदा ।** नालंदा में बुधवार की सुबह नालंदा जिले के दीपनगर थानाक्षेत्र में सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. मृतक की पहचान मानपुर थानाक्षेत्र के नौबतपुर लोटन गांव निवासी शैलेश उर्फ मोछू कुमार (18) के रूप में हुई है. युवक का शव तेलिया खंधा और भट्ट बीघा के बीच सड़क के किनारे मिला, जिससे स्थानीय लोगों में खलबली मच गई. मृतक के परिजनों ने बताया कि शैलेश मंगलवार की शाम अपने दोस्त को सूरत से लाने के लिए मिल्की पर गया था. लेकिन वह रात तक घर नहीं लौटा. बुधवार की सुबह परिवार को जानकारी मिली कि उसका शव सड़क किनारे पड़ा हुआ है. परिजनों का कहना है कि यह हादसा है या कुछ और, इसका पता अभी नहीं चल पाया है.

# बौद्ध भिक्षुओं की बस को हाइवा ने मारी टक्कर, आठ घायल

### नेपाल से पटना होते हुए गया जा रही थी बस, जहानाबाद में हो गयी दुर्घटनाग्रस्त

**संवाददाता । पटना**



नेपाल से पटना होते हुए गया जा रही बौद्ध भिक्षुओं की गाड़ी बुधवार सुबह जहानाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गई. हाइवा की टक्कर से टूरिस्ट बस सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई. इस हादसे में आठ पर्यटक घायल हुए हैं. यह घटना कड़ौना थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव के समीप की है. हादसे के बाद सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. इस हादसे में तीन बौद्ध भिक्षुओं को गहरी चोट लगी थी, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने पीएमसीएच रेफर कर दिया है. इस मामले में कड़ौना के पुलिस अधिकारी नंद कुमार ने बताया कि हाइवा ने टूरिस्ट बस में टक्कर मारी है.

इससे यह हादसा हुआ है. इस घटना में आठ यात्री घायल हैं जबकि बस में सवार अन्य यात्री सुरक्षित हैं. घटना के संबंध में टूरिस्ट गाइड शिव शंकर ने कहा कि बस में 23 बौद्ध भिक्षु नेपाल से वीजा रिन्यू कराने के बाद बोधगया लौट रहे थे.

गाइड ने कहा कि जहानाबाद के सलेमपुर गांव के समीप एनएच-83 पर एक अनियंत्रित हाइवा ने टक्कर मार दी. इस घटना में आठ लोग घायल हुए हैं जबकि अन्य लोग सुरक्षित हैं. उसने कहा कि बस में वियतनाम, म्यांमार और अमेरिका के रहने वाले टूरिस्ट हैं, जिनका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है. सदर अस्पताल के चिकित्सक बीके शाही ने बताया कि सड़क हादसे में आठ टूरिस्ट यात्री घायल हुए हैं. इनमें तीन की हालत गंभीर हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया गया है.

### मेला देख लौट रहे तीन युवकों पर चाकू से हमला

# एक की मौत, दो युवक घायल, भर्ती

**संवाददाता । मुजफ्फरपुर**



जिले के कटरा थानाक्षेत्र में मेला देखकर लौट रहे तीन युवकों पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया. इस हमले में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. मृतक की पहचान देवगन कटरा थानाक्षेत्र निवासी नीतीश कुमार के रूप में हुई है, जबकि घायल युवकों का नाम धीरज और कुणाल है. गंभीर घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज भेजा गया है, जहां एक की हालत नाजुक बनी हुई है. घायल युवक कुणाल कुमार ने बताया कि वे तीनों मेला देखकर देर रात घर लौट रहे थे. तभी रास्ते में मंदिर के पास तीन-चार लड़के पहले से घात लगाकर खड़े थे. अचानक उन लड़कों ने उन्हें रोका और चाकुओं से हमला शुरू कर दिया. हमले में नीतीश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बीच-बचाव करने के प्रयास में धीरज और कुणाल भी गंभीर रूप से घायल हो गए. कुणाल का कहना है कि हमलावर अपराधी प्रवृत्ति के थे और पहले से हत्या की योजना बना रहे थे.

पुलिस जांच में जुटी, आरोपी फरार : कटरा थाना के एसएचओ प्रभारी कुमार अभिषेक ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि चाकू के हमले से एक युवक की मौत हो गई है और दो अन्य घायल हैं. पुलिस ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है और फॉरेंसिक टीम (एफएसएल) की मदद ली जा रही है. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह हमला आपसी विवाद के कारण हुआ था. मृतक और आरोपी एक ही गांव के रहने वाले हैं और लगभग एक ही उम्र के हैं.

## बाजार गई नाबालिग का किया अपहरण

**दरभंगा ।** दरभंगा के कमतौल थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची के अपहरण का मामला सामने आया है, जिसमें पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. बच्ची की मां द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, 26 सितंबर को उनकी बेटी बाजार के लिए घर से निकली थी और तब से वापस नहीं लौटी. इसके बाद खोजबीन करने पर पता चला कि गांव के सूरज यादव, शिवलाल यादव सहित अन्य लोग उसकी बेटी को जबरन एक चार पहिया वाहन में बैठाकर ले गए हैं. बच्ची की मां ने कमतौल थाना में दर्ज शिकायत में आरोप लगाया कि जब वह सूरज यादव के घर अपनी बेटी के बारे में पूछने गई, तो सूरज के परिवार ने न केवल उन्हें जवाब देने से इनकार किया, बल्कि उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी.

### बेगूसराय में जमीन विवाद को लेकर खूनी संघर्ष

# दोनों पक्ष से 10 लोग घायल, केस दर्ज

**संवाददाता । बेगूसराय**



जिले के भगवानपुर थानाक्षेत्र के मखवा गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक संघर्ष हो गया. इसमें 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. विवाद पांच कट्ठा जमीन को लेकर था, जिसे लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी, डंडे, लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से हमला किया. घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और अफरा-तफरी का माहौल बन गया.

जानकारी के मुताबिक, घटना का मुख्य कारण पांच कट्ठा जमीन को लेकर चला आ रहा पुराना विवाद बताया जा रहा है. पीड़ित पक्ष के बिंदेश्वरी महतो ने बताया कि वे अपने मवेशियों के लिए घास काटने गए थे, तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने उन पर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया. बिंदेश्वरी महतो का दावा है कि आरोपी पक्ष उन पर अपनी आठ कट्ठे की जमीन में से पांच कट्ठा जमीन लिख देने का दबाव बना रहे थे, लेकिन उनके मना करने पर इस हमले को अंजाम दिया गया.

इस खूनी संघर्ष में बिंदेश्वरी महतो के परिवार के पांच सदस्य बिंदेश्वरी महतो, उनकी पत्नी सुषमा देवी, बेटा कौशल महतो, बहू कंचन देवी और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए. दूसरी ओर, धीरज कुमार, नीरज कुमार, रवि किशन, उत्कर्ष कुमार, हरिनारायण सिंह और सुनीता देवी भी इस संघर्ष में गंभीर रूप से घायल हुए हैं. सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. पीड़ित बिंदेश्वरी महतो का कहना है कि आरोपियों ने उनकी जमीन पर कब्जा करने के लिए पहले से साजिश रची थी.

## कारोबार

### अंतरराष्ट्रीय बाजार की तेजी से चांदी चमका

**नयी दिल्ली ।** मिडिल ईस्ट के तनाव के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव की आशंकाओं की वजह से दुनिया भर के निवेशकों ने बुलियन मार्केट में निवेश बढ़ा दिया है, जिसके कारण सोना ऑल टाइम हाई के करीब पहुंच कर कारोबार कर रहा है. सोने के साथ ही चांदी की कीमत में भी जोरदार उछाल दर्ज की गई है. ये चमकीली धातु 97 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक भी पहुंच चुकी है. माना जा रहा है की दिवाली तक इसकी कीमत एक लाख प्रति किलो के स्तर को पार कर सकती है.

### कच्चा तेल 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नयी दिल्ली ।** इजराइल-ईरान जंग के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है. ब्रेंट क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब है. सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है. इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है.

### हुंडई का आईपीओ 15 अक्टूबर को खुलेगा

**मुंबई ।** दक्षिण कोरिया की प्रमुख वाहन निर्माता कंपनी हुंडई की भारतीय इकाई हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए पूरी तरह से तैयार है. कंपनी का आईपीओ 15 अक्टूबर को खुलेगा. हुंडई ने इसका मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 1865-1960 रुपये प्रति शेयर तय किया है. कंपनी ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि एचएमआईएल का आईपीओ 15 अक्टूबर को खुलेगा जो 17 अक्टूबर को बंद होगा. कंपनी के मुताबिक एंकर निवेशक 14 अक्टूबर को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे. कंपनी की योजना इसके जरिए का 27,870 करोड़ रुपये जुटाने की है.

### वित्तीय अनुशासन को लेकर आरबीआई गंभीर

# दिसंबर में हो सकता है ब्याज दरों में कटौती का फैसला

- सितंबर और अक्टूबर के महंगाई के आंकड़ों पर निर्भर करेगा आरबीआई का फैसला

**संवाददाता । नयी दिल्ली**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने उम्मीद के अनुरूप लगातार 10वीं बार नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है. माना जा रहा है कि आरबीआई ब्याज दरों में बदलाव या कमी करने के पहले सितंबर और अक्टूबर के महंगाई के आंकड़ों की भी समीक्षा करेगा. इन दोनों महीनों में भी अगर महंगाई के आंकड़ें अनुकूल रहे, तो दिसंबर के महीने में होने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में ब्याज दरों में कटौती करने का फैसला लिया जा सकता है. अमेरिका के केंद्रीय बैंक अमेरिकी फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) ने पिछले महीने ही ब्याज दरों में 50 बेसिस पॉइंट्स की कटौती की थी. यूएस फेड ने इस साल ब्याज दरों में और 50 बेसिस पॉइंट्स तक की कटौती करने का भी संकेत दिया है. अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती होने के बाद दुनिया के कई देशों में ब्याज दरों में कटौती की गई या राहत पैकेज का ऐलान किया गया. चीन ने हाल में ही राहत पैकेज का ऐलान किया है. इसी तरह न्यूजीलैंड में कल ही ब्याज दरों में 0.50% की कटौती करके उनको 5.25% से 4.75 प्रतिशत के स्तर पर लाया गया है. न्यूजीलैंड में अगस्त के महीने में भी ब्याज दरों में 0.25% की कटौती की गई थी.

यूएस फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती करने के बाद भारत में भी ब्याज दरों में कटौती होने की चर्चा शुरू हुई थी, लेकिन मिडिल ईस्ट के बढ़ते तनाव और वैश्विक अर्थव्यवस्था में जारी उथल-पुथल की वजह से शुरुआती चर्चा के दौरान ही ब्याज दरों में कटौती होने की संभावना को खारिज कर दिया गया. मौद्रिक नीति समिति की बैठक में भी 5-1 के बहुमत से इस बार ब्याज दरों में कोई बदलाव कर नहीं करने का फैसला लिया गया. इसके पहले अगस्त के महीने में भी आरबीआई ने अपनी मॉनेटरी पॉलिसी में ये स्पष्ट कर दिया था कि ब्याज दरों में कमी का उसका कोई भी फैसला घरेलू अर्थव्यवस्था की स्थिति पर निर्भर करेगा. मार्केट एक्सपर्ट के अनुसार आरबीआई ने पिछले कई महीनों से लगातार खुदरा महंगाई दर को काबू करने पर अपना फोकस केंद्रित रखा है.



बुधवार को मुंबई में ईएलएलई इंडिया ब्यूटी अवार्ड्स 2024 के रेड कार्पेट पर सारा तेंदुलकर.

### रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में लगाया अनुमान

# जीडीपी ग्रोथ 7.2 फीसदी रहने का जताया भरोसा

**एजेंसी । मुंबई**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बुधवार को वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 7.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया है. आरबीआई गवर्नर ने 7 अक्टूबर से शुरू तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समीति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक में लिए गए इस फैसले की जानकारी दी. शक्तिकांत दास ने बैठक के बाद मीडिया को बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में वास्तविक जीडीपी में वृद्धि 6.7 फीसदी हुई है. आरबीआई गवर्नर ने कहा कि घरेलू मांग में सुधार, कच्चे माल की कम लागत और सरकारी नीतियों से विनिर्माण क्षेत्र में आ रही तेजी की वजह से चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान है. आरबीआई गवर्नर ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने ब्याज दर को यथावत रखने के पक्ष में 5:1 के बहुमत से फैसला लिया गया है. उन्होंने कहा कि एमपीसी के सदस्यों ने उम्मीद जताई है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की अर्थव्यवस्था 7.2 फीसदी की दर से बढ़ेगी.

## 75 हजार के नीचे आया सोने का भाव

**एजेंसी । मुंबई**



सोने-चांदी की कीमतों में बुधवार को बड़ी गिरावट देखी गयी है. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 892 रुपए गिरकर 74,834 रुपए पर आ गया. इससे पहले इसके दाम 75,726 रुपए प्रति दस ग्राम थे. वहीं, चांदी की कीमत में बुधवार को बड़ी गिरावट है. ये 2,122 रुपए गिरकर 88,290 रुपए प्रति किलो हो गई. सोमवार को चांदी 90,412 रुपए पर थी. इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति किलो पर पहुंच चुकी है.

### सेंसेक्स 167 अंक की गिरावट के साथ 81,467 पर हुआ बंद

# बीएसई स्मॉल कैप में 670 अंक की तेजी रही

**मुंबई ।** सेंसेक्स बुधवार को 167 अंक की गिरावट के साथ 81,467 के स्तर पर बंद हुआ. निफ्टी में भी 31 अंक की गिरावट रही, ये 24,981 के स्तर पर बंद हुआ. वहीं, बीएसई स्मॉल कैप 670 अंक चढ़कर 56,110 के स्तर पर बंद हुआ. सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में तेजी और 13 में गिरावट रही. निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 में गिरावट और 19 में तेजी रही. एफएमसीजी और ऑयल एंड गैस को छोड़कर सभी सेक्टर में तेजी रही. गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग के आईपीओ के लिए बोली लगाने का आज दूसरा दिन गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड के इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ के लिए बोली लगाने का आज दूसरा दिन है. पहले दिन यह आईपीओ टोटल 1.96 गुना सब्सक्राइब हुआ. रिटेल कैटेगरी में यह इश्यू 3.52 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) में 0.02 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) कैटगरी में 1.11 गुना सब्सक्राइब हुआ. इससे पहले कल यानी 8 अक्टूबर को सेंसेक्स 584 अंक की तेजी के साथ 81,634 के स्तर पर बंद हुआ था.

## भारत का चाय निर्यात 23.79 फीसदी बढ़ गया

**नयी दिल्ली ।** इस वर्ष जनवरी से जुलाई के बीच देश में चाय के निर्यात में बढ़ोतरी हुई है. इस बारे में जानकारी देते हुए चाय बोर्ड ने कहा कि जनवरी-जुलाई के बीच चाय का निर्यात 144.50 मिलियन किलोग्राम तक पहुंच गया है, जो पिछले साल की समान अवधि से 23.79 प्रतिशत अधिक है. देश ने वर्ष 2023 में इसी अवधि में 116.73 मिलियन किलोग्राम निर्यात किया था. चाय के निर्यात में बीते वर्ष की समान अवधि से इस वर्ष 27.77 मिलियन किलोग्राम की बढ़ोतरी हुई है. हालांकि, 2024 के पहले सात महीनों के दौरान एकल इकाई मूल्य 256.37 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया है. बीते वर्ष इसी अवधि में यह 264.96 रुपये प्रति किलोग्राम था. इस बीच, चाय बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय ने चाय उद्योग के विकास और संवर्धन के लिए 664.09 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दे दी है.

### खुशखबरी — मीडियाटेक ने किया डाइमेंशन 9400 चिप का अनावरण

# यूजर्स को जल्द मिलेंगे लेटेस्ट एआई के अनुभव

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



चिप निर्माता मीडियाटेक ने बुधवार को अपना नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन चिपसेट, डाइमेंसिटी 9400 लॉन्च किया है, जो एआई एप्लिकेशंस, बेहतरीन गेमिंग अनुभव, शानदार फोटोग्राफी और अन्य उपयोगों के लिए बनाया गया है.

कंपनी के अनुसार, डाइमेंसिटी 9400 से लैस पहले स्मार्टफोन इस साल की चौथी तिमाही में बाजार में आ जाएंगे. डाइमेंसिटी 9400, मीडियाटेक के फ्लैगशिप मोबाइल चिप्स की चौथी और सबसे नई पीढ़ी है, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए डिजाइन की गई है. इसमें एआरएम के वी9.2 सीपीयू आर्किटेक्चर और एडवांस्ड जीपीयू और एनपीयू का इस्तेमाल किया गया है, जिससे यह सुपर पावर-एफिशिएंट तरीके से उच्च प्रदर्शन प्रदान करता है. मीडियाटेक के अध्यक्ष जो चेन ने बताया कि यह नया चिप मीडियाटेक की एआई में बढ़ती क्षमताओं को और आगे ले जाने का काम करेगा. यह शक्तिशाली एप्लिकेशंस को सपोर्ट करेगा, जो यूजर्स की जरूरतों को पहले से पहचानेंगे और उनकी पसंद के हिसाब से ढलेंगे. इसके अलावा, इसमें ऑन-डिवाइस एलओआरए ट्रेनिंग और वीडियो जेनरेशन जैसे जनरेटिव एआई फीचर्स भी शामिल हैं.

डाइमेंसिटी 9400, मीडियाटेक के पिछले फ्लैगशिप चिपसेट डाइमेंसिटी 9300 की तुलना में 35% तेज सिंगल-कोर परफॉर्मेंस और 28% तेज मल्टी-कोर परफॉर्मेंस देता है. कंपनी के अनुसार, यह चिप टीएसएमसी की दूसरी पीढ़ी की 3एनएम तकनीक पर बना है और यह अपने पिछले वर्शन से 40% ज्यादा पावर-एफिशिएंट है, जिससे यूजर्स की बैटरी लाइफ और बढ़ जाएगी. चेन ने कहा, डाइमेंसिटी 9400 हमारा चौथी पीढ़ी का फ्लैगशिप चिपसेट है, जो हमारे लगातार बढ़ते मार्केट शेयर और बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव के लिए डिज़ाइन की गई चिप की परंपरा को आगे बढ़ाता है. यह डाइमेंसिटी 9300 की तुलना में 35% ज्यादा पावर-एफिशिएंट है. यह यूजर्स को नए जनरेटिव एआई एप्लिकेशंस का बेहतर अनुभव देगा. कंपनी ने कहा कि वह डेवलपर्स के साथ मिलकर काम कर रही है, जिससे एआई एजेंट्स, थर्ड-पार्टी एपीके और मॉडल्स के बीच एक इंटरफेस बनाया जा सके, ताकि एआई एजेंट्स और क्लाउड सेवाओं का उपयोग एक साथ हो सके.

## पेज एक का शेष

### भाजपा की गोगो दीदी के जवाब में...

**भाजपा की शिकायत करते हुए मांगी गई अनुमति :** पार्टी ने इलेक्शन कमीशन को एक पत्र सौंप कर कहा कि इसके तहत महिलाओं को हर साल 30 हजार रुपए दिए जाएंगे. यह नई योजना है जिसे झामुमो लांच करना चाहती है.कहा गया कि भाजपा द्वारा एक पंजीकरण फॉर्म प्रसारित किया जा रहा है, जिसमें आवेदकों को गोगो दीदी योजना के तहत पंजीकरण के लिए आमंत्रित किया जा रहा है. इस फॉर्म में नाम, पता, मोबाइल नंबर, पंचायत, ब्लॉक, जिले का नाम आदि जैसे विवरण मांगे जा रहे हैं. इस योजना में हर महीने की 11 तारीख को प्रत्येक महिला को 2100 रुपए और प्रति वर्ष 25000 रुपए देने का वादा किया गया है. यह एक चुनावी हथकंडा है, और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 123 के तहत परिभाषित भ्रष्ट आचरण की श्रेणी में आता है. यह 1951 के प्रावधानों के तहत रिश्वत का प्रलोभन है.इसके बाद पत्र में कहा गया है कि यदि भाजपा द्वारा जारी फॉर्म गोगो दीदी योजना आपके दिशा-निर्देश के विरुद्ध नहीं है, तो हमें भी झामुमो. सम्मान योजना लागू करने की अनुमति दी जाए.

### खरगे-राहुल से दिल्ली में मिले...

खरगे ने कहा कि प्रदेश के नेता इस पर गहन चर्चा करेंगे. इसके बाद सीट तय होगी. क्योंकि इंडिया एलायंस के दो अन्य सहयोगी दल राजद और माले को भी खुश और संतुष्ट करना है. उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इंडिया गठबंधन का सीट शेयरिंग की तस्वीर साफ हो जाएगी.

**गोगो दीदी को काउंटर करने पर भी हुई बात:** बैठक में भाजपा द्वारा झारखंड में गोगो दीदी योजना लाये जाने पर भी चर्चा की गई. इसमें इसका काउंटर करने के उपायों पर भी चर्चा की गई.

## न्यूज अपडेट

### द.कोरिया से जुड़े मार्ग किए जाएंगे बंद

**सोल।** उत्तर कोरिया की सेना ने कहा है कि वह बुधवार से दक्षिण कोरिया से जुड़ी सभी सड़कें और रेलमार्ग बंद कर देगा. यह ऐलान ऐसे समय में आया है जब पहले से सोल और प्योंगयांग के बीच तनाव बना हुआ है. उत्तर कोरियाई पीपुल्स आर्मी के जनरल स्टाफ ने कहा कि सबसे पहले 9 अक्टूबर को एक प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा, जिसके तहत दक्षिण कोरिया से जुड़ी सड़कों और रेलमार्गों को पूरी तरह से काट दिया जाएगा और अपनी तरफ के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शक्तिशाली डिफेंस स्ट्रक्चर से मजबूत बनाया जाएगा.

### अर्धसैनिक बलों के हमले में 20 की मौत

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के एक गांव में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमले में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए. गैर-सरकारी सूडानी डॉक्टर्स नेटवर्क के मुताबिक हमला उत्तरी कोर्डोफन राज्य के एक गांव पर हुआ. नेटवर्क ने मंगलवार को कहा कि पीड़ितों में बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल हैं. आरएसएफ ने हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की. इससे पहले पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य के एल फशेर में विस्थापितों के शिविर पर आरएसएफ ने बड़ा हमला किया.

### श्रीलंका के रूस संग व्यापार होंगे सुगम

**कोलंबो।** श्रीलंकाई कैबिनेट ने रूस के साथ कानूनी रूप से मान्य व्यापार गतिविधियों को पारदर्शी और पूर्वानुमानित सीमा शुल्क प्रक्रियाओं के माध्यम से सुगम बनाने के लिए एक समझौते को मंजूरी दी, सरकार के सूचना विभाग ने यह जानकारी दी. हालांकि 15 नवंबर 2021 को श्रीलंका और रूस के बीच कानूनी रूप से मान्य व्यापार गतिविधियों के लिए सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए कैबिनेट की मंजूरी दी गई थी.

### नाव हादसे में 11 को बचाया, 21 लापता

**अबुजा।** नाइजीरिया के दक्षिण-पश्चिमी राज्य लागोस में दो नावों के टकराने से बड़ा हादसा हो गया, जिसमें 11 घायल व्यक्तियों को बचाया गया है और 21 अन्य अभी भी लापता हैं. मंगलवार को लागोस में पुलिस प्रवक्ता बेंजामिन हुंडेयिन ने बताया कि 16 यात्रियों और चालक दल को ले जा रही दो नौकाएं सोमवार रात को अमुवो-ओडोफिन स्थानीय सरकारी क्षेत्र के इमोर शहर में टकराने के बाद लैगून के बीच में पलट गईं. हुंडेयिन के अनुसार, पीड़ितों में ज्यादातर व्यापारी थे. 11 घायल यात्रियों को बचाया गया.

### बार अध्यक्ष ने एमएलए को जड़ा थप्पड़

**लखीमपुर खीरी।** अर्बन कोऑपरेटिव बैंक प्रबंध समिति के चुनाव को लेकर शुरू हुआ विवाद अब मारपीट में तब्दील हो चुका है. इस मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है. इसमें बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश सिंह ने विधायक योगेश वर्मा को थप्पड़ तक मार दिया. इसके बाद दोनों गुटों के समर्थक आपस में भिड़ गए. पुलिस ने बीच बचाव की कोशिश की. इस बीच बीजेपी की लखीमपुर इकाई के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह और योगेश वर्मा की चिट्ठी वायरल हुई. दावा किया जा रहा है कि चिट्ठी में चुनाव स्थगित करने की मांग की गई है.

### उप्र कैबिनेट मंत्री की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार में मत्स्य मंत्री संजय निषाद की गाड़ी का बुधवार को प्रतापगढ़-रायबरेली बॉर्डर पर एक्सीडेंट हो गया. मंत्री की गाड़ी उनके काफिले के साथ चल रही एक एस्कॉर्ट गाड़ी से टकर गई. हादसे में मंत्री को हल्की चोटें आईं. यह घटना सलवन इलाके में हुई, जहां मंत्री को एक मीटिंग के लिए प्रतापगढ़ जाना था. घटना के बाद, संजय निषाद को तुरंत प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज लाया गया. अस्पताल में उनके इलाज की प्रक्रिया जारी है. चिकित्सकों का कहना है कि मंत्री खतरे से बाहर हैं.

### मलयालम अभिनेता माधवन नहीं रहे

**तिरुवनंतपुरम।** वरिष्ठ मलयालम फिल्म अभिनेता टी. पी. माधवन का बुधवार को कोल्लम के एक अस्पताल में निधन हो गया, यह जानकारी फिल्म जगत के सूत्रों से मिली. माधवन को डिमेंशिया (भूलने की बीमारी) था और वह सर्जरी के बाद अस्पताल में ठीक हो रहे थे, लेकिन उनकी हालत बिगड़ने पर उन्होंने आखिरी सांस ली. 88 वर्षीय माधवन ने 40 साल की उम्र में पत्रकारिता छोड़कर फिल्म उद्योग में कदम रखा था. उनकी पहली फिल्म 1975 की प्रसिद्ध मलयालम फिल्म 'रागम' थी.

### हम बनते हैं, तो देश बनता है : भागवत

**नागपुर।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को नागपुर में 'स्वतंत्रता का स्वराभिषेक' कार्यक्रम में शिरकत की. इस दौरान उन्होंने कहा कि हमको अच्छा बनना है और अपने देश को भी अच्छा बनाना है. हम सबको जागना है और देश को भी जगाना है. स्वयं जागकर अब हमको अपने देश को जगाना है. यह हमारे सामने चुनौतियां हैं और उसी के लिए सभी को शिक्षा हासिल करनी है और देश को आगे लेकर जाना है. जीवन में जीत हार लगी रहती है, परंतु जीत हार का महत्व नहीं रहता है. जीवन को कैसे जिया जाए और किसलिए जिया जाए,

### जेएंडके में भाजपा सरकार बनने का दावा

**डोडा।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और कांग्रेस के गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलने के बावजूद किश्तवाड़ विधानसभा सीट से जीतने वाली भाजपा प्रत्याशी शगुन परिहार ने बुधवार को दावा किया कि केंद्र शासित प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की ही सरकार बनेगी. एनसी-कांग्रेस गठबंधन के खाते में 49 सीटें आई हैं जबकि भाजपा 29 सीटों के साथ दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है. इसमें एक सीट ऐसी भी है जिसे भाजपा ने महज 521 वोटों से जीता है.

---

जम्मू-कश्मीर में अगले सप्ताह मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह, राष्ट्रपति, पीएम, जेपी नड्डा, अमित शाह व राजनाथ से मिले हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी

# जेएंडके में विधानसभा की बैठक आज, लीडर ऑफ हाउस चुने जाएंगे

एजेंसी। जम्मू/श्रीनगर/नयी दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव परिणाम में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला है. गठबंधन ने 49 सीटों पर कब्जा किया है. वहीं, भाजपा की झोली में 29, पीडीपी के खाते में 3 और अन्य को 9 सीटें मिलीं हैं. चुनाव परिणाम आने के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस में खुशी की लहर है.

केंद्र शासित प्रदेश में अगले मुख्यमंत्री के शपथ कार्यक्रम को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता शेख बशीर ने बुधवार को कहा कि विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद पार्टी ने तय किया था कि अपने-अपने क्षेत्रों में बुधवार को जीत का जश्न मनाएंगे. उन्होंने बताया कि गुरुवार को विधानसभा की बैठक होनी है. बैठक में लीडर ऑफ हाउस चुना जाएगा. इसके बाद ही आगे की प्रक्रिया की जाएगी. लीडर ऑफ हाउस चुने जाने के बाद मंत्रियों की सूची राज्यपाल सौंप दी जाएगी. मुख्यमंत्री के शपथ कार्यक्रम के बाद जब सरकार बन जाएगी, तब चुनावी घोषणापत्र को धरातल पर लागू किया



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने बुधवार को श्रीनगर में फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की.

जाएगा. उन्होंने बताया कि अगले सप्ताह तक मुख्यमंत्री का शपथ कार्यक्रम होगा. माना जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर के अगले मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला होंगे. बता दें कि मंगलवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा था कि इस जनादेश में हमें बहुत सावधानी बरतनी होगी. जम्मू के लोगों को यह नहीं लगना चाहिए कि इस सरकार में उनकी कोई आवाज़ नहीं है. मैं मानता हूं कि अगर राज्य का दर्जा हमें वापस मिलता है, तो सरकार को कोशिश करनी चाहिए कि लेजिस्लेटिव काउंसिल दोबारा कायम हो. इसी बीच, हरियाणा विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के बाद राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को राजधानी दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की.

### अनुच्छेद 370 हमारे लिए हमेशा मुद्दा रहेगा : उमर

इसी बीच, नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि हम चुनाव जीत गए हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि अब अनुच्छेद 370 हमारे लिए कोई मुद्दा नहीं है. यह हमारे लिए कल भी मुद्दा था, आज भी मुद्दा है और आगे भी रहेगा, लेकिन हमें इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि जिन लोगों ने हमसे यह छीना है, हम उनसे इसे वापस पाने की उम्मीद नहीं रख सकते हैं. उन्होंने उम्मीद जताई है कि यह लोकतंत्र है. लोकतंत्र में सरकार आती जाती रहती है, तो हमें पूरी उम्मीद है कि एक दिन जब इनकी सरकार जाएगी और दूसरी सरकार आएगी, तो हम उनके साथ बैठकर इस विषय पर चर्चा करेंगे और इस अनुच्छेद को बहाल करेंगे, लेकिन फिलहाल मौजूदा हुकूमत से इसे लेकर किसी भी प्रकार उम्मीद लगाए बैठना उचित नहीं है.

### हरियाणा के परिणाम अप्रत्याशितः राहुल गांधी

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के लोगों का तहे दिल से शुक्रिया. प्रदेश में इंडिया अलायंस (नेकां- कांग्रेस) की जीत संविधान की जीत है,



लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत है. हम हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे हैं. अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराएंगे. सभी हरियाणा वासियों को उनके समर्थन और हमारे बब्बर शेर कार्यकर्ताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए दिल से धन्यवाद. हरियाणा और जम्मू-कश्मीर चुनाव परिणामों क लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की.

---

**मध्य पूर्व संकट :** इजराइली कार्रवाइयों के खिलाफ अब एकजुट अरब जगत

# हमास-इजराइल संघर्ष में अब इराकी समूह भी कूदा

### इजराइल में चाकू से हमला, 6 लोग घायल हमलावर गिरफ्तार

लगातार न्यूज नेटवर्क

मध्य पूर्व संकट लगातार गहराता जा रहा है. हमास-इजराइल संघर्ष में अब इराकी इस्लामिक रेजिस्टेंस नामक शिया मिलिशिया ग्रुप भी कूद गया है. उसने यहूदी राष्ट्र में एक साइट पर ड्रोन अटैक की जिम्मेदारी ली है. वहीं लेबनान और गाजा में इजराइली सैन्य कार्रवाइयों के खिलाफ अरब जगत अब एकजुट होता नजर आ रहा है. इस बीच, इजराइली सेना ने लेबनान में हिजबुल्लाह के कई अंडरग्राउंड कमांड सेंटर पर हवाई हमले किए जिसमें 50 से अधिक आतंकवादी मारे गए. वहीं दमिश्क के घनी आबादी वाले इलाके में मंगलवार रात को इजराइली एयर स्ट्राइक में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया गया. हमले में महिलाओं और बच्चों सहित सात नागरिकों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए. इस बीच बुधवार को इजराइल में चाकू से हमले में 6 लोग घायल हो गए.

इराकी ग्रुप ने मंगलवार को कहा कि इजराइल पर हमला 'फिलिस्तीन और लेबनान के लोगों के समर्थन में किया गया. बयान में कहा गया कि 'दुश्मन के गढ़ों' को निशाना बनान जारी रहेगा. हालांकि टारगेटेड लोकेशन के बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी गई और न ही किसी के हताहत की सूचना दी गई. इससे पहले दिन में, ग्रुप ने इजराइल में पांच जगहों पर ड्रोन और 'अल-अरकब अपग्रेडेड क्रूज मिसाइलों' से पांच हमले करने की जिम्मेदारी ली थी. पिछले साल अक्टूबर में गाजा पट्टी में इजराइली हमले शुरू होने के बाद से, इस ग्रुप ने गाजा में फिलिस्तीनियों के प्रति समर्थन जताने के लिए इजराइल और अमेरिकी ठिकानों पर कई हमले किए. ग्रुप ने हाल ही में इजराइल पर अपने हमलों को बढ़ा दिया क्योंकि यहूदी राष्ट्र ने लेबनान में हिजबुल्लाह पर अपने हमलों को तेज कर दिया है. इस बीच बुधवार को उत्तरी इजराइल में चाकू से किए गए हमले में छह लोग घायल हो गए. संदिग्ध हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है



### हिजबुल्लाह के दर्जनों कमांड सेंटर तबाह, एयर स्ट्राइक में 50 से ज्यादा आतंकवादियों की मौत

इस बीच, हिजबुल्लाह के खिलाफ इजराइली मिलिट्री ऑपरेशन लगातार जारी है. इजराइली सेना ने मंगलवार को दावा किया कि उसने लेबनान में हिजबुल्लाह के कई अंडरग्राउंड कमांड सेंटर पर हवाई हमले किए जिसमें 50 से अधिक आतंकवादी मारे गए. इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने मंगलवार को एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि एयर स्ट्राइक में हिजबुल्लाह के दक्षिणी फ्रंट के दर्जनों भूमिगत कमांड सेंटर को तबाह कर दिया गया. इन सेंटर्स में इजराइल के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करने वाले कमांडर तैनात थे. आईडीएफ ने कहा कि हिजबुल्लाह के दक्षिणी फ्रंट ने साउथ लेबनान में अंडरग्राउंड इंफ्रास्ट्रक्चर और कमांड सेंटर्स का एक 'व्यापक' नेटवर्क बनाया है. इस नेटवर्क का इस्तेमाल जमीनी लड़ाई के दौरान आईडीएफ सैनिकों पर अटैक करने और इजराइल में लोगों पर हमले करने के लिए किया जाता है. प्रवक्ता ने कहा कि हवाई हमलों में वह पूरा इलाका शामिल था, जहां हिजबुल्लाह का दक्षिणी फ्रंट, राडवान बलों के साथ मिलकर काम करता है. कुल मिलाकर, आईडीएफ ने पिछले 24 घंटों के दौरान दक्षिणी लेबनान में 125 से अधिक जगहों पर हमला किया. इजराइल के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, हिजबुल्लाह ने मंगलवार को सीमा पार 170 से अधिक रॉकेट दागे.

### दमिश्क में आवासीय इमारत पर इजराइली हवाई हमले में सात नागरिकों की हुई मौत, 11 घायल

वहीं दमिश्क के घनी आबादी वाले इलाके में मंगलवार रात को इजराइली एयर स्ट्राइक में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया गया. हमले में महिलाओं और बच्चों सहित सात नागरिकों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए. सीरियाई रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई. बयान में कहा गया कि स्थानीय समयानुसार रात करीब 8:15 बजे हुए इस हमले में इजराइल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स की दिशा से तीन मिसाइलें दागी गईं. इसमें यह भी कहा गया है कि हमले से आसपास के इलाके को काफी नुकसान पहुंचा. समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हवाई हमला शेख साद इलाके में एक 14 मंजिला इमारत पर हुआ, जो घनी आबादी वाले माजेह के मध्य में एक रेजिडेंशियल और कमर्शियल हब है. इमारत की तीन मंजिलों पर मिसाइलें आकर गिरीं. ये तीनों फ्लोर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए. यह शेख साद क्षेत्र में सीधे इजराइली हमले का पहला मामला है. सीरियाई विदेश मंत्रालय ने कड़ी निंदा करते हुए हमले को 'क्रूर अपराध' और अंतर्राष्ट्रीय कानून का 'गंभीर उल्लंघन' बताया.

### मिस्र, जॉर्डन और कतर ने की गाजा-लेबनान में इजराइली हमलों की निंदा

इस बीच, मिस्र और जॉर्डन ने गाजा और लेबनान में 'इजराइली हमलों' पर तत्काल रोक लगाने और संघर्ष के राजनीतिक समाधान की अपील की. वहीं कतर ने हिजबुल्लाह-इजराइल संघर्ष के बीच लेबनान के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया और इजराइली हमलों की निंदा की. मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती और जॉर्डन के उप प्रधानमंत्री तथा विदेश एवं प्रवासी मंत्री अयमान सफादी ने मंगलवार को काहिरा में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह टिप्पणी की. दोनों मंत्रियों ने बढ़ते क्षेत्रीय, राजनीतिक और सुरक्षा संकटों के समाधान पर चर्चा की. मिस्र और जॉर्डन के अन्य देशों के साथ संपर्कों की समीक्षा की, ताकि क्षेत्र को व्यापक क्षेत्रीय युद्ध में फंसने से रोका जा सके. अब्देलती ने कहा कि चर्चाओं में गाजा में युद्ध विराम तक पहुंचने, गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक पर ' 'क्रूर इजराइली हमले" को रोकने के लिए अरब कोशिशों को जारी रखने के महत्व पर जोर दिया गया. जॉर्डन के विदेश मंत्री ने कहा कि जॉर्डन गाजा और लेबनान पर इजराइली 'आक्रामकता' को समाप्त करने के लिए मिस्र के साथ काम करना जारी रखेगा. सफादी ने वेस्ट बैंक में 'उबलते हालात के प्रति चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वहां स्थिति विस्फोटक हो जाती है, तो यह और भी खतरनाक रूप ले लेगी. उन्होंने कहा कि देरी के लिए कोई जगह नहीं है और इजराइल को कानून से ऊपर नहीं होना चाहिए. इस बीच कतर की अंतर्राष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री लोलवा अल-खतर ने बढ़ते हिजबुल्लाह-इजराइल संघर्ष के बीच लेबनान के लिए कतर के समर्थन को व्यक्त किया. उन्होंने इजराइली हमलों की निंदा करने में अरबों के बीच एकता का आश्वासन दिया. अल-खतर ने प्रधानमंत्री नजीब मिकाती से मुलाकात की. खतर ने कहा कि कतर 1.2 मिलियन से अधिक विस्थापित लेबनानी मानवीय संकट को नियंत्रित करने के लिए मध्यम और दीर्घकालिक योजनाओं पर काम कर रहा है.

---

# अभ्यास को भारत में जुटीं अमेरिकी ऑस्ट्रेलियाई और जापानी नौसेनाएं

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारतीय नौसैनिक जहाज 'सतपुड़ा' पर बुधवार को बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास 'मालाबार 2024' का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया. भारतीय नौसेना के मुताबिक यह अभ्यास हार्बर और समुद्र दोनों स्तर पर दो अलग-अलग चरणों में आयोजित किया जा रहा है. इसमें लाइव हथियार फायरिंग, जटिल सतह, हवा-रोधी और पनडुब्बी-रोधी युद्ध सैनिक अभ्यास के साथ-साथ संयुक्त युद्धाभ्यास देखा जाएगा. यह अभ्यास विशाखापत्तनम में पूर्वी नौसेना कमान के तत्वावधान में हो रहा है. इस महत्वपूर्ण नौसैनिक समुद्री अभ्यास में भारत के साथ अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों की नौसेनाएं शामिल हैं. नौसेना ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि हाई-टेम्पो कार्यक्रम में लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान,



जेट विमान, अभिन्न हेलीकॉप्टर और पनडुब्बी संपत्तियों के साथ-साथ विध्वंसक, फ्रिगेट, कार्वेट और बेड़े समर्थित जहाजों की भागीदारी देखी जाएगी. यह अभ्यास, साझा उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण तालमेल स्थापित करने में विशेष रूप से मददगार होगा. यह अभ्यास, संयुक्त रूप से प्रशिक्षण और संचालन करने की क्षमता को और बढ़ाने के लिए समान विचारधारा वाले देशों को एक साथ लाता है.

### अमेरिका के फ्लोरिडा में सदी का सबसे बड़ा तूफान, लाखों लोगों को निकलने को कहा

**न्यूयॉर्क।** । अमेरिका के फ्लोरिडा में मिल्टन तूफान को लेकर चेतावनी जारी की गई है. मिल्टन बुधवार की रात को टैम्पा बे में दस्तक दे सकता है. यूएस नेशनल हरिकेन सेंटर के अनुसार मिल्टन तूफान टैम्पा बे के दक्षिण पश्चिम से करीब 485 किलोमीटर दूर है. इसको देखते हुए अधिकारियों ने लोगों को निकलने की चेतावनी दी है. यूएस नेशनल हरिकेन सेंटर ने मिल्टन तूफान को कैटेगरी-5 में रखा है. हरिकेन सेंटर ने बताया कि मिल्टन की गति 270 किलोमीटर प्रति घंटे है. वहीं टैम्पापुलिस ने कहा कि ये सदी का सबसे बड़ा तूफान है. अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि क्षेत्र खाली करने का समय आ गया है. मिल्टन तूफान से प्रभावित होने वाले लोग अधिकारिक निर्देश का पालन करें.

### बड़ी दुर्घटना टली, ग्वालियर में ट्रेन पलटने की साजिश हुई नाकाम, जांच में जुटी पुलिस

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में ट्रेन पलटने की साजिश रचने का मामला सामने आया है. यहां कुछ अज्ञात लोगों द्वारा लोहे की एक रॉड को रेलवे ट्रैक पर रख कर ट्रेन को डिरेल की कोशिश की गई. लेकिन, ट्रैक पर आ रही मालगाड़ी के ड्राइवर की सतर्कता से हादसा टल गया. सूचना मिलने पर जीआरपी और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची ट्रैक से रॉड को हटा कर ट्रैक क्लियर किया. अगर समय रहते इस रॉड को नहीं हटाया जाता, तो बड़ा हादसा हो सकता था. फिलहाल जीआरपी पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है. दरअसल, ग्वालियर जीआरपी पुलिस को मालगाड़ी के ड्राइवर ने सूचना दी थी कि बिरला नगर रेलवे स्टेशन पर एक लोहे की रॉड पड़ी हुई है.

# जापान में आम चुनाव को मंच तैयार पीएम ने निचले सदन को किया भंग

एजेंसी। टोक्यो

जापान में आम चुनाव के लिए मंच तैयार हो गया है. प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने संसद के निचले सदन को भंग कर दिया है. पीएम का लक्ष्य अपनी पार्टी के लिए बहुमत हासिल करना है. हालांकि उनके सामने चुनौतियां भी कम नहीं है. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आम चुनाव 27 अक्टूबर को होंगे जिसके लिए प्रचार अभियान 15 अक्टूबर से शुरू हो जाएगा.

इशिबा ने 27 सितंबर को सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के अध्यक्ष पद का चुनाव जीता था. 1 अक्टूबर को वह एलडीपी के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा नियंत्रित संसद में प्रधानमंत्री चुने गए. 2023 के अंत में एलडीपी के राजनीतिक फंड घोटाले के सामने आने के बाद यह पहला आम चुनाव होगा.



पिछले सप्ताह संसद में अपनी पहली पॉलिसी स्पीच में इशिबा ने कहा था कि कई घोटालों के बाद राजनीति में जनता का भरोसा बहाल करने के लिए काम करना होगा. जनता के आक्रोश को देखते हुए एलडीपी ने बुधवार को राजनीतिक निधि घोटाले में फंसे 12 सांसदों को आगामी चुनाव में आधिकारिक उम्मीदवार के रूप में समर्थन नहीं देने का निर्णय लिया.

---

**इंडिया अलायंस में बिखराव :** उद्धव का तंज और केजरीवाल की नसीहत, आम आदमी पार्टी ने कहा- वह दिल्ली में विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ेगी

# कांग्रेस को जीती पारी हारना आता है, साथी ही कसने लगे तंज, उप्र में अखिलेश का झटका

लगातार न्यूज नेटवर्क

हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद इंडिया ब्लॉक के सहयोगी अब खुल कर कांग्रेस के विरोध में आ गए हैं. सहयोगी दल तंज कसने लगे हैं कि कांग्रेस को जीती पारी हारना आता है. इंडिया ब्लॉक के दलों ने कांग्रेस को आत्ममंथन तक की सलाह दे डाली है. तो वहीं कांग्रेस को अगले ही दिन दो बड़े झटके भी लगे. पहले तो आम आदमी पार्टी ने साफ कर दिया कि वो दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव में अपने दम पर चुनाव लड़ेगी और किसी से गठबंधन नहीं करेंगे. वहीं, सपा ने भी यूपी उपचुनाव को लेकर उन सीटों पर भी अपने उम्मीदवारों के



नाम का ऐलान कर दिया जिसपर कांग्रेस दावा कर रही थी. आप की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा,हम दिल्ली चुनाव अकेले लड़ेंगे. एक तरफ ओवर कॉन्फिडेंट कांग्रेस है, तो दूसरी तरफ अहंकारी भाजपा है. हमने पिछले 10 सालों में दिल्ली में जो किया है, उसके आधार पर हम चुनाव लड़ेंगे.

उधर, हरियाणा के नतीजे आने के अगले ही दिन समाजवादी पार्टी ने भी उपचुनाव को लेकर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है. समाजवादी पार्टी ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की. इस लिस्ट में 6 उम्मीदवारों के नाम हैं. लिस्ट के मुताबिक, अखिलेश यादव की करहल सीट से तेज प्रताप यादव को टिकट मिला है. तेज प्रताप अखिलेश के चचेरे भाई हैं. वहीं, अयोध्या के मिल्कीपुर से अजीत प्रसाद को उम्मीदवार बनाया गया है. अजीत सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे हैं. इसके अलावा कानपुर की सीसामऊ से नसीम सोलंकी को सपा ने उम्मीदवार बनाया है. जबकि, प्रयागराज के फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी को टिकट दिया गया है. मिर्जापुर के मझंवा से डॉ. ज्योति बिंद को और अम्बेडकर नगर की कटेहरी से शोभावती वर्मा को टिकट मिला है. सपा ने छह में से चार सीटों पर पिछड़े और दलित उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि दो मुस्लिम चेहरे हैं. ये घोषणा इसलिए कांग्रेस को झटका है क्योंकि कांग्रेस और सपा में सीट समझौते को लेकर बातचीत चल रही थी.

### शिवसेना का कांग्रेस पर निशाना

शिवसेना ने सामना में लिखा कि हरियाणा की हार से महाराष्ट्र कांग्रेस को भी सीख लेने की जरूरत है. शिवसेना ने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा में आप या अन्य दलों से गठबंधन नहीं किया, जिसके चलते उसे हार का सामना करना पड़ा. जबकि जम्मू-कश्मीर में गठबंधन का फायदा दिखा. शिवसेना ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस को पता है कि जीत को हार में कैसे बदलना है. हरियाणा की हार कांग्रेस के ओवर कॉन्फिडेंस और राज्य नेतृत्व के अहंकार का नतीजा है.

### सीपीआई के सवाल

सीपीआई नेता डी राजा ने कहा, इंडिया गठबंधन ने एकसाथ चुनाव नहीं लड़ा, जिसका बीजेपी को फायदा हुआ. इंडिया दलों को सोचने की जरूरत है कि ऐसा क्यों हुआ. अगर साथ रहते तो बीजेपी की सरकार नहीं बनती. कांग्रेस को गंभीरता से विचार की जरूरत है.

### टीएमसी ने भी कांग्रेस को कोसा

टीएमसी सांसद साकेत गोखले ने कांग्रेस का नाम लिए बिना आलोचना करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि यह रवैया चुनाव में हार का कारण बना कि अगर हमें लगता है कि हम जीत रहे हैं तो हम किसी क्षेत्रीय पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे, लेकिन जिन राज्यों में हम पिछड़ रहे हैं, वहां क्षेत्रीय पार्टियों को हमें जगह देनी चाहिए. गोखले ने लिखा कि अहंकार और क्षेत्रीय दलों को नीची निगाह से देखना आपदा का कारण बनता है.

### हरियाणा में भाजपा हुई 50 पार

**नयी दिल्ली।** हरियाणा विस चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर लट्ठ गाड़ दी है. हरियाणा में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही भाजपा को इस बार 48 सीटों पर जीत मिली, जबकि कांग्रेस को 37 सीटों से ही संतोष करना पड़ा. अब नतीजों के बाद तीनों निर्दलीय विधायक- देवेंद्र कादयान, राजेश जून और सावित्री जिंदल ने भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया है. इस तरह हरियाणा में भाजपा की ताकत 51 की हो गई है.


मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)